राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



झारखंड विधानसभा की सरकारी आश्वासन समिति ने अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो को तीन महत्वपूर्ण रिपोर्ट सौंपी

• बोकारो, गुरुवार 13 अगस्त 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 88 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित

## सपरिवार निजी दौरे पर बोकारो पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन, सुरक्षा कड़ी



सीएम का स्वागत करते डीसी अजय नाथ झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार अपने पूरे परिवार के साथ हवाई मार्ग से बोकारो एयरपोर्ट पहुंचे जहां से वो कोऑपरेटिव कॉलोनी स्थित दंता क्लिनिक में अपने दांतों का इलाज करवाने पहुंचे। मुख्यमंत्री के आने की सूचना पर पूरा जिला प्रशासन एयरपोर्ट की सुरक्षा एवं स्वागत को लेकर अलर्ट दिखाई दिया। बोकारो हवाई अड्डे पर आईजी, डीसी और एसपी ने उनका स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। इससे पहले भी हेमंत सोरेन दांतों का इलाज कराने सड़क मार्ग से बोकारो आ चुके हैं। एक अंतराल के बाद वह बुधवार को फिर बोकारो पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन और बच्चे भी बोकारो पहुंचे। उनके आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इसके पहले भी जब मुख्यमंत्री व्यक्तिगत कार्यक्रम में इस डेंटिस्ट के पास पहुंचे थे तो मीडिया को इस कार्यक्रम से दूर रखा गया था। इस बार भी मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन की तरफ से कोई सूचना नहीं दी गई और मुख्यमंत्री के इस निजी कार्यक्रम से मीडियाकर्मियों को दूर रखा गया।

### हेमंत सरकार में शामिल कांग्रेस कोटे के मंत्रियों ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर केंद्र और भाजपा से किया सवाल

# छात्रों की समस्या और उनकी मांगों पर सरकार गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में चल रहे छात्र आंदोलन के जरिए अब राजनीतिक संग्राम छिड़ गई है। छात्र के साथ-साथ अब विपक्ष भी सरकार को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इस बीच झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को हेमंत सरकार में शामिल कांग्रेस कोटे के चारों मंत्रियों ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने संवाददाता सम्मेलन कर केंद्र सरकार और भाजपा पर छात्रों के नाम पर गंदी राजनीति करने का आरोप लगाया। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने देश में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों को लेकर केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि शिक्षा माफियाओं को बचाने के लिए बीजेपी जानबूझ कर सीबीआइ जांच का दांव खेलना चाहती है जबकि इतिहास गवाह है कि उसने जांच के नाम पर मामलों को लटकाने के सिवाय कुछ भी नहीं किया। ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि 2015 से लेकर अब तक देश में 152 पेपर लीक की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जो देश की



परीक्षा व्यवस्था की गंभीर स्थिति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अब तक कम से कम 17 परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों की जांच सीबीआइ को सौंपी गई लेकिन 2015 के बाद जांच में अब तक एक भी मामले में दोषसिद्ध नहीं हुआ। इसका मतलब सीबीआइ जांच का नतीजा शून्य है। उन्होंने कहा कि सीबीआइ ने नीट यूजी, यूजीसी-नेट 2024, एसएससी सीजीएल 2017, जी मेन 2021, डब्लूबी एसएससी 2016, एचपी पुलिस कांस्टेबल 2022, आर्मी सीइइ 2017 और कर्नाटक पीएसआइ 2021 सहित कम से कम नौ अन्य परीक्षा गड़बड़ी के मामलों की जांच की। नीट-यूजी 2024 मामले में सीबीआइ 90 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल करने की समय-सीमा से चूक गई जिसके चलते मुख्य आरोपी को डिफॉल्ट जमानत मिलने का अवसर मिला। वहीं यूजीसी-नेट2024 में कथित पेपर लीक की जांच के बाद सीबीआइ ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल करते हुए कहा कि संबंधित सबूत एक छेड़छाड़ किया हुआ स्क्रीनशॉट था। उन्होंने यह भी कहा कि जुलाई 2026 में जिस फास्ट-ट्रैक कोर्ट को लेकर खूब प्रचार किया गया, उसके पहले ही दिन सीबीआइ का वकील अदालत में उपस्थित नहीं हुआ। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि 2015 से अब तक इन सभी मामलों में केवल एक दोषसिद्धि हुई है, जो हरियाणा न्यायिक सेवा 2017 का मामला है। इस मामले में फैसला अगस्त 2024 में दिल्ली की एक अदालत ने सुनाया था जबकि इसकी जांच सीबीआइ ने नहीं बल्कि चंडीगढ़ एसआइटी ने की थी। झारखंड में गठबंधन सरकार द्वारा परीक्षा में गड़बड़ी के खिलाफ कार्रवाई शुरू किए जाने के बाद छात्रों का आंदोलन सामने आया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा इस आंदोलन को राजनीतिक हवा देने और सीबीआइ के नाम पर वास्तविक गड़बड़ियों को छिपाने का प्रयास कर रही है। मंत्री ने बताया कि मामले में अब तक करीब 20 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। राहुल गांधी को लेकर भाजपा की राजनीति पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि जो कल तक राहुल गांधी कौन कहते थे, उनके सपने में सुबह-शाम राहुल गांधी ही आ रहे हैं। उनके खिलाफ फैलाया जा रहा षड्यंत्र अब ताश के पत्तों की तरह भरभरा चुका है। दीपिका पांडेय ने कहा कि जंतर-मंतर और रांची के छात्र आंदोलन के बीच बहुत बड़ा अंतर है। रांची में जंतर-मंतर की तरह छात्रों (शेष पृष्ठ 4 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### साढ़े तीन लाख सीएफटी अवैध बालू जब्त

**सरायकेला(नबिटा ब्यूरो)।** खरसावां जिले में खनिजों के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में खनन विभाग की टीम ने इचागढ़ थाना क्षेत्र के सोरों में छापेमारी कर करीब 3.50 लाख सीएफटी अवैध बालू का स्टॉक जब्त किया है। यह कार्रवाई डीसी नीतिश कुमार सिंह के निर्देश पर खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथि के नेतृत्व में की गई। जब्त बालू को आगे की कार्रवाई के लिए इचागढ़ थाना को सौंप दिया गया।

### रांची विधानसभा घेराव मामले में प्राथमिकी

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** जेपीएससी परीक्षाओं की सीबीआई जांच की मांग को लेकर विधानसभा घेराव के दौरान छात्रों और पुलिस के बीच हुई झड़प के मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने करीब 100 लोगों को नामजद करते हुए 500 अज्ञात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने सरकारी काम में बाधा डाला, पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की और पथराव किया। पुलिस के अनुसार पथराव में कई पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं।

### वज्रपात की चपेट में आने से दो की मौत

**गढ़वा(नबिटा ब्यूरो)।** सदर थाना क्षेत्र के बलीगढ़ गांव में हल्की बारिश के दौरान हुए वज्रपात की चपेट में आने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। मृतकों में बलीगढ़ गांव निवासी मजीद खान के पुत्र आशिक खान और कमसी भुइयां के पुत्र राजू भुइयां शामिल हैं। वहीं मजीद खान के पुत्र वशी खान घायल हुए हैं। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि तीनों अपने घर से दूर चेरी पोखर में बकरी चराने गए थे। इसी दौरान बारिश के बीच अचानक वज्रपात हुआ और तीनों उसकी चपेट में आ गए।

### ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** चतरा पुलिस ने नशे के काले कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कुख्यात तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लगभग दो-तीन लाख रुपये मूल्य की ब्राउन शुगर बरामद की गई है। गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान कुंजरटोली निवासी मो. राजा उर्फ तालिम और असढीया निवासी आदित्य कुमार यादव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए दोनों तस्करों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है और पुलिस लंबे समय से उनकी गतिविधियों पर नजर रख रही थी।

## भूख हड़ताल कर रहे चार छात्रों की हालत स्थिर

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड में प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर हुआ छात्र आंदोलन देशभर में चर्चा के केंद्र में बना हुआ है। भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में भूख हड़ताल कर रहे चार छात्र रांची के सदर अस्पताल में भर्ती हैं। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि चारों छात्रों की स्वास्थ्य स्थिति स्थिर है। डॉक्टर नियमित रूप से उनकी जांच और स्वास्थ्य की निगरानी कर रहे हैं। जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म्स मंच की कोर कमेटी के एक सदस्य ने बताया कि भूख हड़ताल कर रहीं हबीबा और राहुल क्रांति का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। हबीबा को मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था जबकि राहुल क्रांति को सात अगस्त को अस्पताल लाया गया था। वहीं देवेंद्र नाथ महतो और महेंद्र प्रताप भी भूख हड़ताल पर हैं और इसी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। दोनों जेएसएससी-छात्र मंच के बैनर तले आंदोलन कर रहे हैं।

## भाजपा सांसदों ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में विधानसभा घेराव के दौरान हुए जेपीएससी छात्रों पर लाठीचार्ज ने अब राजनीतिक रूप ले लिया है। बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू के नेतृत्व में संसद भवन परिसर में भाजपा सांसदों ने जमकर नारेबाजी की। भाजपा सांसदों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विरोध में जमकर नारे लगाए और छात्रों के साथ हुए बर्बरतापूर्ण कार्रवाई व लाठीचार्ज पर राहुल गांधी एवं कांग्रेस की चुप्पी पर जमकर निशाना साधा। संसद भवन परिसर में भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहू ने मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में कांग्रेस के समर्थन से सरकार चल रही है और छात्रों के आंदोलन पर राहुल गांधी चुप हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब 10 अगस्त को छात्र विधानसभा का घेराव करने जा रहे थे, उस दौरान राहुल गांधी के इशारे पर लाठीचार्ज किया गया। उन्होंने कहा कि छात्रों के ऊपर जिस तरह से लाठियां बरसाई गई




हैं और कार्रवाई हुई उसके विरोध में छात्रों की नाराजगी बढ़ी हुई है। उनकी एक ही मांग है जिन परीक्षाओं में गड़बड़ियां हुई हैं, उसकी सीबीआई से जांच हो। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर कांग्रेस का मुंह बंद है, राहुल गांधी, खड़गे जी सब चुप्पी साधे बैठे हैं। कंग्रेस की यह दोहरी नीति नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में राहुल गांधी प्रधानमंत्री के आवास पर जाने का काम करते हैं और झारखंड में उनके मुंह पर ताला लगा हुआ है, आखिर ऐसा क्यों है इसे स्पष्ट करना चाहिए। अगर राहुल गांधी में दम है तो वहां जाकर छात्रों से बात करें और मुख्यमंत्री से बात करें। राहुल गांधी को झारखंड सरकार से बात करनी चाहिए कि आखिर 20 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे लाखों छात्रों का क्या होगा। उन्होंने कहा कि रांची के डीसी-एसपी रात में जाकर बिजली काटने का काम करते हैं और बच्चों को डराने का काम करते हैं। मैं रांची डीसी-एसपी को साफ शब्दों में कहना चाहता हूं कि आप सरकार का एजेंट मत बनिए। यदि छात्रों को कुछ भी होगा तो अभी एक दिन झारखंड बंद हुआ है, आवश्यकता पड़ेगी तो जनता के साथ-साथ भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन झारखंड बंद करने का काम करेगा।

## जेपीएससी-जेएसएससी गड़बड़ी मामले में सीआइडी की टीम ने की छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी के मामले में बुधवार को सीआईडी की टीम ने पलामू में छापेमारी की। सीआईडी की टीम वारंट लेकर पलामू में दो शिक्षकों के गिरफ्तारी के लिए पहुंची थी लेकिन दोनों शिक्षक घर पर मौजूद नहीं थे। छापेमारी में सीआईडी के पदाधिकारियों के साथ पलामू पुलिस की टीम भी शामिल रही। दरअसल तीन अगस्त को पलामू के मेदिनीनगर और नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में जेपीएससी में कथित गड़बड़ी के मामले में सीआईडी और पलामू पुलिस की एक संयुक्त टीम ने छापेमारी की थी। नौडीहा बाजार के रहने वाले सरकारी शिक्षक संतोष कुमार सिंह और मेदिनीनगर के हनुमान नगर में रहने वाले शिक्षक रविशंकर कुमार के घर पर छापेमारी हुई थी। इस दौरान सीआईडी और पुलिस ने दोनों शिक्षकों के घरों से कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी जब्त की थी और कई महत्वपूर्ण कागजात को बरामद किया था। मेदिनीनगर टाउन थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार के अनुसार बुधवार को सीआईडी और पलामू पुलिस की टीम ने संतोष कुमार सिंह और रविशंकर कुमार के घर पर वारंट लेकर पहुंची थी। शिक्षक संतोष कुमार सिंह के मेदिनीनगर के हमीदगंज मोहल्ला स्थित आवास पर भी टीम पहुंची थी। दोनों शिक्षक फरार चल रहे हैं। दोनों के संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। मेदिनीनगर टाउन थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार ने सीआईडी की इस कार्रवाई की पुष्टि की है और बताया कि कार्रवाई में पलामू पुलिस ने सहयोग किया है।

## पुलिस और व्यवसायी के घर से लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पाकुड़।** शहरी क्षेत्र के कई मोहल्ले में पुलिस और व्यवसायी के घर में अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये की चोरी बीती रात की है। चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोर मौके से फरार हो गया है। बुधवार की सुबह जब नगर थाना की पुलिस को सूचना मिली तो थाना प्रभारी दलबल के साथ पहुंचे और चोरी की घटना की जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक बड़ी अलीगंज स्थित एक सेवानिवृत डीएसपी एलबी राम के मकान में किरायेदार संजय कुमार भगत के घर खिड़की काटकर चोर घुसा था। जिसके बाद घर में रखे कीमती सामान चोरी कर फरार हो गया। चोरी को लेकर किरायेदार दीपा कुमारी ने कहा कि घर में रखे सोने का नेकलेस, मंगलसूत्र, अंगूठी, चेन और 10 ग्राम सोने का टुकड़ा एवं नगद चोरी हुई है। वहीं पाकुड़ एसपी के आवास में पदस्थापित जवान निसार अहमद के मधपाड़ा स्थित मकान से एक सोने की चेन एवं नगद की चोरी हुई है। घटना को लेकर निसार अहमद ने बताया कि वह ड्यूटी में था। जब देर रात घर लौटा तो लगभग आधा दर्जन अज्ञात चोर घर के दरवाजे पर बोलबम के ड्रेस में मौजूद थे। पूछने पर चोर उसपर गुलेल से हमला कर फरार हो गए। इसके अलावा शहर के मुख्य डाकघर के निकट अधिवक्ता के मकान में चोरी करने का प्रयास किया गया। लेकिन चोरों को यहां कोई सफलता नहीं मिली। जानकारी के मुताबिक व्यवसायी संजय कुमार भगत अपना पैतृक घर अमड़ापाड़ा परिजनों के साथ गये थे और सरला कॉलोनी स्थित मकान में कोई नहीं था। जबकि पुलिस जवान निसार अहमत एसपी आवास पर ड्यूटी में थे। इस मामले में नगर थाना की पुलिस अवर निरीक्षक सुरेंद्र कुमार मोची ने बताया कि एक मकान में चोरी की सूचना थाने में मिली थी और पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि जिस मकान में चोरी की घटना घटी है, उसको लेकर थाने में कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। इधर पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार घटना स्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं।

## डीआइजी ने डीएसपी समेत चार सब इंस्पेक्टरों को किया शो कॉज


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** आर्म्स एक्ट और फायरिंग के मामलों में अनुसंधान में लापरवाही बरतने पर पलामू रेंज के डीआईजी किशोर कौशल ने बड़ी कार्रवाई की है। डीआईजी ने मामलों में एक डीएसपी और चार सब इंस्पेक्टर को शोकॉज किया है। दरअसल डीआईजी किशोर कौशल पलामू के मेदिनीनगर टाउन, मेदिनीनगर सदर और चैनपुर थाना में दर्ज आर्म्स एक्ट के मामलों की समीक्षा कर रहे थे जिसमें फायरिंग की घटना हुई थी। मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के पांच, सदर थाना क्षेत्र में तीन और चैनपुर थाना क्षेत्र में तीन मामलो की फायरिंग की घटनाओं की समीक्षा की गई थी। अधिकतर मामले सुजीत सिन्हा गिरोह से जुड़े थे। समीक्षा के क्रम में पाया गया की कई कांडों में अपराधी नहीं पकड़े गए हैं और दर्ज मामलों के अनुसंधान में लापरवाही बरती गई है। वहीं कई मुकदमों की समीक्षा में पाया गया कि मुख्य अपराधी पकड़े गए हैं लेकिन घटना में शामिल अन्य लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मुकदमों के अनुसंधान में लापरवाही बरतने के मामले में सदर थाना में तैनात रहे सब इंस्पेक्टर कौलेश्वर प्रसाद, टाउन थाना में तैनात रहे सब इंस्पेक्टर और वर्तमान में हैदरनगर थाना प्रभारी तंजीलूल मन्नान, टाउन थाना में तैनात रहे सब इंस्पेक्टर सह वर्तमान में किशनपुर ओपी के प्रभारी चंद्रशेखर यादव, टाउन थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर सुबोध कुमार से डीआईजी ने स्पष्टीकरण पूछा है। डीआईजी ने समीक्षा में यह पाया कि जेल से बाहर निकलने वाले अपराधियों पर मॉनिटरिंग सही से नहीं हो रही थी। जबकि गंभीर अपराध से जुड़े अपराधियों के खिलाफ सीसीए का प्रस्ताव नहीं भेजा जा रहा था। कई ऐसे मुकदमे थे जिनका प्रतिवेदन डीएसपी स्तर से कई महीनों से लंबित था। डीआईजी किशोर कौशल ने बताया कि समीक्षा के क्रम मुकदमों के अनुसंधान में लापरवाही पकड़ी गई है। जिसके बाद शोकॉज किया गया है। डीआईजी ने कहा कि सभी मामले आर्म्स एक्ट से जुड़े हुए थे। जिसमें फायरिंग की घटना हुई थी। एसडीपीओ को मुकदमा के प्रतिवेदन को लेकर कई दिनों पर दिशा निर्देश जारी किया गया है।

## स्वतंत्रता दिवस पर झारखंड पुलिस के 29 अधिकारी-कर्मियों को मिलेंगे पदक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** स्वतंत्रता दिवस झारखंड पुलिस के लिए इस बार भी गौरव का अवसर लेकर आ रहा है। 15 अगस्त 2026 को राज्य के उन पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने अपनी वीरता, विशिष्ट सेवा और सराहनीय सेवा के जरिए पुलिस विभाग का गौरव बढ़ाया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी सूची में कुल 29 अधिकारी-कर्मियों के नाम शामिल हैं। इनमें राष्ट्रपति पदक, वीरता पदक और सराहनीय सेवा पदक पाने वाले पुलिसकर्मी शामिल हैं। विशिष्ट सेवा के लिए दिए जाने वाले राष्ट्रपति पदक (घ्ष्व्र) के लिए अवर निरीक्षक कैलाश प्रसाद श्रेष्ठ का चयन किया गया है। वर्तमान में वह झारखंड सशस्त्र पुलिस बल-1, रांची में पदस्थ हैं। उन्हें यह सम्मान विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाएगा। वीरता के लिए पदक पाने वालों में लातेहार और जामताड़ा में तैनात पांच पुलिसकर्मी शामिल हैं। इनमें विनय कुमार, प्रमोद कुमार राय, आरक्षी/175 पेद प्रकाश महतो, रामचन्द्र कुमार महतो और आरक्षी कृष्णा मुर्मू के नाम शामिल हैं। सबसे अधिक संख्या सराहनीय सेवा पदक पाने वालों की है। इस श्रेणी में 23 पुलिस अधिकारी-कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें पुलिस महानिरीक्षक स्तर से लेकर पुलिसकर्मी तक शामिल हैं। सराहनीय सेवा पदक पाने वालों में आईपीएस डॉ माइकलराज एस, आईपीएस अन्नपू विजायलक्ष्मी, आईपीएस अनुरंजन किस्पोट्टा शामिल है। इसके अलावा नीरज कुमार, अरुण कुमार, अरविंद कुमार पालित, वाशिष्ट कुंवर, संजय कुमार झा, विजय कुमार, मो इरफान, द्वारका मंडल, मानती खलखो, प्रभा देवी, मनोज कुमार राय, असीत कुमार मोदी, दीपक मुंडा, महेंद्र महतो, हवलदार विजय थापा, रंजिता कुजूर, विदेशी मांझी, अजय कुमार दुबे, पूजा अंडा और दीपक कुमार सिंह शामिल हैं। ये अफसर और कर्मी पुलिस मुख्यालय, एटीएस, एसटीएफ, विशेष शाखा, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखंड सशस्त्र पुलिस बल, संचार एवं तकनीकी सेवाएं तथा रांची, गढ़वा, चतरा, गुमला और अन्य स्थानों पर तैनात हैं। पुलिस मुख्यालय ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि पदक प्राप्त करने वाले अधिकारी और कर्मी 13 अगस्त 2026 की अपराह्न तक वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची के समक्ष रिपोर्ट करें। यदि किसी अधिकारी या कर्मी का इस बीच स्थानांतरण या पदस्थापन हो गया है, तो संबंधित वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक या नियंत्रक पदाधिकारी को इसकी सूचना पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। स्वतंत्रता दिवस के अलंकरण समारोह को लेकर भी पुलिस मुख्यालय ने ड्रेस कोड तय किया है। अवर निरीक्षक स्तर से ऊपर के पुलिस पदाधिकारी सिरोमिनल ड्रेस, पीक कैप, सम ब्राउन और क्रॉस बेल्ट के साथ पदक धारण कर समारोह में शामिल होंगे। वहीं अन्य पुलिस पदाधिकारी और कर्मी प्रोपर वर्किंग यनिफार्म में अपने प्राप्त पदक धारण कर उपस्थित रहेंगे। स्वतंत्रता दिवस पर मिलने वाले ये पदक सिर्फ सम्मान नहीं, बल्कि कर्तव्य के प्रति समर्पण, साहस और उत्कृष्ट पुलिस सेवा की पहचान हैं।



# अरविंद कुमार सिंह बने अध्यक्ष, अंजू देवी उपाध्यक्ष व अस्मिता देवी संयोजिका

**अभिभावकों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में सम्पन्न हुई चुनाव प्रक्रिया, विद्यालय के सर्वांगीण विकास को लेकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने जताई प्रतिबद्धता**



**चौपारण हजारीबाग, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय इंगुनिया में विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव बुधवार को शांतिपूर्ण एवं निर्धारित प्रक्रिया के तहत सम्पन्न हुआ। चुनाव में पत्रकार अरविंद कुमार सिंह को अध्यक्ष, अंजू देवी को उपाध्यक्ष तथा अस्मिता देवी को संयोजिका चुना गया।

चुनाव की प्रक्रिया पर्यवेक्षक प्रदीप यादव की देखरेख में सम्पन्न हुई। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों एवं ग्रामीणों को चुनाव की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। इसके बाद सभाध्यक्ष महेश सिंह की स्वीकृति के पश्चात चुनाव की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। इस दौरान प्रधानाचार्य सुनील कुमार, शिक्षक प्रदीप कुमार सहित रामानंद पांडेय, राज किशोर शर्मा, मृत्युंजय सिंह, धनंनजय सिंह, अमल किशोर सिंह, सुदामा सिंह, उपेन्द्र रविदास, निर्मल रविदास, शंकर भुइयां, अनूप सिंह, अंकित सिंह, प्रभु सिंह, मदन चंद्रवंशी, अकल भुइयां सहित सैकड़ों महिला-पुरुष अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के रूप में राकेश सिंह, राजीव रंजन, बीरू रविदास, निर्मल रविदास, संगीता देवी, सुभाष पासवान, गुड़िया देवी, निर्मला देवी, मुनि पांडेय, मनजीत सिंह एवं मुकेश सहित कुल 19 सदस्यों का चयन किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष पत्रकार अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय क्षेत्र के बच्चों के भविष्य निर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र है। विद्यालय के शैक्षणिक एवं भौतिक विकास के लिए समिति सक्रिय रूप से कार्य करेगी।

उन्होंने कहा कि बेहतर शैक्षणिक वातावरण, मूलभूत सुविधाओं में सुधार, स्वच्छता, खेलकूद एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए शिक्षकों, अभिभावकों और ग्रामीणों के सहयोग से विद्यालय को बेहतर एवं आदर्श शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जाएगा।

## गुमला में फर्जी नंबर लगाकर बुलेट चला रहा युवक पुलिस के हत्थे चढ़ा

**गुमला, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बुलेट बाइक चलाने के आरोप में सिसई थाना क्षेत्र के पोड़हा निवासी प्रियांशु कुमार को पकड़ा है। पुलिस उसके पास से बरामद बुलेट बाइक की जांच करने के साथ ही उससे पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक बुलेट बाइक में फर्जी नंबर लगाकर उसका इस्तेमाल कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रियांशु कुमार को पकड़ा. जांच के दौरान बाइक में लगा नंबर संदिग्ध पाया गया। पुलिस युवक से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि उसने बाइक में फर्जी नंबर क्यों लगाया था और इस बाइक का वास्तविक नंबर क्या है।

पुलिस बाइक के कागजात और नंबर प्लेट की भी जांच कर रही है. मामले में जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विभावि में पुस्तकालय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**कुलपति ने विद्यार्थियों से पुस्तकालय में अधिक समय बिताने का किया आह्वान**



**हजारीबाग, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय पुस्तकालय अध्यक्ष दिवस के अवसर पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग की ओर से बुधवार को आर्यभट्ट सभागार में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पुस्तकालय विज्ञान के प्रणेता डॉ. एस. आर. रंगनाथन के छायाचित्र पर पुष्पार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई।

समारोह के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चंद्र भूषण शर्मा ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में पुस्तक और पुस्तकालय की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बदलते दौर में ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे परिवर्तनों तथा पुस्तकालय के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से अधिक से अधिक समय पुस्तकालय में बिताने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि निकट भविष्य में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (इलव) के पुस्तकालय का शैक्षणिक परिभ्रमण कराया जाएगा। छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ. विकास कुमार ने पुस्तकालयों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और बदलते परिवेश पर चर्चा करते हुए जीवन में पुस्तकों की महत्ता बताई। कुलसचिव सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने अपने अध्ययन काल के अनुभव साझा करते हुए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष एवं कर्मियों की भूमिका का उल्लेख किया। कार्यक्रम में डॉ. सुकल्याण मोइत्रा, डॉ. विनोद कुमार, अरविंद नाथ सिंह चौधरी एवं मोहम्मद अरशद आलम ने भी अपने विचार रखे। पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के निदेशक डॉ. विनोद रंजन ने पुस्तक और पुस्तकालय की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए बदलते समय के साथ पुस्तकालयों के स्वरूप को समझने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर ह्लएआई के दौर में पुस्तकालय की प्रासंगिकता विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## बाइक सवार को बचाने में डिवाइडर से टकराई बस, खलासी गंभीर रूप से घायल

**गुमला, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रांची मुख्य मार्ग पर भरदा के समीप सुबह को बाइक सवार को बचाने के प्रयास में एक बस डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बस का खलासी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान डुमरी थाना क्षेत्र के आकाशी गांव निवासी 29 वर्षीय अब्राहम एक्का के रूप में हुई है। उसके सिर में गंभीर चोट लगी है, जबकि एक आंख भी बुरी तरह प्रभावित हुई है. जानकारी के अनुसार, शिवानी नामक बस मंगलवार की सुबह रांची से गुमला की ओर आ रही थी। इसी क्रम में भरदा के पास अचानक सामने से एक बाइक सवार आ गया। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में चालक ने बस को दूसरी दिशा में मोड़ा, लेकिन बस अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से जा टकराई।

# मुखिया देवकी महतो ने छात्र-छात्राओं के बीच वितरित की खेल सामग्री

**बच्चों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित करना जरूरी, खेल सिखाता है अनुशासन : देवकी महतो**



**चुरचू हजारीबाग, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को हजारीबाग जिला मुखिया संघ की उपाध्यक्ष सह चुरचू प्रखंड मुखिया संघ की अध्यक्ष एवं बहेरा पंचायत की मुखिया देवकी महतो ने अपने स्तर से उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहेरा के छात्र-छात्राओं के बीच खेल सामग्री का वितरण किया।

इस दौरान छात्र-छात्राओं को फुटबॉल, फुटबॉल बूट, वॉलीबॉल, नेट, खेल पोशाक सहित अन्य खेल सामग्री उपलब्ध कराई गई। सामग्री वितरण करते हुए मुखिया देवकी महतो ने कहा कि बच्चों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित करना अत्यंत आवश्यक है। खेल न केवल बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक है, बल्कि जीवन में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी सिखाता है।

उन्होंने छात्र-छात्राओं से अनुशासन के साथ खेल खेलने तथा खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शुभंकर मिश्रा, भीमसेन टुडू, गणेश प्रजापति सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सो रहे थे परिवार के सदस्य, अचानक जंगली हाथी ने ढाहा घर

**लापुंग (खूंटी), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लापुंग के दाढ़ी तेतर टोली में मंगलवार की सुबह करीब चार बजे एक जंगली हाथी ने बिरसा हेरेंज के घर की दीवार ढहा दी। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य घर के अंदर सो रहे थे। अचानक हाथी के धक्के से मिट्टी की दीवार भरभराकर गिर गयी. दीवार गिरने की तेज आवाज सुनकर परिवार के लोग जाग गये और डर के मारे घर के एक कोने में दुबककर अपनी जान बचाई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे. ग्रामीणों ने शोर मचाकर हाथी को वहां से भगाने का प्रयास किया. ग्रामीणों के हो-हल्ला करने पर हाथी जंगल की ओर भाग गया. इसके बाद परिवार के लोगों ने राहत की सांस ली।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत विद्यार्थियों के बीच बांटे गए 200 राष्ट्रीय ध्वज




**हजारीबाग, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल), एनटीपीसी पतरातू के तत्वावधान में 9 अगस्त से 17 अगस्त तक ह्लहर घर तिरंगा अभियानह्व चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव एवं तिरंगे के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

अभियान का औपचारिक शुभारंभ 9 अगस्त को किया गया। इसमें एनटीपीसी के कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के साथ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर टाउनशिप में प्रभात फेरी निकाली गई तथा लोगों के बीच राष्ट्रीय ध्वज का वितरण किया गया। वहीं, टाउनशिप में स्थापित प्रकाश उत्सर्जक डायोड (एलईडी) स्क्रीन के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान से जुड़े संदेश प्रदर्शित कर लोगों को जागरूक किया गया।

इसी क्रम में 12 अगस्त को पीवीयूएनएल की ओर से अभियान को आसपास के समुदायों एवं विद्यालयों तक पहुंचाया गया। एसएस उच्च विद्यालय, पतरातू में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के बीच 200 राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए गए। देशभक्ति गीत, नारे, कविताएं, शायरी एवं भाषण के माध्यम से विद्यार्थियों को अभियान के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लगभग 20 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने के लिए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों को उपहार एवं राष्ट्रीय ध्वज प्रदान किए गए। विद्यार्थियों को अपने-अपने घरों में गर्व के साथ तिरंगा फहराने तथा राष्ट्रभक्ति का संदेश आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

विद्यालय में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में पीवीयूएनएल के मानव संसाधन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा कार्यक्रम के आयोजन एवं संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पीवीयूएनएल की इन गतिविधियों के माध्यम से कर्मचारियों, उनके परिवारों, सीआईएसएफ कर्मियों, विद्यार्थियों एवं आसपास के समुदायों को ह्लहर घर तिरंगाह्व अभियान से जोड़ते हुए देशभक्ति, एकता एवं राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान का संदेश दिया गया।

## विश्व युवा दिवस पर बाल विवाह बाल तस्करी के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम

**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व युवा दिवस के अवसर पर जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के सहयोगी संगठन बनवासी विकास आश्रम गिरिडीह की ओर से बगोदर प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बगोदर में छात्राओं के साथ विशेष कार्यक्रम हुआ इसमें शिक्षा बाल अधिकार बाल विवाह और बाल तस्करी के प्रति जागरूक किया गया कार्यक्रम के बाद छात्राओं ने जागरूकता रैली भी निकाली वहीं पंचायत सचिवालय कैलिबाद में ग्रामीण महिलाओं और युवाओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया इसमें बाल विवाह बाल मजदूरी बाल तस्करी तथा सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। बच्चों के अधिकारों की रक्षा और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ सामूहिक प्रयास का आह्वान किया गया कार्यक्रम के अंत में महिलाओं और युवाओं को बाल विवाह बाल मजदूरी एवं बाल तस्करी के खिलाफ जागरूकता फैलाने तथा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की शपथ दिलाई गई बाल अधिकार कार्यकर्ता सुरेश कुमार शक्ति ने कहा कि युवाओं और समुदाय की सक्रिय भागीदारी से बाल विवाह बाल तस्करी और बाल मजदूरी जैसी समस्याओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है उन्होंने पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जागरूकता और सहयोग जारी रखने की बात कही कार्यक्रम में भागीरथी देवी रूपा कुमारी और उत्तम कुमार की भूमिका सराहनीय रही

# कार्मेल स्कूल की छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**लेडी सिंघम किरण सेठी ने दिया सुरक्षा का प्रशिक्षण**



**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज के दौर में बेटियों की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को लेकर जागरूकता बढ़ाना बेहद जरूरी है इसी उद्देश्य से इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह पर्ल्स एवं रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह के संयुक्त तत्वावधान में कार्मेल स्कूल के सीनियर विंग में सेल्फ डिफेंस अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया कार्यक्रम में कक्षा 8वीं 9वीं और 10वीं की छात्राओं को दिल्ली पुलिस की सब इंस्पेक्टर एवं चर्चित लेडी सिंघम किरण सेठी ने आत्मरक्षा के व्यावहारिक तरीके सिखाए उन्होंने छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में सतर्क रहने आत्मविश्वास के साथ स्थिति का सामना करने और स्वयं को सुरक्षित रखने की तकनीकों की जानकारी दी साथ ही सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों और आपातकालीन हेल्पलाइन के बारे में भी बताया इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन की प्रेसिडेंट राखी झुनझुनवाला ने कहा कि आज के समय में सेल्फ डिफेंस हर लड़की के लिए सिर्फ एक हुनर नहीं बल्कि सुरक्षा और आत्मविश्वास की आवश्यकता है कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों को निडर होकर आगे बढ़ने और जरूरत पड़ने पर अपनी सुरक्षा के लिए सक्षम बनाना है कार्यक्रम में कार्मेल स्कूल की प्राचार्या सिस्टर ट्रेसिल्डा प्रोजेक्ट चेयर रोटेरियन पूरन सहाय पास्ट डीजीपी शिवप्रकाश बगड़िया ए.पी. रवी चूड़ीवाला सनशाइन की प्रेसिडेंट राखी झुनझुनवाला सेक्रेटरी संगीता सिन्हा आईपीपी कविता राजगढ़िया सीजीआर सोनाली तारवे वाइस प्रेसिडेंट स्मृति आनंद आईएसओ नमिता जमुआर सहित सदस्य विभूति रंजना तनुजा सहाय और मनीषा कपिश्वे मौजूद रहीं।

## गादी श्रीरामपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट 10 दिनों में होगा चालू डीसी ने दिए सख्त निर्देश

**गिरिडीह, नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** गादी श्रीरामपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को अगले 10 दिनों के भीतर दोबारा चालू करने का निर्देश उपायुक्त रामनिवास यादव ने दिया है बुधवार को उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या-2 के तहत संचालित प्लांट का निरीक्षण कर इसकी तकनीकी स्थिति मशीनरी और जलापूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2018 से संचालित इस योजना के जरिए क्षेत्र की कई पंचायतों के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाता है हालांकि अक्टूबर 2024 से तकनीकी खराबी के कारण प्लांट का संचालन बाधित है। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों के समक्ष पेयजल की समस्या बनी हुई है निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने खराब पड़े उपकरणों और पार्ट्स की मरम्मत अथवा आवश्यकतानुसार उन्हें बदलने का निर्देश दिया उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी तकनीकी और प्रशासनिक कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे कर अधिकतम 10 दिनों में प्लांट को पुनः चालू किया जाए ताकि संबंधित क्षेत्र के ग्रामीणों को नियमित और गुणवत्तापूर्ण पेयजल मिल सके उपायुक्त ने कहा कि पेयजल लोगों की मूलभूत जरूरत है और पेयजल योजना का लंबे समय तक बंद रहना गंभीर विषय है। उन्होंने अधिकारियों को तकनीकी समस्या का स्थायी समाधान करने के साथ ही प्लांट चालू होने के बाद नियमित मॉनिटरिंग और रखरखाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया नई एजेंसी के चयन के लिए होगा री-टेंडर प्लांट के बेहतर संचालन और रखरखाव के लिए नई कार्यकारी एजेंसी के चयन को लेकर री-टेंडर की प्रक्रिया भी की जानी है। नई एजेंसी के माध्यम से करीब एक वर्ष तक योजना के संचालन एवं रखरखाव की व्यवस्था की जानी है। उपायुक्त ने री-टेंडर की प्रक्रिया को नियमों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूरा करने को कहा ताकि भविष्य में योजना के संचालन में बाधा न आए उन्होंने जल शोधन की गुणवत्ता, मशीनरी की कार्यक्षमता और जलापूर्ति की निरंतरता पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। किसी भी तकनीकी खराबी की स्थिति में तत्काल समाधान करने को कहा गया निरीक्षण के दौरान पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या-2 के कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार समेत संबंधित अधिकारी अभियंता और कर्मी मौजूद थे।

## राजद कार्यालय पर कब्जे की कोशिश का आरोप

**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गिरिडीह बस स्टैंड के पीछे स्थित राष्ट्रीय जनता दल रा जद के जिला कार्यालय को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। पार्टी ने कुछ स्थानीय भू-माफियाओं पर कार्यालय परिसर पर अवैध कब्जा करने का प्रयास करने और शिकायत के बावजूद साक्ष्य मिटाने की नीयत से भवन का रंग बदलने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले को लेकर राजद जिलाध्यक्ष इरफान आलम ने अनुमंडल पदाधिकारी को लिखित शिकायत देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।पार्टी नेताओं के अनुसार जिला कार्यालय की स्थापना वर्ष 2005 में की गई थी और वर्ष 2005 से 2017 तक यहां पार्टी की गतिविधियां नियमित रूप से संचालित होती रही हैं। जगह कम पड़ने के कारण पिछले करीब पांच वर्षों से कार्यालय का नियमित उपयोग नहीं हो रहा था इसी का फायदा उठाकर कुछ लोगों द्वारा कार्यालय पर कब्जे की कोशिश किए जाने का आरोप लगाया गया है शिकायत के बाद बदला कार्यालय का रंग राजद जिलाध्यक्ष का आरोप है कि 24 जुलाई 2026 को इस संबंध में नगर थाना गिरिडीह में लिखित शिकायत दी गई थी। उनका कहना है कि शिकायत के बाद भी प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई इसी बीच 7 अगस्त को कथित रूप से कार्यालय भवन का मूल हरा रंग बदलकर दूसरा रंग करा दिया गया पार्टी का आरोप है कि रंग बदलने की कार्रवाई कार्यालय की पहचान और कथित कब्जे से जुड़े साक्ष्यों को मिटाने के उद्देश्य से की गई।

# अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन का संयुक्त अभियान नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई





**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर में अतिक्रमण नियंत्रण सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जिला प्रशासन ने बुधवार को संयुक्त अभियान चलाया अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार उप नगर आयुक्त जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार एवं यातायात पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में आंबेडकर चौक से पचंबा तक कार्रवाई की गई अभियान के दौरान आंबेडकर चौक कालीबाड़ी बड़ा चौक होते हुए पचंबा तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण की जांच की गई। सड़क व सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण कर यातायात में बाधा डालने वाले दुकानदारों एवं प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई संबंधित लोगों को दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की सख्त चेतावनी भी दी गई इसी दौरान विभिन्न स्थानों पर वाहनों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी चालान काटे गए प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी अधिकारियों ने दुकानदारों और आम लोगों से सड़क फुटपाथ एवं सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमणमुक्त रखने की अपील की प्रशासन ने कहा कि शहर में सुगम यातायात सुरक्षित आवागमन और अतिक्रमणमुक्त सार्वजनिक स्थान सुनिश्चित करने के लिए अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी

# पूर्वजों के रास्ते की घेराबंदी के खिलाफ डीसी से न्याय की गुहार



**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के सोनबाद तुरी टोला के ग्रामीणों ने अपने पूर्वजों के समय से इस्तेमाल किए जा रहे रास्ते की कथित घेराबंदी के खिलाफ उपायुक्त को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि संबंधित रैयतों द्वारा रास्ते की जबरन घेराबंदी कर गिरिडीह बेंगाबाद मुख्य मार्ग तक उनका सीधा आवागमन बंद करने का प्रयास किया जा रहा है ग्रामीणों की ओर से दिए गए आवेदन पर अशोक कुमार तुरी शंभू तुरी गुलाब तुरी धीरज तुरी लक्ष्मी देवी सविता देवी समेत दर्जनों लोगों के हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान हैं आवेदन में कहा गया है कि जिस खाली जमीन से होकर वे लोग अपने जन्मकाल से ही मुख्य सड़क तक आते जाते रहे हैं उसी रास्ते का इस्तेमाल सोनबाद सरकारी स्कूल जाने वाले अधिकांश बच्चे भी करते हैं ग्रामीणों का कहना है कि अब अचानक जमीन के रैयतों द्वारा उक्त रास्ते की घेराबंदी करने की कोशिश की जा रही है इससे मुख्य सड़क तक पहुंचने का सीधा और सुविधाजनक रास्ता बंद होने की स्थिति उत्पन्न हो गई है ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि रास्ता बंद करने का विरोध करने पर कई बार मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं ग्रामीणों ने उपायुक्त से मामले की जांच कर पूर्वजों के समय से इस्तेमाल किए जा रहे रास्ते पर विधि सम्मत एवं स्थायी आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है इधर स्थानीय पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं फारवर्ड ब्लाक के जिला संयोजक राजेश यादव ने कहा कि ग्रामीणों की मांग न्यायोचित है। स्थानीय लोगों और इस रास्ते से आवाजाही करने वालों को लंबे समय से यहां लोगों के आवागमन की जानकारी है उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच कर विधि सम्मत कार्रवाई करने की मांग की आवेदन पर नीरज कुमार तुरी अमित कुमार विशाल डोम दीपक तुरी शांति देवी चमेली देवी शशि देवी हरखी देवी युवराज कुमार सुभाष तुरी कृष्णा कुमार नितेश तुरी रानी देवी वासुदेव तुरी अंजू कुमारी  रीना देवी माधुरी देवी काजल देवी वीरेंद्र तुरी कामेश्वर दुखी तुरी कीर्ति देवी मिथुन तुरी गुड़िया देवी बबिता देवी मंजू देवी डोली कुमारी सुंदरी देवी शकुन देवी और पुष्पा देवी समेत अन्य ग्रामीणों के हस्ताक्षर एवं अंगूठे के निशान हैं।

# धू-धूकर जली बस

- यात्रियों में मची चीख-पुकार
- बस में 35 यात्री थे सवार
- सभी यात्री सुरक्षित निकले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र में बरजी ओवरब्रिज पर एक चलती यात्री बस में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही बस कुछ ही देर में आग के गोले में तब्दील हो गई और चारों तरफ धुआं और लपटें फैल गईं। हादसे के समय बस में करीब 35 यात्री सवार थे। आग की लपटें और धुआं देखकर यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हालांकि, चालक ने समय रहते बस रोक दी और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार, यात्री बस मोतिहारी शहर से मुजफ्फरपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान बरजी ओवरब्रिज से गुजरते समय बस में अचानक धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगीं और आग तेजी से फैलने लगी। स्थिति को भांपते हुए चालक ने तत्काल बस रोक दी। इसके बाद बस में सवार सभी यात्रियों को आनन-फानन में नीचे उतारा गया। यात्रियों के सुरक्षित बाहर निकलते ही आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया और बस धू-धूकर जलने लगी।

बस में आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू किया। यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के बाद दमकल कर्मियों ने बस में लगी आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में बस का अधिकांश हिस्सा जलकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, चालक की सूझबूझ और समय पर की गई कार्रवाई के कारण बस में सवार करीब 35 यात्रियों की जान बच गई। घटना के बाद कुछ देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बस की बैटरी में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की संभावित वजह बताया जा रहा है। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों की अभी जांच की जा रही है। अग्निशमन विभाग की टीम और संबंधित अधिकारी घटना के कारणों का पता लगाने में जुटे हैं।

## दोस्त की चाकू मारकर हत्या

**मधेपुरा।** अरार थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह दो दोस्तों के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। डेफरा नहर के पास दोनों के बीच मारपीट के दौरान चाकूबाजी हो गई। इसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना अरार थाना से करीब 600 मीटर की दूरी पर हुई। मृतक की पहचान सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के लालपुर सरोपट्टी वार्ड-13 निवासी मनी मंडल के बेटे अनुराग कुमार (28) के रूप में हुई है। घायल युवक सरोपट्टी काली चौक निवासी पुरन मंडल के बेटे प्रदीप कुमार हैं। बताया गया कि अनुराग और प्रदीप दोनों मकान में छड़ बांधने का काम करते थे। बुधवार सुबह करीब 6 बजे दोनों बाइक से कलासन काम करने के लिए निकले थे। करीब 7:30 बजे डेफरा नहर के पास स्मैक पीने के दौरान किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान दोनों नहर के नीचे धान के खेत में गिर गए। वहां भी दोनों के बीच मारपीट हुई।

# मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री का भंडाफोड़

## कई प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** सावन के पवित्र महीने में देशभर से पहुंच रहे श्रद्धालुओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग का सघन जांच अभियान लगातार जारी है। उपायुक्त के निर्देश पर मंगलवार को लक्ष्मी चौक, शिवगंगा और आसपास के इलाकों में पेड़ा भंडार, भोजनालयों और स्ट्रीट फूड प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट और अस्वच्छता पाए जाने पर कुल 68.5 किलो मिलावटी पेड़ा और 11 किलो छोला नष्ट कराया गया। वहीं, बिना वैध लाइसेंस के संचालित एक इलायची फैक्ट्री को तत्काल बंद करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, संभावित मिलावट, साफ-सफाई और लाइसेंस की जांच की।



रितेश कुमार के प्रतिष्ठान पर मेटानिल येलो रंग की मौजूदगी पाए जाने पर करीब 8 किलो छोला नष्ट कराया गया। वहीं, प्रिया चाट के यहां 3 किलो छोला नष्ट कराया गया। विशाल चाट बर्गर के प्रतिष्ठान पर करीब 2 लीटर चटनी भी नष्ट कराई गई। अधिकारियों ने संचालकों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए।

जांच के दौरान कई पेड़ा दुकानों में भी मिलावट की शिकायत सामने आई। अजीत कुमार के प्रतिष्ठान पर पेड़ा में स्टार्च की मौजूदगी पाए जाने के बाद 6 किलो पेड़ा नष्ट कराया गया। इसके अलावा शिवम पेड़ा भंडार से 10 किलो, धीरज कुमार के महादेव पेड़ा भंडार से 21 किलो, बाबा पेड़ा भंडार से 10 किलो, शिवम कुमार के महादेव पेड़ा प्रतिष्ठान से 9 किलो, पंकज पोद्दार के प्रतिष्ठान से 10.5 किलो और श्री गंगा साह पेड़ा भंडार से 2 किलो मिलावटी पेड़ा नष्ट कराया गया।

महावीर पेड़ा भंडार से पेड़ा और खोया के नमूने जांच के लिए लिए गए। प्रतिष्ठान संचालक को खाद्य सामग्री का उचित भंडारण करने और सामग्री को दीवार से कम से कम 12 इंच की दूरी पर रखने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा टीम ने कई अन्य पेड़ा भंडार, होटल और भोजनालयों का भी निरीक्षण किया और संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों का पालन करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान संजीव बलियासे इलायची फैक्ट्री में अत्यधिक गंदगी और अस्वच्छ परिस्थितियां पाई गईं। प्रतिष्ठान संचालक वैध ऋरअक लाइसेंस भी प्रस्तुत नहीं कर सका। गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए विभाग ने तत्काल प्रतिष्ठान का संचालन बंद करने का निर्देश दिया। संचालक को साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों के उचित भंडारण, एग्जॉस्ट सिस्टम और आवश्यक लाइसेंस से जुड़ी कमियों को दूर करने के बाद ही दोबारा संचालन शुरू करने को कहा गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि श्रावणी मेले के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट, अस्वच्छता और बिना वैध लाइसेंस के खाद्य कारोबार के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। विभाग का उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है।

# आरओबी के केबिन में घुसा बालू लदा ट्रक

## एक सप्ताह पूर्व भी हुई थी ऐसी घटना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** बिहिया-बिहटा एसएच-102 पर बिहिया स्थित रेलवे ओवरब्रिज के बेरियर में मंगलवार की रात करीब दो बजे बालू लदा एक ट्रक जोरदार टक्कर के बाद फंस गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक के केबिन का ऊपरी छज्जा उड़ गया। हादसे में ट्रक चालक और खलासी बाल-बाल बच गए। घटना के बाद ट्रक बेरियर में ही फंस गया, जिससे कुछ देर के लिए आवागमन प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार आरओबी के बेरियर से भारी वाहन के टकराने की यह अब तक की पांचवीं घटना है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं को लेकर लोगों में चिंता बढ़ रही है।बताया गया कि करीब एक सप्ताह पूर्व भी एक ट्रक आरओबी के दक्षिणी बेरियर से टकरा गया था। इस घटना में बेरियर क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बावजूद भारी वाहनों के बेरियर तक पहुंचने का सिलसिला जारी है।

बताया जाता है कि आरओबी पर भारी वाहनों के परिचालन को रोकने के लिए बेरियर लगाया गया है। इसके बावजूद भारी वाहन बेरियर तक पहुंच जा रहे हैं और लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं।

इससे बेरियर की सुरक्षा व्यवस्था और भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बेरियर की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि निर्धारित ऊंचाई से अधिक वाले वाहनों को काफी पहले ही रोक दिया जाए।

इससे वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्ग अपनाने का पर्याप्त समय मिलेगा और हादसों की पुनरावृत्ति रोकी जा सकेगी। बेरियर से भारी वाहनों के टकराने की घटनाएं लगातार सामने आने से स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ गई है।

# मरीज की मौत पर परिजनों का बवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** मॉडल सदर अस्पताल में इलाज के दौरान 28 वर्षीय युवक की मौत के बाद मंगलवार रात जमकर हंगामा हुआ। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने चिकित्सकों व अस्पताल कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। हंगामे के कारण अस्पताल की इमरजेंसी सेवा करीब 12 घंटे तक बाधित रही। बुधवार सुबह जिला प्रशासन के हस्तक्षेप और जांच व कार्रवाई के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ और परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए।

सदर प्रखंड की कटरिया पंचायत के सीताकुंड कल्याणचक निवासी स्व. विशेश्वर यादव के पुत्र नीरज कुमार (28) को वायरल बुखार की शिकायत थी। मंगलवार सुबह परिजन उसे इलाज के लिए मॉडल सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे भर्ती कर आवश्यक जांच कराने की सलाह दी। शाम को जांच रिपोर्ट में प्लेटलेट्स काफी कम पाए जाने की बात सामने आई। इसके बाद चिकित्सकों ने प्लेटलेट्स चढ़ाने की सलाह दी। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक से दो यूनिट प्लेटलेट्स उपलब्ध कराने के बदले 10 हजार रुपये की मांग की गई। राशि की व्यवस्था करने के बाद प्लेटलेट्स चढ़ाया गया। परिजनों के अनुसार, पहली यूनिट चढ़ाने के बाद मरीज की स्थिति सामान्य थी, लेकिन दूसरी यूनिट चढ़ाने के दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई।

परिजनों ने आरोप लगाया कि उस समय अस्पताल में आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। ऑक्सीजन देने का प्रयास किया गया, लेकिन सिलेंडर में पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं होने की बात कही गई। उन्होंने चिकित्सकों, कर्मियों और प्रशिक्षण ले रही एएनएम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।

युवक की मौत के बाद अस्पताल परिसर में तनाव बढ़ गया। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक, एएनएम और अन्य कर्मी वहां से हट गए। सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंची और देर रात तक परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। बुधवार सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीण भी अस्पताल पहुंच गए।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर के निर्देश पर सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्वजीत कुमार तिवारी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने परिजनों से बातचीत कर निष्पक्ष जांच और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**सीवान।** सीवान-भटनी रेलखंड के मैरवा रेलवे स्टेशन पर बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में 35 वर्षीय युवक की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा स्टेशन परिसर में हुआ, जिसके बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। यात्रियों और आसपास मौजूद लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। मृतक की पहचान मैरवा बाजार के वार्ड नंबर-3 निवासी स्वर्ण व्यवसायी अशोक वर्मा के पुत्र राजीव कुमार वर्मा उर्फ रिंकू वर्मा के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बुधवार को मैरवा रेलवे स्टेशन से मालगाड़ी गुजर रही थी। इसी दौरान राजीव कुमार वर्मा पटरी की ओर पहुंच गए और मालगाड़ी की चपेट में आ गए। हादसा इतना गंभीर था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

# शादी समारोह में शामिल होने आये युवक की पीट-पीटकर हत्या



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के देवरी गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आए युवक की चाकू घोंप एवं पीटकर हत्या कर दी गई। बुधवार की सुबह समारोह स्थल से करीब दो सौ गज की दूरी पर जैनुद्दीन अली के पुत्र मोहम्मद दिलशाद अली का शव बरामद हुआ। घटना के पीछे प्रेम प्रसंग की आशंका जताई जा रही है।

हालांकि इस संबंध में मृत युवक के स्वजन या ग्रामीण कुछ बोल नहीं रहे हैं। पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है। मामले में अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। युवक गांव में ट्रैक्टर चालक के रूप में काम करता था। उसके शरीर पर कई जगह चाकू घोंपे जाने के साथ गंभीर चोट के निशान मिले हैं।

जानकारी के अनुसार, देवरी गांव में मो. आरिफ की पुत्री की शादी मंगलवार को थी। इसमें शामिल होने के लिए मोहल्ले का ही दिलशाद अली भी आया था। आरिफ की झोपड़ी के पास ही अन्य युवकों के साथ डांस किया।

इसके बाद घर की ओर चला गया। रास्ते में कुछ लोगों ने पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। मुंह, गला, गर्दन, पेट आदि पर चाकू से घोंप दिया। पास में लगे चापाकल के हैंडल से भी पिटाई की गई। उसके सिर एवं शरीर के अन्य भागों पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं।

घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रभाकर तिवारी, घनश्यामपुर थानाध्यक्ष आलोक कुमार,

## प्रेम-प्रसंग की जतायी जा रही आशंका

जमालपुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल की छानबीन के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया।

घटनास्थल से पुलिस ने चापाकल के हैंडल को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार, युवक के शरीर पर कई जगह चाकू से वार किए जाने के निशान मिले हैं। आशंका है कि हमलावरों ने चापाकल के हैंडिल से युवक के सिर पर हमला किया होगा।सूचना के बाद एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच कर कई साक्ष्य जुटाए और उन्हें अपने साथ ले गई। पुलिस मामले में हत्या के कारण और घटना में शामिल लोगों की पहचान में जुटी है।

# कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डेहरी ऑन सोन ।** बुधवार को जवाहरलाल नेहरू कॉलेज डेहरी ऑन सोन खेल परिसर में अंतर विभागीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता का शुभारंभ जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार ओझा, बड़सर डॉक्टर फरीद आलम, मनोविज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ कमल नयन सिंह, हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ नीलम पाल, परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर शशी शेखर विद्यार्थी, खेल सचिव डॉ अभिषेक कुमार, खेल प्रभारी डॉ कन्हैया कुमार सिंह, लेखा सहायक राधा रमन सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जवाहरलाल नेहरू कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार ओझा ने कहा कि हमारे महाविद्यालय में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है बस जरूरत है उन्हें एक अच्छे प्लेटफार्म की। खिलाड़ी जितना अधिक से अधिक अभ्यास करेंगे उनका खेल उतना ही अधिक बेहतर होगा। बड़सर डॉक्टर फरीद आलम,डॉक्टर कमल नयन सिंह, डॉ शशि शेखर विद्यार्थी, लेखा सहायक राधा रमन सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए जीत की अग्रिम बधाई दी खेल सचिव डॉक्टर अभिषेक कुमार ने कहा कि खिलाड़ियों का इतना बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना हमारे महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। वही खेल प्रभारी डॉक्टर कन्हैया कुमार सिंह ने कहा कि मेहनत करने वाले खिलाड़ियों को अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता में खेलने का भी मौका मिलेगा।

प्रतियोगिता में लगभग आठ टीमों ने हिस्सा लिया अंत में फाइनल मैच ट्रेडिशनल कोर्स एवं वोकेशनल कोर्स के बीच संपन्न हुआ। वोकेशनल टीम के टीम मैनेजर के तौर पर लेफ्टिनेंट सच्चिदानंद सिंह एवं ट्रेडिशनल कोर्स के टीम मैनेजर के तौर पर डॉक्टर नीलम पाल एवं डॉक्टर अवनीश मौर्य ने भूमिका निभाई।

प्रतियोगिता संचालन करने में आरो सिंह, अमर सिंह, अनुपम कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही कबड्डी पुरुष वर्ग में ओमप्रकाश, हर्ष कुमार, देव कुमार ,हिमांशु वर्मा, कार्तिक कुमार सिंह, प्रिंस शर्मा, स्वतंत्र कुमार, पवन पाल, बलिराम शाह, विशाल कुमार, विनय शर्मा, प्रतीक गुप्ता, महिला कबड्डी वर्ग में खुशी, प्रगति, प्रज्ञा, गुंजन, प्रियंका, अवंतिका, मानसी, सोनी, रोशनी, श्रेया आदि ने अपने खेलों में बेहतर प्रदर्शन किया।

# जमीन विवाद में पिता की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के समाय पंचायत अंतर्गत खालसा ढिबरी गांव में पिता-पुत्र के बीच हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। आरोप है कि बड़े बेटे उपेंद्र यादव ने अपने 62 वर्षीय पिता टुनटुन यादव के सिर में गोली मार दी।

गोली लगने से टुनटुन यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपित पुत्र मौके से फरार हो गया। वारदात की सूचना मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोग व पुलिस पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक टुनटुन यादव के दो पुत्र हैं। छोटा पुत्र बाहर रहकर काम करता है, जबकि बड़ा पुत्र उपेंद्र यादव अपने ससुराल में रहता था। बताया गया कि परिवार की जमीन का तीन हिस्सों में बंटवारा किया गया था। इसमें एक हिस्सा पिता के पास था और वह गांव में अकेले रहते थे।

गोली चलने की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीत सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। एसडीपीओ-2 ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इस मामले में एसडीपीओ-2 सुरेश प्रसाद ने बताया कि प्रारंभिक जांच में जमीन को लेकर पिता-पुत्र के बीच विवाद की बात सामने आई है। आरोपित उपेंद्र यादव अपने पिता पर उनके हिस्से की जमीन बेचकर उसे रुपये देने का दबाव बना रहा था। इसी बात को लेकर पिता-पुत्र के बीच लगातार विवाद चल रहा था। मंगलवार की देर रात भी दोनों के बीच कहासुनी हुई। विवाद बढ़ने पर आरोप है कि उपेंद्र यादव ने हथियार निकालकर अपने पिता के सिर में गोली मार दी।

हालांकि, घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस फरार आरोपित उपेंद्र यादव की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

## कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

**समस्तीपुर।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने बुधवार को ताजपुर बख्तियारपुर फोरलेन परियोजना के विभिन्न कार्यस्थलों का गहन स्थल निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की अद्यतन प्रगति, भूमि अर्जन से जुड़े मामलों और प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय से समस्याओं का समाधान कर निर्माण कार्य में तेजी लाने का स्पष्ट निर्देश दिया।

डीएम ने भूमि संबंधी मामलों का शीघ्र निष्पादन करने और परियोजना के लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने को कहा। ताजपुर बख्तियारपुर फोर लेन परियोजना का 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, लेकिन शेष बचे कार्यों की धीमी रफ्तार पर उन्होंने चिंता जताई। उन्होंने अभियंताओं और अधिकारियों को विभागीय बाधाएं दूर कर कार्य की गति बढ़ाने के सख्त निर्देश दिए। डीएम ने अपने निरीक्षण के दौरान आपसी समन्वय से समाधान कर निर्माण में तेजी लाने का स्पष्ट निर्देश दिया।

# बिहार में मानसून के जोर पकड़ने की संभावना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में मॉनसून की गतिविधियां एक बार फिर जोर पकड़ने वाली हैं। पटना स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र मजबूत होकर चक्रवाती प्रणाली में बदल रहा है। इसके प्रभाव से आगामी 14 से 18 अगस्त के दौरान बिहार के विभिन्न हिस्सों में झमाझम बारिश, वज्रपात और तेज हवाओं का दौर देखने को मिलेगा।

बीते 24 घंटों में राज्य के दक्षिण-पश्चिम हिस्सों में अनेक स्थानों पर तथा दक्षिण-मध्य में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। टेकारी में 44.2 मिमी, गोह में 35.6 मिमी, गया (एयरपोर्ट) में 32.0 मिमी, अकबरपुर में 30.2 मिमी और मोहिउद्दीननगर में 26.4 मिमी बारिश हुई। राज्य में सबसे गर्म सुपौल रहा, जहां पारा 37.4त्र दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान गयाजी में 24.8त्र रहा। लखीसराय में 39 किमी/घंटे की रफ्तार से हवाएं दर्ज की गईं।

उत्तरी बंगाल की खाड़ी और पश्चिम बंगाल-बांग्लादेश तट के पास कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जो अगले 12 से 24 घंटों में 'डिप्रेशन' में बदलकर उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा। समुद्र तल पर मॉनसून ट्रफ बीकानेर, उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश, सतना, डाल्टनगंज से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक फैली हुई है। इन प्रणालियों के प्रभाव से बिहार में 14 अगस्त से बारिश की तीव्रता बढ़ेगी। राज्य के दक्षिण-पश्चिम, दक्षिण-मध्य और दक्षिण-पूर्व के जिलों में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है। दक्षिण-बिहार के जिलों में 30-40 किमी/घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं और मेघगर्जन/वज्रपात की आशंका है। अगले 2-3 दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा (34त्र से 36त्र के बीच रहेगा)। इसके बाद बारिश बढ़ने से पारे में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

# हजारों बच्चों का रिकार्ड डाटाबेस से गायब

## अपार कार्ड बनाने में झेल रहे परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले के सरकारी और निजी स्कूलों में नामांकित हजारों विद्यार्थियों का आधार रिकॉर्ड शिक्षा विभाग के डाटाबेस में उपलब्ध नहीं है। विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, भागलपुर जिले में कुल 6,32,116 विद्यार्थी नामांकित हैं।

इनमें से 5,85,147 विद्यार्थियों का आधार कार्ड रिकॉर्ड विभाग के पास उपलब्ध है, जबकि 48,499 विद्यार्थियों के आधार की जानकारी नहीं है। यानी जिले में नामांकित करीब 7.67 प्रतिशत बच्चों का आधार विभागीय रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है, जबकि राज्य में सरकारी और निजी स्कूलों में कुल करीब 1.84 करोड़ विद्यार्थी नामांकित हैं।

इनमें से करीब 38 लाख बच्चों के आधार कार्ड की जानकारी शिक्षा विभाग के डाटाबेस में उपलब्ध नहीं है। राज्य के सरकारी स्कूलों में 1,47,53,759 और निजी स्कूलों में 32,93,421 विद्यार्थी नामांकित हैं। विभाग के पास करीब 1.45 करोड़ विद्यार्थियों का सत्यापित आधार रिकॉर्ड उपलब्ध है।

वहीं, आधार की जानकारी नहीं होने से विद्यार्थियों के शैक्षणिक रिकॉर्ड का मिलान करने के साथ दोहरे नामांकन की पहचान करने में भी विभाग को परेशानी हो रही है।

साथ ही अपार के माध्यम से विद्यार्थियों का शैक्षणिक रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित किया जाता है। आधार संबंधी विवरण के अभाव में विद्यार्थियों के रिकॉर्ड का सत्यापन और उसे एकीकृत करना मुश्किल हो रहा है।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार, सरकारी स्कूलों में सत्यापित आधार के मुकाबले 94.36 प्रतिशत अपार कार्ड बनाए गए हैं, जबकि निजी स्कूलों में यह आंकड़ा 80.04 प्रतिशत है।

राज्य में कुल नामांकित विद्यार्थियों में करीब 72.94 प्रतिशत का ही अपार कार्ड बनाया जा सका है। आधार रिकॉर्ड पूरा नहीं होने को इसकी प्रमुख वजहों में माना जा रहा है।

जिले में नवगछिया प्रखंड में सबसे अधिक 7,214 विद्यार्थियों का आधार रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। इसके बाद नगर निगम क्षेत्र में 7,095, सबौर में 6,715 और शाहकुंड में 6,441 बच्चों का आधार दर्ज नहीं है।

कहलगांव में 3,824, नाथनगर में 3,000 और जगदीशपुर में 2,539 बच्चों का आधार रिकॉर्ड नहीं है। सबसे कम इस्माइलपुर में 745 बच्चों का आधार उपलब्ध नहीं है।

# पुलिस ने किया मानव तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** पूर्णिया पुलिस ने देश भर की देह मंडियों से जुड़े एक बहुत बड़े अंतरराज्यीय मानव तस्करी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने शहर के रजनी चौक स्थित एक किराए के मकान में छापेमारी कर इस गिरोह के तीन सदस्यों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

मौके से पुलिस ने दो नाबालिग लड़कियों को सुरक्षित मुक्त कराया है, जिन्हें शादी और नौकरी का झांसा देकर यहां बंधक बनाकर रखा गया था और देश की विभिन्न देह मंडियों में बेचने का सौदा चल रहा था।

गिरफ्तार अभियुक्तों में गिरोह की मुख्य सरगना महिला भी शामिल है, जिसके पास से दो पहचान पत्र बरामद हुए हैं। जांच में पता चला कि सरिता वर्मा नाम से रह रही महिला का असली नाम अफसाना खातून है। अफसाना पूर्व में उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में भी नाबालिग को बेचने के आरोप में जेल जा चुकी है।

## पंचायत चुनाव की हलचल तेज


**जहानाबाद।** आगामी ग्राम पंचायत चुनावों को लेकर प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। विभागीय दिशा-निर्देशों के आलोक में जहानाबाद जिले में ग्राम पंचायतों के परिसीमन प्रक्रिया के प्रथम चरण का कार्य आधिकारिक तौर पर प्रारंभ कर दिया गया है।

इस चरण के तहत पंचायत मुख्यालयों में उपलब्ध मूलभूत नागरिक सुविधाओं का गहन मूल्यांकन और ऑनलाइन आकलन किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र के वर्तमान ढांचे की स्पष्ट तस्वीर सामने आ सके। पंचायती राज विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में प्रखंड विकास पदाधिकारियों के नेतृत्व में इस सर्वेक्षण का कार्य पूरा कराया जा रहा है। धरातल पर वास्तविक स्थिति की जांच के लिए पंचायत सचिवों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पंचायत सचिवों द्वारा सर्वे कर जुटाई गई जानकारी के आधार पर डेटा ऑपरेटरों के माध्यम से पोर्टल पर ऑनलाइन एंट्री दर्ज की जा रही है। यह विस्तृत रिपोर्ट आने वाले समय में पंचायती राज विभाग को प्रेषित की जाएगी।

# बलियापुर थाना का एसएसपी प्रभात कुमार ने किया वार्षिक निरीक्षण

## लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन और फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के दिए निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलियापुर।** बलियापुर थाना का आज वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना के विभिन्न अभिलेखों, मालखाना, शस्त्रागार, हाजत एवं विभिन्न शाखाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान, वारंट-कुर्की के प्रभावी निष्पादन तथा फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

ररढ ने थाना क्षेत्र में नियमित गश्ती और वाहन जांच को प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया। साथ ही आमजनों की शिकायतों का त्वरित और संवेदनशील तरीके से निस्तारण करने का निर्देश दिया। महिला, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े मामलों को विशेष प्राथमिकता देने के साथ पुलिसकर्मियों को अनुशासन, जवाबदेही और बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों और जवानों को कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।

CMYK

# मिसिर बेसरा समेत तीन हार्डकोर नक्सली भेजे गए जेल

## चार दिनों के रिमांड पर ली थी पुलिस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** 14 दिनों की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद भाकपा माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य और 2 करोड़ 20 लाख रुपये के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा समेत तीन हार्डकोर नक्सलियों को बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। तीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच धनबाद लाया गया। इसके बाद सदर अस्पताल में मेडिकल जांच कराई गई और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार, 31 जुलाई को पुलिस रिमांड मिलने के बाद मिसिर बेसरा समेत तीनों नक्सलियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रांची ले जाया गया था। वहां करीब 11 दिनों तक एनआईए एवं आईबी और झारखंड पुलिस की टीमों ने अलग-अलग स्तर पर उनसे पूछताछ की।

**नेटवर्क और फंडिंग को लेकर पूछताछ-** पूछताछ के दौरान जांच एजेंसियों ने माओवादी संगठन के नेटवर्क, फंडिंग, हथियारों की सप्लाई और संगठन से जुड़े सहयोगियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाने का प्रयास किया। एजेंसियों ने संगठन की गतिविधियों और उसके सहयोगी नेटवर्क से जुड़े कई बिंदुओं पर भी पूछताछ की।

धनबाद लाए गए नक्सलियों में भाकपा माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य मिसिर बेसरा उर्फ सागर उर्फ भास्कर उर्फ सुनिर्मल शामिल हैं। उन पर 2 करोड़ 20 लाख रुपये का इनाम घोषित है। इसके अलावा 15 लाख रुपये के इनामी मेहनत उर्फ मोछू उर्फ विभीषण तथा गौरव उर्फ वीरेंद्र हांसदा उर्फ सौरभ को भी न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

**सदर अस्पताल में मेडिकल जांच-** धनबाद पहुंचने के बाद तीनों नक्सलियों को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों की टीम ने उनकी मेडिकल जांच की। सुरक्षा के मद्देनजर अस्पताल और आसपास के इलाके में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। मेडिकल जांच पूरी होने के बाद तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पूछताछ के दौरान सामने आई जानकारियों को जांच के आगे के चरणों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मामले में जांच एजेंसियां माओवादी नेटवर्क और उससे जुड़े अन्य पहलुओं की पड़ताल जारी रखेंगी।

## प्रेम प्रसंग में अपहरण, हत्या

**अररिया।** जिले के बटुरबाड़ी गांव की एक नाबालिग छात्रा को प्रेम प्रसंग में अगवा कर लिया। फिर शादी रचाई। शादी के 24 घंटे के भीतर निर्मम हत्या कर शव को हॉस्पिटल में छोड़कर आरोपित फरार हो गए। हालांकि मृतका के स्वजनों की तत्परता से हत्यारोपित दिलखुश को पुलिस ने भागने के क्रम में मेडिकल कॉलेज पूर्णिया से गिरफ्तार कर लिया। पिता नरेश यादव के आवेदन पर पूर्णिया के हाट थाना पुलिस ने केस दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना अररिया प्रखंड के ताराबाड़ी थाना क्षेत्र के बटुरबाड़ी पंचायत के वार्ड संख्या आठ अंतर्गत विश्वास टोला बटुरबाड़ी की है। बुधवार की शाम करीब चार बजे अपहृत मनीषा का शव पहुंचते ही स्वजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया।

जानकारी के अनुसार विश्वास टोला निवासी नरेश यादव की नाबालिग पुत्री मनीषा कुमारी को पलासी थाना क्षेत्र के बरदबट्टा पंचायत के वार्ड संख्या तीन अंतर्गत करदार टोला निवासी दिलखुश कुमार करदार पुत्र लखन करदार उर्फ मुन्ना करदार के द्वारा अररिया कृष्णापुरी वार्ड संख्या नौ से 10 अगस्त की सुबह करीब 11 बजे अगवा कर लिया।

# सड़क खुदाई कार्य में तेजी लाने हेतु उपायुक्त ने की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** केन्दुआडीह में भू-धंसान और गैस रिसाव से क्षतिग्रस्त हुई धनबाद-बोकारो मुख्य सड़क की बहाली प्रक्रिया को गति देने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने आज समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में एक बैठक की।


इस दौरान पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता तथा बीसीसीएल के पदाधिकारी ने अद्यतन प्रगति से अवगत कराया। बीसीसीएल द्वारा शुरू किए गए जेसीबी खुदाई कार्य की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों और तकनीकी टीम को कार्य में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थिति के अनुसार खुदाई का कार्य शीघ्र पूरा कर इस महत्वपूर्ण मार्ग को जनहित में पुनः शुरू करने का प्रयास करें।उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने आमजनों से पुनः अपील की है कि सुरक्षा की दृष्टि से खुदाई क्षेत्र से उचित दूरी बनाए रखें और प्रशासन का सहयोग करें।

मौके पर प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश कुमार, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता शिवेंद्र कुमार, बीसीसीएल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जीआरपी ने नाबालिग अपहृता को बचाया

# साधु के वेश में बुजुर्ग ने किया था बच्ची का अपहरण

## चाकू की नोंक पर किऊल स्टेशन से उठाया था नाबालिग को



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जसीडीह।** जसीडीह रेल थाना की पुलिस ने साधु के वेश में एक वृद्ध अपहरणकर्ता को पकड़कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपित पटना के फतुहा का रहने वाला है।

मिली जानकारी के अनुसार मेला ड्यूटी में आए धनबाद जैप तीन के आरक्षी शंकर सिंह पोस्ट नंबर 18 प्लेटफार्म संख्या दो पर प्रतिनियुक्त है। वह अपने अन्य सहयोगियों के साथ गश्त लगा रहा था।

इसी दौरान 60 वर्षीय वृद्ध नजर आया जो साधु के वेश में एक 10 वर्षीय नाबालिग बच्ची को साथ लेकर बैठा था। बच्ची काफी रो रही थी। इसी दौरान जवान की नजर बच्ची पर पड़ने के बाद उससे पूछताछ की। इस दौरान पुलिस ने साधु से भी पूछताछ की।

पूछताछ करने पर उसने बताया कि बच्ची उसकी पोती है। पुलिस ने बच्ची से पूछताछ की तो उसने बताया कि कि वह बिहार के लक्खीसराय जिला के किऊल थाना क्षेत्र की रहने वाली है। उसे पहले बहला-फुसलाकर और चाकू का भय दिखाकर किऊल स्टेशन पर किसी ट्रेन में जबरदस्ती चढ़ा दिया और अब उसे कहीं ले जाया जा रहा है।

पुलिस ने आरोपी साधु को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह पटना जिला के फतुहा थाना अंतर्गत गोविन्दपुर महारानी चौक का निवासी है। उसका नाम मनोज गिरी है। घटना को लेकर जैप जवान के आवेदन पर जसीडीह जीआरपी में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष भेज दिया है।

# सेवा भाव से देवघर पहुंचे देशभर के चिकित्सक

## थके कांवरियों के दर्द पर लगा रहे मरहम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** झारखंड के देवघर में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला-2026 चल रहा है। एक महीने तक चलने वाले इस मेले में बाबा बैद्यनाथ को जलाभिषेक करने के लिए प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ज्यादातर श्रद्धालु बिहार के सुल्तानगंज से पैदल गंगाजल लेकर कांवर यात्रा करते हुए देवघर पहुंचते हैं। देवघर में देश के विभिन्न प्रांतों से मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट और डॉक्टर नेशनल मेडिकोज के शिविर में जरूरतमंद भक्तों की सेवा कर रहे हैं।

इनमें केरल, भोपाल, चंडीगढ़, एमजीएम जमशेदपुर और देवघर एम्स के चिकित्सक शामिल हैं। ये सभी अपनी इच्छा से यहां आते हैं और तीन से चार दिन तक सेवा करते हैं।

भोपाल मेडिकल कॉलेज की फाइनल ईयर की छात्रा अदिति ने बताया कि वह अपने खर्च पर देवघर आई हैं। पहली बार श्रावणी मेले में सेवा करने का अवसर मिला है। मेडिकोज से जुड़ने का मकसद यही है कि संस्था का कॉल आने पर सेवा के लिए जाना है। देशभर में कहीं भी जाना हो तो जाएंगी।

उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक लाचार महिला कतार में लगी थी। उसके पैर में बहुत दर्द था और वह चल नहीं पा रही थी। उस पर नजर पड़ते ही वह महिला बम के पास गईं और उसके पैर में स्प्रे किया।

इसके बाद वह मुस्कुराने लगी और आगे बढ़ गई। उन्होंने कहा कि यही इस संगठन से जुड़कर सेवा करने का मकसद है। मेडिकोज के जिलाध्यक्ष डॉ. गोपालजी शरण अपने स्तर से देवघर आए डॉक्टरों के रहने-खाने का इंतजाम करते हैं। उन्होंने अपना एक मकान ही सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। उनका कहना है कि थके-हारे कांवरियों को कतार में खोजकर उन्हें कतार से बाहर निकालकर मालिश और चिकित्सा सेवा दी जाती है।

मेडिकोज का मकसद ही लाचार बम की सेवा कर उन्हें बाबा के दरबार तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि कोई लाचार बम आएगा, तभी सेवा देंगे। हमें उनके पास चलकर जाना है।

चिकित्सक बनने का सपना जब मन में आकार लेता है, तभी जीवन का संकल्प समाजसेवा में बदल जाता है। देवघर में श्रावणी मेला सेवा और समर्पण का एक बड़ा प्लेटफॉर्म है। राष्ट्रीय स्तर की संस्था जलसार पार्क के निकट सेवा दे रही है।

नेशनल मेडिकोज अपने स्थापना के 46 साल बाद श्रावणी मेला में भक्तों को निश्शुल्क सेवा देने का निर्णय लिया। राष्ट्रीय स्तर के इस संगठन के मकसद में एक चारधाम यात्रा को जाने वाले श्रद्धालुओं को आपातकालीन चिकित्सा सुविधा और शिविर लगाकर सेवा देना भी है।

डा.गोपालजी शरण तीन साल पहले एक सदस्य के नाते प्रस्ताव रखा कि देवघर में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला लगता है। शिविर लगाकर सेवा करनी चाहिए। स्वास्थ्य सेवा, राष्ट्र सेवा के मकसद से स्थापित संगठन के अग्रिम पंक्ति के लोगों ने सहर्ष स्वीकार किया।

संप्रति डा.गोपालजी शरण जिलाध्यक्ष हैं और पूरे मनोयोग से जुटे हैं। शिविर एक हिस्से में फलाहार का भी इंतजाम होता है।

आरकेडीएफ मेडिकल कालेज, भोपाल,एनएमसीएच सासाराम, रिम्स रांची, एमजीएम जमशेदपुर, भिलवाड़ा मेडिकल कालेज, एमएलबी मेडिकल कालेज झांसी, पीएमसीएच धनबाद। अभी तक जिन चिकित्सकों ने सेवा दी है उसमें डा पलक जोशी, रिचापाल बिंदा, अभिषेक चौधरी व अन्य हैं। तीन से चार दिन की सेवा देकर वापस लौट चुके हैं।

स्वास्थ्य सेवा, राष्ट्र सेवा के मकसद से 1977 में स्थापित संस्था का नाम है नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन। जिसे संक्षिप्त में एनएमओ के नाम से जाना जाता है। यह भारत के चिकित्सा पेशेवरों और छात्रों का एक प्रमुख सामाजिक संगठन है। इसकी स्थापना का एक ही लक्ष्य है कि संगठन से जुड़े सदस्य देश के वंचित, ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएं।

# फर्जी महिला टीटी को धनबाद लेडीज स्क्वायड ने पकड़ा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** यात्रियों की सुरक्षा एवं रेलवे की व्यवस्था की सतत निगरानी के क्रम मे ट्रेन संख्या 13545 आसनसोल-गया मेमू एक्सप्रेस में धनबाद लेडीज स्क्वायड टिकट चेकिंग दस्ता द्वारा आसनसोल से धनबाद के मध्य टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा था। टिकट जांच के दौरान ट्रेन में मौजूद हॉकरों एवं यात्रियों द्वारा लेडीज स्क्वायड को सूचना दी गई कि एक महिला द्वारा स्वयं को टीटी बताकर बिना किसी वैध प्राधिकरण के यात्रियों के टिकटों की जांच की जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए धनबाद लेडीज स्क्वायड की प्रभारी नूतन माला कुजूर एवं अन्य महिला टिकट जांच कर्मचारियों द्वारा उक्त महिला की पहचान एवं सत्यापन किया गया। जांच के दौरान संदेह की पुष्टि होने पर धनबाद कमर्शियल कंट्रोल को तत्काल सूचना देते हुए धनबाद स्टेशन पर उप स्टेशन अधीक्षक (वाणिज्य) एवं रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की उपस्थिति में उसे ट्रेन से उतारा गया तथा अग्रेतर आवश्यक कार्रवाई हेतु जीआरपी, धनबाद को सुपुर्द कर दिया गया। धनबाद मंडल यात्रियों से अपील करता है कि यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध रूप से रेलवे कर्मचारी बनकर टिकट जांच अथवा अन्य किसी प्रकार की गतिविधि करता हुआ दिखाई दे, तो इसकी सूचना तत्काल रेल कर्मियों अथवा रेलवे हेल्पलाइन 139 पर दें।

# धड़ल्ले से बिक रहे नकली रूद्राक्ष और कस्तूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** बासुकीनाथ आने वाले श्रद्धालु शिव भक्त यहां से लौटने के वक्त सौगात के नाम पर अपने घरवालों के लिए काफी कुछ खरीदकर बतौर प्रसाद स्वरूप ले जाते हैं, लेकिन बासुकीनाथ में रुद्राक्ष एवं कथित रूप से कहे जाने वाले असली कस्तूरी कि अगर खरीदारी करनी हो तो सावधान हो जाएं।

यहां असली रुद्राक्ष और मृग के नाभि में पाए जाने वाले दुर्लभ कस्तूरी के नाम पर आर्टिफिशियल (नकली सामग्री) धड़ल्ले से बेची जा रही है। मासव्यापी चलने वाली श्रावणी मेला में देश के कोने-कोने से लोग बासुकीनाथ में नागेशनाथ का दर्शन व पूजन करने आते हैं। श्रद्धालु मेला से प्रसादी चूड़ा, पेड़ा, प्रसाद, माला, बद्धी के बाद भक्तों के बीच में सबसे अधिक मांग रुद्राक्ष, शंख, मोती माला व चूड़ियों की है। कांवरिया बाबा नागेश का प्रसाद समझकर इसे खरीदते हैं। श्रावण माह की दूसरी सोमवारी को मेला में फुटपाथ पर लगी एक दुकान से रुद्राक्ष की खरीददारी कर रहे बिहार के नालंदा से आए श्रद्धालु विपिन कुमार साह और ओमप्रकाश गुप्ता से पूछने पर बताया कि आध्यात्मिक दृष्टिकोण और विज्ञान की कसौटी में बेहतर स्वास्थ्य के लिए रुद्राक्ष को धारण करना महत्वपूर्ण बताया गया है। पूरे परिवार के लिए रुद्राक्ष खरीदना है, इसीलिए यहां पहुंचे हैं।वहीं दूसरी ओर, महाराष्ट्र व बनारस से आकर बासुकीनाथ क्षेत्र में रुद्राक्ष की दुकान लगाने वाले महिला एवं पुरुषों की मानें तो रुद्राक्ष का महत्व समझने वाले श्रद्धालु एक या दो रुद्राक्ष यहां से जरूर खरीदते हैं। इस धर्म, विश्वास और ईमान से जुड़े इस धंधे में कुछ मुनाफाखोरों के द्वारा लोभ में पड़कर नकली रुद्राक्ष बनाकर भोले-भाले कांवड़ियों को ठगने का काम भी बदस्तूर जारी है। लालची व मुनाफाखोर ठग दुकानदार प्लास्टिक, प्लास्टर आफ पेरिस अथवा अन्य मिश्रण से गौरी शंकर रुद्राक्ष ₹दो रुद्राक्ष के आपस में जुड़े रहने₹, डंटल युक्त रुद्राक्ष, शिवलिंग नुमा रुद्राक्ष सहित अन्य कई प्रकार के नकली रुद्राक्ष को सांचे में बनाकर उसे सूखा, पका व रंगकर कांवरियों को ठगने का काम किया जाता है।ठग दुकानदार एक मुखी रुद्राक्ष से लेकर एकादश मुखी रुद्राक्ष तक उपलब्ध कराने का एवं बेचने का दावा करते हैं। इसके अलावा दुर्लभ कस्तूरी के नाम पर भी यात्रियों को दिनदहाड़े ठगी का शिकार बनाया जा रहा है।जरूरत है इन चीजों को परख करके खरीदने की वरना, ठग दुकानदारों के द्वारा धर्म एवं विश्वास के नाम पर भरपूर आर्थिक शोषण कर लेते हैं, इसीलिए अगर आप बासुकीनाथ में रुद्राक्ष खरीदने पहुंचे हैं तो पहले पूरी जानकारी हासिल करें। उसके बाद ही रुद्राक्ष खरीदें।रुद्राक्ष खरीदने के पहले अच्छी तरह से उसकी परख अवश्य करें या नहीं समझ में आने पर जानकार से जांच करवा कर ही खरीदारी करें।

## स्मैक के साथ मां-बेटा धराया

**बेतिया।** कुमारबाग थाना क्षेत्र के जबदौल गांव में किराना दुकान की आड़ में गांजा और स्मैक की पुड़िया बेचने का मामला सामने आया है। गुप्त सूचना पर पुलिस ने बुधवार की सुबह में दुकान में छापेमारी कर गांजा और स्मैक जैसा मादक पदार्थ बरामद किया। मौके से दुकान संचालक सनी कुमार और उसकी मां गीता देवी (45) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, सनी के बाहर से मादक पदार्थ लाने जाने के दौरान उसकी मां दुकान से पुड़िया बनाकर बिक्री करती थी। जबदौल गांव स्थित किराना दुकान से गांजा जैसे मादक पदार्थ की बिक्री किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना का सत्यापन करने के बाद थानाध्यक्ष पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दुकान पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान दुकान से करीब 1.140 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इसे छोटी-छोटी पुड़ियों में तैयार कर रखा गया था। इसके अलावा तीन ग्राम स्मैक जैसा पदार्थ भी पुड़िया और खुले रूप में मिला है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही थी।

# प्रतिबंधित मांगुर मछली की तस्करी का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**निरसा।** बंगाल से झारखंड और बिहार के रास्ते प्रतिबंधित मांगुर मछली के कथित अवैध परिवहन का मामला सामने आया है। वायरल तस्वीरों में एक वाहन के जरिए मछली ले जाने के संकेत दिखाई दे रहे हैं, जिसके बाद स्थानीय स्तर पर तस्करी को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि वाहनों के माध्यम से बंगाल से मांगुर मछली झारखंड, बिहार और अन्य राज्यों तक पहुंचाई जा रही है। लोगों ने दावा किया कि मैथन टोल प्लाजा से पहले कथित तौर पर जाली चालान तैयार कर वाहनों को आगे भेजा जाता है। वहीं, कुछ स्थानीय लोगों ने मैथन पुलिस की कथित मिलीभगत का भी आरोप लगाया है।

हालांकि, पुलिस की मिलीभगत से जुड़े आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि प्रतिबंधित मांगुर मछली के परिवहन और बिक्री के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया जाए।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा**

**विद्युत (परिचालन) विभाग, धनबाद से सम्बंधित कार्य हेतु खुले ई-निविदा के लिए निविदा सूचना की प्रति**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत / परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनवाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **ई-निविदा संख्या: GEM/2026/B/7904751, dated 11/08/2026, 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि :** धनवाद मंडल अंतर्गत चोपन, सिंगरौली और कृष्णशिला स्टेशनों पर लोकोमोटिव में आर.डी.एस.ओ. विनिर्देश AAR M-916-51 के अनुसार 01 वर्ष के लिए बालू की आपूर्ति और भरने संबंधी कार्य का आउटसोर्सिंग हेतु। **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रु. 1,36,49,590.00, 3. अग्रधन राशि : रु. 2,18,500.00, **4. ई-निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय :** ई-निविदा का बंद होना : 02.09.2026 को 17:00 बजे ई-निविदा का खुलना रू 02.09.2026 को 17.30 बजे, **5. वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट: **http://gem.gov.in,** विशेष: ई-निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परि०)**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/0724/डी०एच०एन०/ईएलईसीटी/टी/26-27/32


# सीआईएससीई क्षेत्रीय एथलेटिक मीट का समापन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** संत जेवियर्स विद्यालय, बोकारो इस्पात नगर में आयोजित दो दिवसीय सीआईएससीई क्षेत्रीय एथलेटिक मीट आज उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में समापन हुआ। प्रतियोगिता में रांची, जमशेदपुर, देवघर, भागलपुर और पटना जोन से आए खिलाड़ियों ने विभिन्न एथलेटिक स्पधाओं में उत्कृष्ट खेल-कौशल, अनुशासन एवं अदम्य खेलभावना का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन पर रांची जोन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की और विजेता जोन का गौरव हासिल किया।

समापन समारोह में विद्यालय के प्राचार्य फादर अरुण मिंज, एसजे ने रांची जोन को ओवरऑल चैंपियनशिप की ट्रॉफी, पदक एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन और खेलभावना की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर फादर थॉमस रॉड्रिक्स, सिस्टर सुनीता, सिस्टर अनुपमा, दीपक चौधरी, देबाशीष गुप्ता, शशि शेखर, अमृत लता , आधिकारिक खेल प्रशिक्षक एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। पुरस्कार वितरण के पश्चात राष्ट्रगान के साथ प्रतियोगिता का औपचारिक समापन हुआ।

## पृष्ठ 1 का शेष

## छात्रों की समस्या ...

पर बर्बर लाठीचार्ज नहीं किया गया, उन्हें सड़कों पर बेरहमी से नहीं पीटा गया और न ही छात्राओं के साथ किसी तरह का कोई अभद्र व्यवहार किया गया। छात्रों की भीड़ में शामिल उपद्रवियों को खदेड़ने का प्रयास स्थानीय पुलिस ने जरूर किया है। सरकार छात्रों के साथ संवाद के माध्यम से समाधान निकालने के पक्ष में है।

उन्होंने कहा कि वार्ता के दौरान भी सरकार आंदोलनरत छात्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर चिंतित है। सरकार का उद्देश्य छात्रों की समस्याओं का समाधान करना है न कि उनके आंदोलन को राजनीतिक रंग देना। वहीं राहुल गांधी पर भाजपा द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को खारिज करते हुए वित्तमंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि छात्रों की समस्या और उनकी मांगों के एजेंडों पर सरकार गंभीर है। भाजपा के एजेंडे पर हम काम नहीं करेंगे। छात्र आंदोलन का लगाम भाजपा के हाथ में था, लेकिन उनके बयानबाजी कांग्रेस के खिलाफ थी। भाजपा की मंशा है कि आंदोलन जारी रहे और वह राजनीतिक रोटी सेकती रहे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज्य सरकार से मांग करती है कि छात्र आंदोलन में बाहर से आए हुए उपद्रवियों की पहचान करें और उन पर कार्रवाई करें।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा की नाकाम साजिश उजागर हो रही है। सरकार ने मेडिकल टीम और मेडिकल बोर्ड का गठन किया। भाजपा ने बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़ से युवाओं को बुलाया और आंदोलन में शामिल कराया। वे आंदोलन को खराब करना चाहते थे। अगर भाजपा, छात्रों के हितैषी रहती तो विधानसभा में आकर अपनी बात रखती न कि मुख्यमंत्री आवास के बाहर घेराव करती।

वहीं कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि भाजपा की मंशा आंदोलन को उग्र करने की थी। झारखंड में भाजपा छात्रों-युवाओं की हितैषी बनने की ढोंग रच रही है। लेकिन उन्हें पता नहीं कि झारखंड के सभी युवा और छात्र भाजपा की नीतियों को समझते हैं। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राहुल गांधी पर आरोप लगाकर भाजपा पूरे मामलों को डाइल्यूट करना चाहती है।

झारखंड सरकार ने बल प्रयोग नहीं किया है। जिन भाजपा नेताओं में जंतर मंतर में छात्र आंदोलन को समर्थन देने की नैतिक साहस नहीं थी, वह झारखंड में छात्रों के आंदोलन को उग्र और डायवर्ट कर विधि व्यवस्था खराब करने में लगे थे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-केबल-एएसटीई-बीडीसी-आरई, दिनांक: 07.08.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **निविदा सं.: एसडीएसटीई-केबल-एएसटीई-बीडीसी-आरई** के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के एएसटीई-बैण्डेल के कार्यक्षेत्र में उम्र सह स्थिति के आधार पर सिग्नलिंग केबल का प्रतिस्थापन। **निविदा की किस्म:** खुली। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 01.09.2026, 15.00 बजे। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 8,90,68,004.33, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 17,81,400/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 18.08.2026, **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** 07.08.2026, 19.08 बजे। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

HWH-259/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-केबल-एएसटीई-बीडब्ल्यूएन-आरई, दिनांक: 07.08.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **निविदा सं.: एसडीएसटीई-केबल-एएसटीई-बीडब्ल्यूएन-आरई** के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के एएसटीई-बर्द्धमान खंड में उम्र सह स्थिति के आधार पर सिग्नलिंग केबल का प्रतिस्थापन। **निविदा की किस्म:** खुली। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 01.09.2026, 15.00 बजे। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 8,90,68,004.33, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 17,81,400/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 18.08.2026, **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** 07.08.2026, 19.07 बजे। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

HWH-261/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# कांवरिया पथ पर 24 घंटे पेयजल, शौचालय और स्वच्छता की व्यवस्था : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** श्रावणी मेला में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और कांवरियों की सुविधा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने कांवड़िया पथ पर व्यापक तैयारियां की हैं। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री संजय कुमार सिंह ने बताया कि मुंगेर, भागलपुर और बांका जिले में सुल्तानगंज स्थित नमामि गंगे घाट से झारखंड सीमा के दुम्मा तक पूरे कांवरिया पथ पर पेयजल और स्वच्छता की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। भागलपुर, मुंगेर और बांका में कांवड़िया पथ पर करीब 1000 बेड क्षमता वाले टेंट सिटी बनाए गए हैं। इनमें शौचालय, यूरिनल, स्नानागार, गर्म पानी तथा श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित आवश्यक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। साफ-सफाई और रखरखाव के लिए विभागीय टीमें लगातार कार्यरत हैं।

संजय कुमार सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल टैंकर, वाटर एटीएम, आरओ-यूवी आधारित वाटर चिलर और चापाकल की व्यवस्था की गई है। विभिन्न स्थानों पर फिल्टरयुक्त और निःशुल्क पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। गर्मी और उमस से राहत के लिए शीतल जल की फुहार, मिस्ट स्प्रिंकलर और ओवरहेड स्प्रिंकलर की भी व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि मेला अवधि में पेयजल एवं स्वच्छता सुविधाओं के निर्बाध संचालन के लिए 24 घंटे समर्पित टीमें तैनात हैं। सुल्तानगंज से झारखंड सीमा तक सहायक अभियंताओं की विशेष प्रतिनियुक्ति की गई है जो नियमित निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई कर रहे हैं।

सुविधाओं की सतत निगरानी और शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए नियंत्रण कक्ष भी संचालित है। संजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक श्रद्धालु को स्वच्छ, सुरक्षित और सुगम यात्रा का अनुभव मिले, यह विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विभाग की टीमें पूरे कांवड़िया पथ पर 24 घंटे तत्परता से कार्य कर रही है।

## सरकार चीनी मिलों के लिए अविलंब जमीन उपलब्ध कराएगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य की चीनी मिलों के लिए सरकार अविलंब जमीन उपलब्ध कराएगी। बुधवार को राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल और गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान के बीच हुई बैठक में इस पर सहमति बनी। तय हुआ कि चीनी मिलों के सुचारू प्रबंधन एवं संचालन में किसी तरह की बाधा न आए, इसके लिए सरकार अब मिलों से जुड़े लंबित न्यायालयी मामलों की गहन समीक्षा करेगी। समीक्षा के दौरान पूर्वी चंपारण स्थित बारा चकिया चीनी मिल की संपूर्ण परिसंपत्ति से संबंधित मामले पर चर्चा की गई। इसमें कुल 1,008 एकड़ भूमि शामिल है जिसमें बेतिया राज की भूमि भी सम्मिलित है। इसी प्रकार मोतिहारी स्थित मेसर्स हनुमान शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की चीनी मिल से संबंधित भूमि मामले की भी समीक्षा की गई। इसमें 13 बीघा 6 कट्ठा 13 धूर फ्रीहोल्ड भूमि तथा बेतिया राज की 24 बीघा 15 कट्ठा 2 धूर लीज होल्ड भूमि शामिल है।

# सहकारिता विभाग तथा डेयरी, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के बीच बनी सहमति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** मत्स्यजीवी सहकारी समितियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव तथा डेयरी, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के मंत्री नन्दकिशोर राम की अध्यक्षता में मत्स्यपालक समूह के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मत्स्यजीवियों के लिए सहकारी संघ एवं परिसंघ के गठन पर सार्थक चर्चा की गयी। विदित है कि वर्तमान में प्रखंड स्तर पर प्राथमिक मत्स्यजीवी सहकारी समितियां पहले से गठित हैं, लेकिन इनसे जुड़ी संबद्ध समितियां नहीं हैं। बैठक में दोनों विभागों के बीच सहमति बनने के बाद सहकारिता विभाग द्वारा राज्य मंत्रिपरिषद् के अनुमोदन के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इसके अनुसार प्रखंड स्तर की प्राथमिक मत्स्यजीवी सहकारी समितियों को सदस्य के रूप में शामिल करते हुए जिला एवं प्रमंडल स्तर पर मत्स्यजीवी सहकारी संघों का गठन किया जाएगा। इसके साथ ही सभी मत्स्यजीवी सहकारी संघों को राज्य स्तरीय मत्स्यजीवी सहकारी परिसंघ से जोड़ा जाएगा। संघ एवं परिसंघ के गठन से राज्य की सहकारी मत्स्यजीवी संरचना, कार्य प्रणाली, मत्स्य पालन एवं जलीय कृषि संसाधनों के विकास और प्रभावी प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, समितियों को उन्नत इनपुट ससमय उपलब्ध होगा एवं मार्केटिंग तथा प्रोसेसिंग की व्यवस्था मजबूत की जा सकेगी। मत्स्यजीवी सहकारी संघ एवं परिसंघ का मुख्य उद्देश्य मत्स्यपालन एवं इससे जुड़ी गतिविधियों तथा अन्य जलीय उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देना है। संघ एवं परिसंघ सहकारिता के आधार पर उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु स्वयं अथवा सदस्य प्राथमिक समितियों/संघों के सहयोग से संवर्द्धन का कार्य करेगी। इनके द्वारा मत्स्य पालन हेतु उच्च गुणवत्ता के इनपुट, मत्स्य बीज, मत्स्य आहार, दवा इत्यादि की भी व्यवस्था की जायेगी। बैठक में दोनों विभागों के मंत्रियों सहित सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेन्द्र सिंह, डेयरी, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक, निदेशक (मत्स्य) तुषार सिंगला तथा मत्स्यजीवी समूहों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

# बिहार और तेलंगाना के बीच कृषि क्षेत्र में सहयोग को नई गति देने पर बनी सहमति

### किसानों के प्रशिक्षण के आदान-प्रदान से दोनों राज्यों को मिलेगा लाभ : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हैदराबाद/पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज तेलंगाना सचिवालय, हैदराबाद में तेलंगाना के कृषि मंत्री थुम्मला नागेश्वर राव से मुलाकात की। इस अवसर पर बिहार एवं तेलंगाना के बीच कृषि क्षेत्र में आपसी सहयोग को और मजबूत करने, आधुनिक तकनीक एवं नवाचारों के आदान-प्रदान, किसानों के प्रशिक्षण तथा दोनों राज्यों में किये जा रहे सफल कृषि प्रयोगों को साझा करने को लेकर विस्तृत एवं महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में बिहार एवं तेलंगाना के कृषि विभाग के प्रधान सचिव, निदेशक एवं अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने कहा कि बिहार और तेलंगाना दोनों ही कृषि के क्षेत्र में अपनी अलग-अलग विशेषताओं, अनुभवों और सफल प्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। बैठक का उद्देश्य दोनों राज्यों की कृषि व्यवस्था में उपलब्ध अनुभवों, तकनीकी ज्ञान और सफल मॉडलों को एक-दूसरे के साथ साझा करना तथा किसानों के हित में उनका उपयोग सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि किसानों के बीच प्रत्यक्ष अनुभव एवं ज्ञान का आदान-प्रदान कृषि क्षेत्र के विकास के लिए अत्यंत उपयोगी है। दोनों राज्यों के किसानों को एक-दूसरे के राज्य में प्रशिक्षण एवं अध्ययन भ्रमण का अवसर दिया जाना चाहिए, ताकि वे नई तकनीकों एवं उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ सफल कृषि मॉडलों को नजदीक से देखकर उनके व्यावहारिक पहलुओं को समझ सकें। इससे किसानों को अपने-अपने राज्य की स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप बेहतर कृषि पद्धतियों को अपनाने में सहायता मिलेगी।

# राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में 17 तक निकलेगी तिरंगा यात्रा : शिक्षा मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने केंद्र सरकार के 'हर घर तिरंगा- 2026-महोत्सव' के देशव्यापी अभियान के तहत राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में 17 अगस्त तक तिरंगा यात्रा आयोजित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारियों, क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशकों समेत सभी शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने जिलों और प्रखंडों के विद्यालयों में तिरंगा यात्रा का आयोजन सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि यात्रा से पढ़ाई बाधित न हो, इसका भी ध्यान रखना है। शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिया है कि तिरंगा यात्रा में विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों की भी अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आजादी के पर्व को पूरे जोश, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाना चाहिए। श्री तिवारी ने कहा कि देश की आजादी सीमाओं की रक्षा से सुरक्षित रहती है, लेकिन आजादी की ताकत शिक्षित नागरिकों से बढ़ती है। इसलिए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और जिम्मेदार नागरिक होने की भावना को और मजबूत करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाए। उन्होंने शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि तिरंगा यात्रा सहित स्वतंत्रता दिवस से जुड़े सभी कार्यक्रमों में विद्यालय परिवार और स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि आजादी का पर्व जनभागीदारी के साथ पूरे उत्साह से मनाया जा सके।

## विवि को जेन-जी की बदलती सोच को समझना होगा : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्यपाल सह कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैय्यद अता हसनैन ने कहा है कि विश्वविद्यालयों को जेन-जी की बदलती सोच और आकांक्षाओं को समझना होगा। विद्यार्थियों के साथ संवाद के जरिए उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को समझने तथा उनके लिए सकारात्मक माहौल बनाने पर गंभीरता से काम करना होगा। राज्यपाल बुधवार को लोक भवन में राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार में उच्च शिक्षा की व्यवस्था में बेहतर बदलाव आ रहे हैं। व्यवस्था में बड़े बदलाव की नहीं, बल्कि समय-समय पर जरूरी सुधार और बेहतर समन्वय की जरूरत है।

# राम कृष्ण द्वारिका कॉलेज में 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राम कृष्ण द्वारिका कॉलेज, लोहिया नगर, कंकड़बाग, पटना में आज 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। प्रधानाचार्या प्रो. सीता सिन्हा ने विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, त्याग और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से 'हर घर तिरंगा' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. कृष्ण कांत राय तथा एनसीसी प्रमुख डॉ. आशीष कुमार, अन्य शिक्षक प्रो. शैलजा सिन्हा, डा. जगन्नाथ प्रसाद, डा. प्रशांत कुमार, डा. सुबोध चौधरी की भी उपस्थिति रही। विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया तथा लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया।

# बैंक ऑफ बड़ौदा की जगनपुरा शाखा, पटना का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बैंक ऑफ बड़ौदा की जगनपुरा शाखा, पटना का शुभारंभ किया गया। शाखा का उद्घाटन सुब्रत कुमार स्वाईं (महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, पटना अंचल) द्वारा किया गया। इस अवसर पर नलिन कुमार (क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक, पटना क्षेत्र), सुरेश कुमार (उप क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक, पटना क्षेत्र) सहित बैंक के अन्य स्टाफ सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्राहकगण उपस्थित रहे।

इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अंचल प्रमुख ने बैंक ऑफ बड़ौदा पटना अंचल की 351वीं एवं पटना क्षेत्र की 63वीं शाखा को ग्राहकों को समर्पित किया एवं उन्हें आश्वस्त किया कि बैंक इस शाखा के माध्यम से ग्राहकों को उनकी जरूरतों के अनुसार बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराएगा। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय से अनुरोध किया है कि वे बैंक से जुड़कर अपनी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करें। उन्होंने यह भी कहा कि शाखा में हर स्तर पर उत्कृष्ट ग्राहक सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। शुभारंभ के साथ ही बड़ी संख्या में ग्राहकों ने अपने खाते खोले तथा बैंक द्वारा दी जा रही सेवाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया।

# हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रभातफेरी का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत दानापुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार के नेतृत्व में प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर देशभर में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को और मजबूत करने के उद्देश्य से 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, गौरव और देशभक्ति की भावना को प्रबल करना है। अभियान के तहत लोगों से अपील की गई है कि वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों, कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराएं और इसकी गरिमा एवं सम्मान का पूरा ध्यान रखें। दानापुर मंडल की ओर से सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेने तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की गई है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

# देश भक्ति धुनों से गूंज उठा पटना जंक्शन रेलवे परिसर

### रेलवे सुरक्षा बल बैंड की टीम ने दी राष्ट्रभक्ति धुनों की मनमोहक प्रस्तुति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह-2026 के उपलक्ष्य में रेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देशभर के प्रमुख स्थलों पर रेलवे सुरक्षा बल के बैंड दल द्वारा राष्ट्रभक्ति एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत धुनों की प्रस्तुति किए जाने की कड़ी में पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन परिसर में सायं काल में भव्य बैंड प्रस्तुति का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल, हाजीपुर की बैंड टीम ने देशभक्ति की विभिन्न मधुर एवं जोशीली धुनों की शानदार प्रस्तुति देकर वातावरण को राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। बैंड की सुमधुर धुनों ने उपस्थित लोगों में राष्ट्रीय गौरव, एकता और देश के प्रति समर्पण की भावना को और प्रबल किया। कार्यक्रम के दौरान रेल यात्रियों, कर्मचारियों सहित उपस्थित जनसमूह ने रेलवे सुरक्षा बल के बैंड दल की अनुशासित एवं आकर्षक प्रस्तुति की सराहना की। देशभक्ति की धुनों के बीच पूरा पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन परिसर राष्ट्रप्रेम के भाव से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नागरिकों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्र के प्रति गौरव की भावना को व्यापक रूप से प्रसारित करना है। रेल मंत्रालय के मार्गदर्शन में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा आयोजित इस पहल के माध्यम से भारतीय रेल की राष्ट्र सेवा, सामाजिक दायित्व तथा देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए रेलवे सुरक्षा बल, हाजीपुर की बैंड टीम के सदस्यों ने समर्पण एवं अनुशासन के साथ अपनी भूमिका निभाई।

# भविष्य के नेतृत्व के लिए तकनीकी कौशल जरूरी

### कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस में रोबोटिक्स और त्रि-आयामी मुद्रण पर विशेष व्याख्यान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस, पटना के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को 'भविष्य के कौशल, भविष्य के नेतृत्व : रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं त्रि-आयामी मुद्रण की क्रांति' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता पटना स्थित अंकुरम रोबो प्राइवेट लिमिटेड की डॉ. साधना झा ने विद्यार्थियों को रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और त्रि-आयामी मुद्रण के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि तकनीकी बदलाव बहुत तेजी से हो रहे हैं। ऐसे में विद्यार्थियों के लिए केवल पारंपरिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है। उन्हें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, स्वचालन, त्रि-आयामी मुद्रण, डिजिटल तकनीक, समस्या समाधान और नवाचार जैसे भविष्य केंद्रित कौशल विकसित करने होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते ही हुए आईक्यूएसी के समन्वयक प्रो. संतोष कुमार ने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों की जिम्मेदारी केवल विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा देना नहीं है, बल्कि उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना भी है। उन्होंने नवाचार एवं उद्भवन केंद्र की ओर से इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन की सराहना की और विद्यार्थियों को नवाचार तथा उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। नवाचार एवं उद्भवन केंद्र के समन्वयक डॉ. विकास कुमार, बीसीए एवं बीएससी-आईटी के समन्वयक डॉ. अयन मुखर्जी और डॉ. शंभू शरण की भी कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का समापन डॉ. विद्या यादव के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

## एमएड में नामांकन के लिए 22 तक लिये जाएंगे ऑनलाइन आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** अभ्यर्थी आज 13 से 22 अगस्त तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से परीक्षा प्रपत्र भर सकेंगे। विवि की ओर से जारी सूचना में स्पष्ट किया गया है कि अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रपत्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरना होगा। इसके लिए अभ्यर्थियों को निर्धारित अवधि के अंदर आवेदन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 22 अगस्त निर्धारित की गई है। शैक्षणिक योग्यता एमएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी के पास मान्यता प्राप्त संस्थान से बीएड अथवा समकक्ष शिक्षक शिक्षा की डिग्री होना आवश्यक है। सामान्यतः प्रवेश के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक की शैक्षणिक योग्यता निर्धारित है।

# संघर्ष के बाद कुशल युवा प्रोग्राम के विस्तार को मिली बड़ी मंजूरी, डॉ. आनंद रंजन झा ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जन्दाहा (वैशाली)।** बिहार के युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में लंबे संघर्ष के बाद एक बड़ी सफलता सामने आई है। बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग ने कुशल युवा कार्यक्रम को वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक अगले पांच वर्षों के लिए विस्तारित करने की स्वीकृति दी है। इसके तहत आधुनिक एवं रोजगारपरक नए तकनीकी क्षेत्रों को भी के.वाई.पी से जोड़ा जाएगा। इस महत्वपूर्ण निर्णय पर के.वाई.पी वेलफेयर सोसाइटी वैशाली के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने बिहार के सभी के.वाई.पी संचालकों, प्रशिक्षकों, युवाओं एवं उनके परिवारों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि यह सफलता किसी एक व्यक्ति की जीत नहीं, बल्कि बिहार के हजारों के.वाई.पी केंद्र संचालकों, प्रशिक्षकों और लाखों युवाओं के सामूहिक संघर्ष और प्रयासों की सफलता है। उन्होंने कहा 'यह लड़ाई किसी व्यक्ति के लिए नहीं थी, यह बिहार के एक-एक परिवार के युवाओं के बेहतर भविष्य, कौशल और रोजगार के अधिकार के लिए थी।' सरकार की स्वीकृति के अनुसार के.वाई.पी के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल क्षेत्र, सोलर, ड्रोन टेक्नोलॉजी, नेटवर्किंग, होम नर्सिंग, मल्टी-स्किल वर्कर, लैब टेक्नीशियन, ब्यूटी एवं वेलनेस, बेकरी, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, डिजिटल मार्केटिंग, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं, टैली, विदेशी भाषा एवं उद्यमिता जैसे रोजगारपरक क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिए जाने की योजना है। डॉ. झा ने कहा कि इस विस्तार से बिहार के युवाओं को नई तकनीकों के अनुरूप कौशल प्राप्त करने और रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर हासिल करने में मदद मिलेगी। उन्होंने इस निर्णय के लिए बिहार सरकार, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग तथा बिहार कौशल विकास मिशन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# श्रम मंत्री से इएसआइसी क्षेत्रीय निदेशक की समीक्षा बैठक

### राज्य में चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने पर हुई विस्तृत चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बिहार के क्षेत्रीय निदेशक 'सीए निरंजन कुमार' ने श्रम संसाधन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद से उनके कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर मंत्री ने अपर मुख्य सचिव के सेंथिल एवं श्रमयुक्त बिहार राजेश कुमार की उपस्थिति में क्षेत्रीय निदेशक के साथ योजना व राज्य में संचालित ईएसआईसी के कार्यो की समीक्षा किया। सोसाइटी की तरफ से निदेशक चिकित्सा सेवा कुमारी शिशिर भारती मौजूद रहे। क्षेत्रीय निदेशक ने ईएसआईसी के वर्तमान इंफ्रास्ट्रक्चर तथा उनकी भूमिका व कार्यप्रणाली से विस्तार से अवगत कराते हुए बताया कि यह योजना किस प्रकार राज्य के बीमितों के लिए सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का कार्य करती है। बैठक के दौरान मुख्य रूप से राज्य में मौजूद औषधालयों (डिस्पेंसरीज) की उत्पादकता बढ़ाने हेतु अपर मुख्य सचिव द्वारा इसे संविदा अथवा पी.पी.पी. मॉडल पर चलाने तथा श्रमिकों के हित में चिकित्सा सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने और बीमितों की संख्या बढ़ाने को लेकर व्यापक चर्चा की गई।

# सहकारिता से मिलेगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती

### नई नीति से विकसित होंगे रोजगार के बेहतर अवसर : रामकृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** सरकार के सात निश्चय-3 के तहत 'समृद्ध उद्योग-सशक्त बिहार' की परिकल्पना अंतर्गत राज्य में बंद चीनी मिलों को पुनः परिचालित करने के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार बड़े कदम उठा रही है। इसके तहत मधुबनी के सकरी में पूर्व से बंद पड़े चीनी मिल की भूमि पर नये सहकारी चीनी मिल तथा दरभंगा के रैयाम में आदर्श शुगर कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाना है। इन्हें इंडिया पोटाश लिमिटेड के माध्यम से स्थापित एवं संचालित किया जाएगा। चीनी मिल के साथ वहां पर पावर जनरेशन प्लांट, डिस्टलरी और कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र की भी स्थापना की जाएगी। ये बातें सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने बुधवार को सूचना भवन के संवाद कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। उन्होंने कहा कि गन्ना उत्पादक किसानों को शामिल करके सहकारी चीनी मिल समिति का गठन किया जा रहा है। एक पारदर्शी व्यवस्था के तहत पोर्टल तैयार करके किसानों को आमंत्रित किया गया है। अभी तक इसके लिए 10,000 से 15,000 किसानों ने आवेदन किए हैं। सहकारिता विभाग की कोशिश ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है, इसके लिए तेजी से काम किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में सहकारिता आंदोलन को सुदृढ़, आधुनिक और नवाचार आधारित बनाने के लिए बिहार राज्य सहकारिता नीति, 2026 लागू की गई है। इसके जरिए विकसित बिहार के निर्माण में सहकारिता की प्रभावी एवं व्यापक भूमिका सुनिश्चित की जा रही है। इस नीति से राज्य में सहकारिता के क्षेत्र में क्रांति आएगी और इसका तेजी से विकास होगा।

## युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा से सजा टीपीएस कॉलेज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत सरकार के 'माई भारत' अभियान के अंतर्गत 'नया युग-विकसित भारत' विषय पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन टी.पी.एस. कॉलेज, पटना में किया गया जिसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र निर्माण, विकसित भारत की संकल्पना तथा सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी निर्णायक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी प्रतिभा और रचनात्मक ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में माई भारत की जिला युवा अधिकारी निशा कुमारी की विशेष उपस्थिति रही।

# संपादकीय

## बंगाल में चुनावी नतीजों के बाद क्यों नहीं थम रही राजनीतिक हिंसा?

पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद भड़कती राजनीतिक हिंसा और नेताओं के काफिलों पर होते हमलों ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशासन और पुलिस की निष्क्रियता से अराजकता बेलगाम हो रही है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव और उसके नतीजे आने के बाद से ही आए दिन किसी बात पर हिंसा और अराजकता की जैसी स्थिति बनी हुई है, उसमें ऐसा लगता है कि सरकार और पुलिस मूकदर्शक की भूमिका में हैं और जो हो रहा है, उसे होने दिया जा रहा है।अन्यथा क्या कारण है कि किसी भी राजनीतिक पक्ष के कार्यकर्ता या फिर उनका समर्थन करने वाले लोग बिना किसी बड़ी वजह के अचानक ही आक्रामक या अराजक हो जाते हैं और पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने का इंतजाम करने के बजाय उदासीन दिखती है।राज्य में 24 परगना जिले के हलिशहर में रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ जो हुआ, वह न केवल कानून व्यवस्था पर एक गहरा सवाल है, बल्कि इससे यह भी पता चलता है कि बदले की भावना जब राजनीति में जगह पाती है, तो किस तरह एक अफसोसनाक हिंसा की संस्कृति का विस्तार होता है। गौरतलब है कि तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की पुलिस हिरासत में मौत के बाद ममता बनर्जी उसके परिजनों से मिलने जा रही थीं। इस बीच उनकी गाड़ी पर हमला किया गया, कीचड़ और पत्थर फेंके गए, आक्रामक और अवांछित नारे लगाए गए। अफसोसनाक यह था कि वहां मौजूद पुलिस ने यह सब रोकने के लिए जरूरी सक्रियता नहीं दिखाई।हैरानी की बात यह है कि वहां की स्थिति एक तरह से बेलगाम हो जाने की आशंका के बावजूद पुलिस ने उपद्रवियों की भीड़ को जमा होने से नहीं रोका। यह बेवजह नहीं है कि इस घटना के बाद ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि पुलिस के सामने ही उनकी गाड़ी पर बड़े-बड़े पत्थर फेंके गएज्गाड़ी पर किया गया हमला इतना गंभीर था कि अगर खिड़कियां खुली होतीं, तो उनका सिर फट जाता।सवाल है कि राज्य में तीन बार मुख्यमंत्री रह चुकी एक महिला नेता को जब इस स्तर की अराजकता का सामना कर पड़ रहा है, तो राज्य में कानून व्यवस्था की वास्तविक तस्वीर क्या होगी ! हालांकि यह पहली बार नहीं है जब राज्य में असंतोष और नाराजगी के नाम पर चुनावों के बाद इस तरह की बेलगाम प्रतिक्रिया देखी गई हो।ज्यादा दिन नहीं बीते हैं, जब विधानसभा चुनाव के नतीजों में तृणमूल कांग्रेस की हार हुई थी और भाजपा की सरकार बनी। उसके बाद राज्य के अलग-अलग इलाकों में अनेक जगहों पर तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं या समर्थकों पर हमले की घटना सामने आई। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी जैसे कद्दावर नेताओं पर घातक हमले किए गए।इसी तरह एक घटना में तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा पर भी अंडे फेंके गए। विचित्र यह है कि सत्ता में होने के नाते जहां भाजपा सरकार को ऐसी घटनाओं पर शर्मिंदा होना चाहिए, वहां इस पर अफसोसनाक प्रतिक्रियाएं सामने आईं।

# भागवत की नजरों में जेन-जी आंदोलन का दृष्टिकोण

(ललित गर्ग)

भागवत के इस दृष्टिकोण की सराहना इसलिए भी की जानी चाहिए कि यह केवल किसी एक आंदोलन या किसी एक सरकार का प्रश्न नहीं है। यह भारतीय लोकतंत्र की उस मूल आत्मा को स्पर्श करता है, जिसमें सत्ता जनता से शक्ति प्राप्त करती है और जनता की आवाज सुनना उसकी संवैधानिक तथा नैतिक जिम्मेदारी है। जंतर-मंतर से उठी हाल की युवा आवाजों ने भारतीय लोकतंत्र के सामने कई नए प्रश्न खड़े किए हैं। आंदोलन को लेकर समाज में दो मत हो सकते हैं, आंदोलन की शैली, नेतृत्व और उसके राजनीतिक इस्तेमाल पर भी बहस हो सकती है, लेकिन एक बुनियादी सत्य से कोई इनकार नहीं कर सकता कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को अपनी बात कहने, असहमति व्यक्त करने और शांतिपूर्ण ढंग से विरोध करने का अधिकार है। इसी संदर्भ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत का युवाओं और विशेषकर जेन-जी को लेकर दिया गया दृष्टिकोण अत्यंत महत्वपूर्ण बन जाता है। उन्होंने साफ कहा कि नई पीढ़ी सवाल करती है, तर्कसंगत उत्तर चाहती है, उसे केवल आदेश देकर नहीं समझाया जा सकता। उनके अनुसार आज जरूरत 'डिक्टेशन' की नहीं, 'डिस्कशन' की और आदेश की नहीं, सहमति की है। भागवत ने हाल में इससे भी आगे बढ़कर कहा कि लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन संवाद का एक वैध माध्यम है और जेन-जी के आंदोलन में उठाई गई शिकायतें जायज हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विरोध करने वालों को राष्ट्रविरोधी कह देना उचित नहीं है। उनका मानना है कि आंदोलन का उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना नहीं, बल्कि सहमति और समाधान की दिशा में आगे बढ़ना होना चाहिए। शिक्षा व्यवस्था में सुधार की जरूरत और छात्रों की नाराजगी के बीच संबंध की ओर भी उन्होंने संकेत किया। भागवत के इस दृष्टिकोण की सराहना इसलिए भी की जानी चाहिए कि यह केवल किसी एक आंदोलन या किसी एक सरकार का प्रश्न नहीं है। यह भारतीय लोकतंत्र की उस मूल आत्मा को स्पर्श करता है, जिसमें सत्ता जनता से शक्ति प्राप्त करती है और जनता की आवाज सुनना उसकी संवैधानिक तथा नैतिक जिम्मेदारी है। विरोध को हमेशा विद्रोह मान लेना लोकतंत्र की समझ को संकुचित करना है। असहमति को राष्ट्रविरोध समझना उससे भी बड़ी भूल है। राष्ट्र सरकार से बड़ा है और लोकतंत्र सत्ता से बड़ा। जो नागरिक देश के भविष्य को लेकर सवाल करता है, वह जरूरी नहीं कि देश का विरोध कर रहा हो, कई बार वह देश को बेहतर बनाने की बेचैनी व्यक्त कर रहा होता है। आजादी की वर्षगांठ के अवसर पर जब हम स्वतंत्र भारत की उपलब्धियों का उत्सव मनाते हैं, तब हमें यह भी पूछना चाहिए कि हमारी आजादी का वास्तविक अर्थ क्या है? क्या आजादी केवल तिरंगा फहराने, राष्ट्रगान गाने और स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने तक सीमित है? या इसका अर्थ यह भी है कि देश का युवा अपने भविष्य को लेकर सवाल कर सके, व्यवस्था की कमियों की ओर ध्यान आकर्षित कर सके और अपनी बात बिना भय के रख सके? यदि हम सचमुच विकसित भारत, समृद्ध भारत और शक्तिशाली भारत का सपना देखते हैं तो हमें भारत के युवाओं के सपनों को सुनना ही होगा। भारत के महान चिंतकों ने युवाशक्ति को राष्ट्रनिर्माण का आधार माना है। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को जागने, अपनी शक्ति पहचानने और लक्ष्य की ओर बढ़ने का आह्वान किया था। उनके चिंतन का मूल संदेश यही था कि युवा केवल राष्ट्र का भविष्य नहीं, वर्तमान की सक्रिय शक्ति भी हैं। महात्मा गांधी का विश्वास था कि परिवर्तन केवल सत्ता के गलियारों से नहीं आता, वह जागरूक नागरिकों की चेतना से आता है। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने बार-बार युवाओं के सपनों को भारत के भविष्य से जोड़ा। उनके लिए सपना वह नहीं था जो सोते समय दिखाई देता है, बल्कि



वह था जो व्यक्ति को सोने नहीं देता। आज के युवाओं की बेचैनी को इसी दृष्टि से समझने की आवश्यकता है। नई पीढ़ी और पिछली पीढ़ी के बीच अंतर स्वाभाविक है। पहले परिवार, विद्यालय और समाज में 'क्यों' पूछने की गुंजाइश कम थी, बड़े जो कहते थे, उसे मान लेना संस्कार समझा जाता था। आज का युवा प्रश्न करता है-क्यों, कैसे और किसलिए? वह केवल परंपरा के नाम पर किसी बात को स्वीकार नहीं करता। वह प्रमाण चाहता है, तर्क चाहता है और परिणाम देखना चाहता है। यह बदलाव चुनौती भी है और अवसर भी। यदि हम इस प्रश्नाकुलता को दबाएंगे तो कुंठा पैदा होगी, यदि इसे सही दिशा देंगे तो यही प्रश्न नवाचार, अनुसंधान और राष्ट्रनिर्माण की शक्ति बनेंगे। विचारों के टकराव से घबराने की जरूरत नहीं है। भारतीय संस्कृति स्वयं 'वादे वादे जायते तत्त्वबोधः' की संवाद परंपरा से विकसित हुई है। उपनिषदों में प्रश्न हैं, उत्तर हैं, पुनः प्रश्न हैं। भगवान महावीर की अनेकांत दृष्टि हमें सिखाती है कि सत्य को एकांगी दृष्टि से नहीं देखा जा सकता। एक ही विषय के अनेक पक्ष हो सकते हैं। इसलिए बहस लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, उसकी बौद्धिक ताकत है। समस्या बहस में नहीं, बहस के हिंसक हो जाने में है, समस्या असहमति में नहीं, असहमति के नाम पर अराजकता में है। इसीलिए भागवत की बात का दूसरा पक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है- विरोध संविधान की मर्यादा में हो, शांतिपूर्ण हो और उसका लक्ष्य व्यक्ति को अपमानित करना नहीं, व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन लाना हो। आंदोलन लोकतंत्र का अधिकार है, लेकिन लोकतांत्रिक अनुशासन के साथ। सरकार की आलोचना लोकतंत्र है, हिंसा लोकतंत्र नहीं। प्रश्न करना स्वतंत्रता है, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना स्वतंत्रता नहीं। इसलिए सरकार और आंदोलनकारी-दोनों की जिम्मेदारियां हैं। लेकिन सरकार की जिम्मेदारी अधिक बड़ी है, क्योंकि उसके पास सत्ता, प्रशासन और संस्थागत शक्ति होती है। किसी छात्र की आवाज को लाठी से दबाया जा सकता है, लेकिन उसकी आशंका को लाठी से समाप्त नहीं किया जा सकता। किसी आंदोलनकारी को राष्ट्रविरोधी कह देने से उसका प्रश्न समाप्त नहीं हो जाता। यदि उसकी मांग गलत है तो तथ्य और तर्क से उसे गलत सिद्ध किया जाए। यदि मांग सही है तो उसे स्वीकार करने में संकोच क्यों? लोकतंत्र में सरकार का सबसे प्रभावी हथियार पुलिस नहीं, संवाद है। यहां मोहन भागवत की भूमिका एक मार्गदर्शक की तरह दिखाई देती है। उन्होंने अनेक अवसरों पर केवल प्रशंसा करने के बजाय व्यापक सामाजिक हित के प्रश्न उठाए हैं। जब सत्ता या व्यवस्था किसी दिशा में आवश्यकता से अधिक आगे बढ़ती दिखाई देती है, तब एक जिम्मेदार मार्गदर्शक का दायित्व होता है कि वह उसे आत्ममंथन की ओर ले जाए। भागवत की यह भूमिका हमें महाभारत के भीष्म पितामह की याद दिलाती है-ऐसे व्यक्ति की, जो सत्ता के केंद्र में रहते हुए भी समय-समय पर धर्म, मर्यादा और व्यापक हित की याद दिलाता है। यह तुलना व्यक्ति-पूजा के लिए नहीं, बल्कि मार्गदर्शक की भूमिका की व्याख्या के लिए है। सरकारें जब जनता की आवाज समय पर सुनती हैं तो आंदोलन समस्या बनने से पहले समाधान बन सकता है। लेकिन जब शिकायतें महीनों और वर्षों तक फाइलों में पड़ी रहती हैं, जब संवाद के रास्ते बंद होते जाते हैं और जब नागरिक को लगता है कि उसकी सुनवाई नहीं होगी, तब असंतोष सड़क पर आता है। फिर वही आंदोलन राजनीतिक दलों, अवसरवादी तत्वों और निहित स्वार्थों के लिए मैदान बन जाता है। परिणामतः मूल मुद्दा पीछे छूट जाता है और आंदोलन का चरित्र बदलने लगता है। यही वह स्थिति है जिससे लोकतंत्र को बचाना है। नीट और परीक्षा व्यवस्था से जुड़े विवादों ने भी यही संदेश दिया है कि युवाओं के भविष्य से जुड़े मामलों में सरकार और संस्थाओं को असाधारण संवेदनशीलता दिखानी होगी। परीक्षा केवल एक प्रश्नपत्र नहीं होती, वह लाखों परिवारों के वर्षों के परिश्रम, सपनों और आर्थिक-सामाजिक आकांक्षाओं से जुड़ी होती है। यदि किसी विद्यार्थी को लगता है कि उसकी मेहनत निष्पक्ष व्यवस्था में नहीं आंकी गई, तो उसका आक्रोश स्वाभाविक है। हाल के छात्र आंदोलनों ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार की जरूरत को राष्ट्रीय बहस के केंद्र में ला दिया है। इस संदर्भ में पुलिस की भूमिका भी पुनर्परिभाषित करने की जरूरत है। हर प्रदर्शनकारी अपराधी नहीं होता और हर नारा राष्ट्रविरोधी नहीं होता। पुलिस को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा का प्रशिक्षण भी मिलना चाहिए। राष्ट्रविरोधी गतिविधि और जायज नागरिक असहमति के बीच अंतर करना लोकतांत्रिक पुलिस व्यवस्था की पहली कसौटी है। इसलिए मोहन भागवत की बात को केवल जेन-जी आंदोलन के संदर्भ में देखने की बजाय उसे भारत की लोकतांत्रिक यात्रा के व्यापक संदेश के रूप में देखा जाना चाहिए। सरकारें आएंगी-जाएंगी, राजनीतिक दल बदलेंगे, आंदोलनों के स्वरूप बदलेंगे, लेकिन लोकतंत्र की बुनियादी आवश्यकता नहीं बदलेगी, जनता को सुनना होगा। लेखक, पत्रकार, स्तंभकारा। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संसद में बौद्धिकता क्यों हुई कमजोर, क्या किताबें फिर जगा सकती हैं लोकतंत्र की चेतना?

(राकेश सिन्हा)

जनतंत्र सिर्फ शासन व्यवस्था नहीं है। यह मानव मूल्यों की उच्चतम अभिव्यक्ति है, जिसमें उसका विवेक, बुद्धि, ज्ञान, चेतना और समर्पण पांचों बातें सम्मिलित रहती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में सांसदों को दो घंटे पुस्तकालय में व्यतीत करने की सलाह दी है। संभवतः संसदीय भाषणों की उल्लेखनीयता और गंभीरता का समाप्त हो जाना उनकी चिंता का कारण रहा होगा। मोदी ने भले ही सांसदों को सुझाव दिया है, लेकिन यह सभी जनतांत्रिक देशों के लिए संसदीय मूल्यों के क्षरण के दौर में संजीवनी की तरह है।

संसद में हो-हल्ला और अमर्यादित भाषा का उपयोग आम बात हो गई है। अल्बानिया, यूक्रेन, सर्बिया और जॉर्जिया की संसद में तो हाथापाई भी होने लगी है। ऐसी बातें जनतांत्रिक संस्थाओं के प्रति अनास्था पैदा करने के लिए यथेष्ट हैं। वे दिनों-दिन अपनी सामाजिक स्वीकृति और सम्मान दोनों खो रहे हैं।

ब्रिटेन में हुए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि मात्र नौ फीसद लोग अब देश के सांसदों पर भरोसा करते हैं। ब्रिटेन संसदीय व्यवस्था का जनक माना जाता है। एक समय था, जब एडमंड बर्क, जेएस मिल, डिजराइली और चर्चिल जैसे लोग वहां की संसद को सुशोभित करते थे। ऐसे लोगों की बौद्धिकता ने ही लोकतंत्र को संवारा है। तीन सौ वर्ष पूर्व बर्क ने 'रिफ्लेक्शन ऑन द रिवॉल्यूशन ऑफ फ्रांस' की रचना की थी, जो आज भी प्रासंगिक है। व्यस्तता के बावजूद चर्चिल ने छह खंडों में द्वितीय विश्वयुद्ध का इतिहास लिखा।

ऐतिहासिक रूप में भारत तो उससे दो कदम आगे है। यह जनतंत्र का जनक है। यूरोप में तो एक पेरिक्लिस चौबीस सौ साल पहले हुआ था, जो जन सरोकारों एवं बौद्धिकता से संपन्न एथेंस का राजा था। मगर भारत में तो इसकी लंबी सूची है। केपी जायसवाल की पुस्तक 'हिंदू पॉलिटी' (1924) लोकतांत्रिक समृद्धि के तथ्यों से भरी पड़ी है।यह और बात है कि उसे प्राध्यापक ही नहीं पढ़ रहे हैं, तो राजनीतिज्ञों से क्या उम्मीद की जा सकती है। हमारी सभ्यता की विशिष्टता विचारों की विविधता है। इसी ने शास्त्रार्थ को जन्म दिया। यह हमारी प्राणवायु की तरह है। इसलिए विमर्श की संस्कृति में गिरावट और बौद्धिकता के प्रति बढ़ती अरुचि सिर्फ संसदीय जनतंत्र ही नहीं, बल्कि सभ्यताई संकट का कारण बन सकता है।संविधान सभा की चर्चा उत्कृष्ट और सजीव बौद्धिकता का उदाहरण है। उसके प्रत्येक सदस्य का भाषण समाज विज्ञान के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनने की गुणसंपन्नता से भरा है। बौद्धिकता जब समाज-सभ्यता सापेक्ष और व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर होती है, तब वह सजीव बन जाती है। मगर ज्ञान और अनुभवों का जब सिर्फ तात्कालिक स्वार्थ के लिए उपयोग किया जाता है, तब यह निर्जीव बौद्धिकता का रूप ले लेता है। समकालीन संसदीय चर्चा में निर्जीव बौद्धिकता की प्रचुरता देखी जा सकती है।

सजीव बौद्धिकता में निष्पक्षता और निर्भयता दोनों होते हैं। इसका एक अच्छा उदाहरण है- संविधान सभा में गांधीवादी सिब्बलाल सक्सेना ने जब महात्मा गांधी का नाम संविधान की प्रस्तावना में जोड़ने के लिए संशोधन दिया, तो उसका विरोध दूसरे गांधीवादी ब्रजेश्वर प्रसाद और आचार्य कृपलानी ने किया। दोनों पक्षों के अपने-अपने तर्क थे। संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा, 'प्रस्तावना में न गांधी होंगे, न ही ईश्वर।'

भारतीय संसद उस श्रेष्ठता को आरंभ के कुछ वर्षों तक प्रदर्शित करती रही। इसका उदाहरण 1957 में केरल की चुनी हुई कम्युनिस्ट सरकार की बर्खास्तगी पर संसदीय चर्चा है। इस उत्तेजक घटना पर भी चर्चा के दौरान न व्यवधान हुआ, न ही अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल। तथ्यों और तर्कों के उपयोग में सांसद अकादमिक जगत को पीछे छोड़ देते थे।

उस समय संसद के पुस्तकालय में जगह कम पड़ जाती थी। तब केएम मुंशी केंद्रीय मंत्री थे। उन्होंने तीन दर्जन पुस्तकें लिखीं। 'जय सोमनाथ' उनकी प्रसिद्ध कृति है। संपूर्णानंद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे और उन्होंने दर्जनों पुस्तकों की रचना की। इनमें 'अधूरी क्रांति' और 'ऋग्वेद प्रतिसाख्यम' प्रसिद्ध हैं। ऐसी प्रतिभाएं सभी दलों में थीं।

सोशलिस्ट सांसद एनजी गोरे ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन चरित का मराठी अनुवाद किया था। राम मनोहर लोहिया की 'वील्स ऑफ हिस्ट्री' उनकी अनेक पुस्तकों में से एक थी। कम्युनिस्ट हीरेन मुखर्जी ने 1952 से 1977 तक के संसदीय विकास पर 'पोर्ट्रेट ऑफ पार्लियामेंट' पुस्तक लिखी, तो जनसंघ के बलराज मधोक का 'भारतीयकरण' कालजयी रचना है।

कर्ण सिंह की पुस्तक 'डांस ऑफ पीकॉक' अंग्रेजी भाषा की श्रेष्ठ रचनाओं में से एक है। साठ के दशक में त्रिगुणा सेन, एमसी छागला, भूपेश गुप्ता, दत्तोपंत ठेंगड़ी और जगन्नाथ राव जोशी के भाषणों में भारत का भविष्य रचता-बसता था। 1958-63 तक शिक्षा मंत्री रहे केएल श्रीमाली की पुस्तक 'शिक्षा और भारतीय लोकतंत्र' की प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है।

लोकतंत्र के मंदिर के वे ऐसे पुजारी थे, जो भौतिकता पर बौद्धिकता को महत्त्व देते थे। लोग उनकी तस्वीरों को स्कूल-कॉलेजों एवं घरों में सम्मान से लगाते थे। उसमें ठहराव क्यों आया, यह विचारणीय है।

# सांस के साथ शरीर में जा रहे हजारों प्लास्टिक कण, माइक्रोप्लास्टिक पर क्यों बढ़ी चिंता?

(अखिलेश आर्येंदु)

**वैज्ञानिकों का मानना है माइक्रोप्लास्टिक हमारी कुल क्षमता पर भी असर डाल रहा है। गौरतलब है माइक्रोप्लास्टिक एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक में खासतौर से पाया जाता है। इसके इस्तेमाल पर तुरंत रोक लगनी चाहिए, क्योंकि केवल एक बार उपयोग में आने वाले प्लास्टिक से महज हवा ही प्रदूषित नहीं हो रही, बल्कि मिट्टी और पानी भी प्रदूषित हो रहा है। माइक्रोप्लास्टिक से जलीय जीव-जंतुओं और पक्षियों पर भी असर हुआ है। इससे कई जीव-जंतु विलुप्त हो गए। जीव-जंतुओं में कई तरह की बीमारियां हो रही हैं और उनकी उम्र में भी कमी देखी जा रही है।**

वैज्ञानिकों का कहना है कि माइक्रोप्लास्टिक के इसके सूक्ष्म कण फेफड़ों, मस्तिष्क, हृदय और प्रजनन क्षमता पर गंभीर असर डाल सकते हैं। जानिए माइक्रोप्लास्टिक क्या है, यह शरीर में कैसे पहुंचता है और इससे बचाव के लिए क्या किया जा सकता है।

आधुनिक विकास का पहिया जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे कई ऐसी समस्याएं पैदा हो रही हैं, जिनका निकट भविष्य में कोई समाधान नहीं दिखाई दे रहा है। ऐसी ही एक विकट समस्या है माइक्रोप्लास्टिक (प्लास्टिक के सूक्ष्म कण) की। यह हवा, ओस और बारिश के जरिए मनुष्य सहित तमाम जीव-जंतुओं की सेहत तथा जैव विविधता पर गहरा असर डाल रहा है। यह प्लास्टिक हमें दिखता नहीं है, लेकिन हमारे ऊपर लगातार वार कर रहा है। इस पर अमेरिका में हुआ शोध एक विज्ञान पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। इसके मुताबिक, दुनिया की साफ मानी जानी वाली जगह 'दक्षिण नेशनल पार्क' की हवा में भी प्लास्टिक के महीन कण पाए गए हैं। इस इलाके में न तो वाहनों की भीड़भाड़ है और न ही यहां उद्योग हैं, इसके बावजूद यहां प्लास्टिक के सूक्ष्म कणों की बरसात होती रही है। इससे सैकड़ों टन प्लास्टिक के कण धरती पर बिछ चुके हैं। दूसरी तरफ यूनिवर्सिटी आफ आकलैंड (न्यूजीलैंड) के वैज्ञानिकों के मुताबिक, इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रानिक सामान से पालिकार्बोनेट निकलता है, जो एक तरह का प्लास्टिक ही है। इससे भी मानव स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है।

वैज्ञानिकों ने माइक्रोप्लास्टिक के असर पर शोध के दौरान पाया कि हम रोज प्लास्टिक के लगभग सात हजार सूक्ष्मकण अपनी सांस के जरिए लेते हैं। अध्ययन के मुताबिक, इससे वैसा ही असर होता है जैसा तंबाकू खाना या सिगरेट पीना। यह एक गंभीर स्थिति है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इससे लोगों की सेहत पर ही असर नहीं हो रहा, बल्कि महिलाओं की प्रजनन क्षमता पर भी यह नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है।

वैज्ञानिकों का मानना है माइक्रोप्लास्टिक हमारी कुल क्षमता पर भी असर डाल रहा है। गौरतलब है माइक्रोप्लास्टिक एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक में खासतौर से पाया जाता है। इसके इस्तेमाल पर तुरंत रोक लगनी चाहिए, क्योंकि केवल एक बार उपयोग में आने वाले प्लास्टिक से महज हवा ही प्रदूषित नहीं हो रही, बल्कि मिट्टी और पानी भी प्रदूषित हो रहा है। माइक्रोप्लास्टिक से जलीय जीव-जंतुओं और पक्षियों पर भी असर हुआ है। इससे कई जीव-जंतु विलुप्त हो गए। जीव-जंतुओं में कई तरह की बीमारियां हो रही हैं और उनकी उम्र में भी कमी देखी जा रही है। इसके अतिरिक्त समुद्र, नदियों और झीलों का जल कई तरह के प्रदूषण से ग्रस्त हो गया है। कस्बों और गांवों के कुओं तथा नहरों का जल भी प्लास्टिक और माइक्रोप्लास्टिक के कारण प्रदूषित हो गया है। इससे ग्रामीण और कस्बाई लोग कई प्रकार की बीमारियों से ग्रस्त हो गए हैं। एक अनुमान के मुताबिक नदियों और समुद्र तटों पर अरबों टन प्लास्टिक कचरा मौजूद है। हालांकि इस कचरे का पुनर्चक्रण करने का कार्य दुनिया की कुछ कंपनियां कर रही हैं।

इस समस्या को ध्यान में रखते हुए केंद्र और राज्य सरकारों ने एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के लिए राज्य स्तरीय नियम बना कर इसे प्रतिबंधित करने का कार्य किया, वहीं अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भी 2025 तक पैकेजिंग में सौ फीसद पुनर्चक्रित उत्पाद का उपयोग करने की घोषणा की थी, लेकिन अभी इस दिशा में कितना काम हुआ है, बता पाना मुश्किल है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, उत्तराखंड, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा सहित देश के अनेक राज्यों में प्लास्टिक कचरे पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है, लेकिन व्यावहारिक रूप से एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक का चलन अब भी जारी है। यदि एक बार इस्तेमाल वाले प्लास्टिक को चलन से बाहर नहीं किया गया, तो माइक्रोप्लास्टिक से मानव सभ्यता का जो नुकसान होगा, वह हमारी कल्पना से भी अधिक हो सकता है।वैज्ञानिकों के अनुसार साधारण प्लास्टिक को सड़ने में भी लगभग पांच सौ वर्ष लग जाते हैं। मगर सहजता से उपलब्ध होने के कारण इसके जहरीलेपन को नजरअंदाज कर कर दिया जाता है। दुनिया में इसका महज पांच में से एक हिस्से का ही पुनर्चक्रण हो पाता है। इस तरह इसका 80 फीसद हिस्सा समुद्र में जा रहा है। इसमें माइक्रोप्लास्टिक का हिस्सा सबसे ज्यादा होता है।

समुद्री पक्षी प्लास्टिक के कारण असमय मौत का शिकार बन रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक हर वर्ष करीब एक लाख समुद्री जीव मर जाते हैं। कई जीव-जंतु और पक्षी तो विलुप्त हो गए। इसके अतिरिक्त समुद्र, नदियों और झीलों का जल भी प्रदूषण का शिकार हो गया। कस्बों और गांवों के कुओं और नहरों का जल भी प्लास्टिक के कारण प्रदूषित हो गया है। एक सर्वेक्षण के मुताबिक सत्तर के दशक के बाद प्लास्टिक का उपयोग शहरी, ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में बढ़ता गया। अब यह कई बीमारियों का कारण बन गया है। अब तो प्लास्टिक के बगैर काम नहीं चलता। जाहिर है, इसके असर से बचना नामुमकिन है।

उपयोग में आने वाले प्लास्टिक को जलाने से कई तरह की जहरीली गैसें पैदा होती हैं, जिनमें नाइट्रिक आक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड और कार्बन मोनोआक्साइड प्रमुख हैं। इन गैसों से फेफड़ों और आंखों की बीमारियां, कैंसर, मोटापा, मधुमेह, थायराइड, पेट और सिर दर्द तथा कब्ज जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। नए शोध के अनुसार, प्लास्टिक से बने बर्तनों के उपयोग से इसमें मौजूद नुकसानदेह रसायन खाद्य पदार्थों में घुलकर हमारे शरीर में पहुंच जाते हैं, जिससे पेट, सिर, फेफड़े और आंख से संबंधित समस्याएं पैदा हो जाती हैं। महिलाओं में प्लास्टिक के अधिक उपयोग के कारण बांझपन आ सकता है। नदियों, झीलों और समुद्र के किनारे उगी वनस्पतियों और पेड़ों पर इसका असर अधिक देखा गया है।

माइक्रोप्लास्टिक पर दुनियाभर में लगातार शोध जारी हैं। एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन के मुताबिक इंसानी शरीर खासकर मस्तिष्क पर माइक्रोप्लास्टिक का असर बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इससे मस्तिष्क की मूल संरचना में बदलाव आ रहा है। दिल का दौरा और मस्तिष्क आघात की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। जांच के सभी नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक पाए जाने के प्रमाण मिले। गौरतलब है कि प्लास्टिक प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। शोध बताता है कि यह कैंसर और मनोभ्रंश का बहुत बड़ा कारण बन रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण जिस तरह गहरा होता जा रहा है, उसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। पिछले पांच दशकों में प्लास्टिक प्रदूषण मानव सभ्यता के लिए खतरनाक बनता चला गया है। पहाड़ों से लेकर समुद्र की गहराइयों तक, धरती का कोई भी कोना शायद ही बचा हो जहां प्लास्टिक न पहुंचा हो। मनोभ्रंश से प्रभावित लोगों के मस्तिष्क में छह गुना ज्यादा माइक्रोप्लास्टिक मिलना चिंता की बात कही जा रही है। ऐसे मरीजों के मस्तिष्क में सामान्य लोगों की तुलना में छह गुना माइक्रोप्लास्टिक अधिक पाया गया है।

माइक्रोप्लास्टिक के खतरे और दुष्परिणामों से क्या मनुष्यों को बचाया जा सकता है? क्या इसके बढ़ते असर को रोक पाना संभव होगा? लोगों को इससे बचाने के लिए ऐसे क्या कदम उठाए जा रहे हैं और हर व्यक्ति किस तरह माइक्रोप्लास्टिक के असर से बच सकता है? इन मसलों पर भी लगातार शोध किए जाने चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले वक्त में माइक्रोप्लास्टिक से बचने-बचाने के बेहतर तरीके खोजे जा सकेंगे।

# कृषि घटकों के समन्वित उपयोग से अपनी आय बढ़ाएं : डीएम

**डीएम ने लिया जूट डेकोर्टिकेटर मशीन से रेशा निकालने के प्रत्यक्षण का जायजा**

**डंडखोरा/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के रायपुर पंचायत अन्तर्गत सोंती गांव में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा अनुशंसित डेकोर्टिकेटर मशीन द्वारा जूट के रेशे निकालने के प्रत्यक्ष प्रदर्शन का जिला पदाधिकारी  ने कृषि विभाग के पदाधिकारियों के साथ जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने स्थानीय किसानों  से विभाग से मिल रहे लाभ को लेकर पूछताछ भी की।जिला पदाधिकारी ने सुभाष मंडल के घर मखाना पॉपिंग मशीन के प्रदर्शन का जायजा लिया तो उसके हीं पोखर में हो रहे मत्स्य पालन का भी जायजा लिया एवं मत्स्य पालन से जुड़ी आवश्यक पूछताछ कर संतोष जताया।





इस दौरान निमार्ता कंपनी के वैज्ञानिक डा.विद्या भूषण शंभू की टीम ने जूट डेकोर्टिकेटर मशीन से जूट के तने से रेशा निकालने का किसानों के साथ प्रदर्शन किया।जिला पदाधिकारी तथा जिला कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार ने मशीन में जूट के हरे पौधों को डालकर रेशे को अलग किया।वैज्ञानिकों ने मशीन की उपयोगिता, प्रसंस्करण की प्रक्रिया तथा किसानों के संभावित लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी।जिला पदाधिकारी ने कृषि विभाग के सहयोग से चल रहे समेकित कृषि प्रणाली एवं मखाना पॉपिंग मशीन का भी जायजा लिया।उन्होंने विभिन्न कृषि घटकों के समन्वित उपयोग, उपलब्ध संसाधनों के प्रबंधन तथा किसानों की आय के बढने की संभावनाओं के बारे भी आवश्यक जानकारी ली। तथा कृषि विभाग को किसानों की आय बढाने की दिशा में हर संभव उपाय करने का निर्देश दिया।उप परियोजना निदेशक आत्मा शशि कांत झा ने कहा कि जूट डेकोर्टिकेटर मशीन के माध्यम से जूट के तने से रेशा निकालने की प्रक्रिया को तेज, सुविधाजनक एवं कम श्रम-साध्य तथा कम लागत वाला बता कर किसानों को इसके उपयोग की सलाह दी। जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि किसानों के आय बढाने को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा है।जूट की खेती की अपार संभावनाओं के बाबजूद जिले में इसकी खेती लगातार घटने के कारणों में पारंपरिक तरीके की खेती में गुणवत्ता की कमी होने के कारण लाभ नहीं होना पाया गया।जिसको लेकर नवीन तकनीक की जानकारी किसानों को देने के लिए इस मशीन का प्रत्यक्षीकरण का प्रदर्शन किया जा रहा है।इससे कम लागत और समय में उच्च किस्म का जूट रेशा तैयार कर अधिक कीमत पाया जा सकेगा।उन्होंने कृषि विभाग के सहयोग से चल रहे समेकित कृषि प्रणाली अन्तर्गत  अन्य योजनाओं की जानकारी दी।किसानों से संवाद के क्रम में जिला पदाधिकारी ने क्षेत्रीय मुख्य फसलों मखाना ,जूट आदि के उत्पादन तक सीमित न रहकर प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं बेहतर विपणन से जुड़ने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का वातावरण जूट उत्पादन के लिए अनुकूल है। डीएम ने किसानों को जूट के मूल्यवर्धित अन्य उत्पादों तथा मखाना के विभिन्न प्रसंस्कृत एवं मूल्यवर्धित उत्पादों की संभावनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर तकनीकी संस्थानों के सहयोग से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि उपलब्ध कृषि उत्पादों की क्षमता एवं गुणवत्ता बढ़ाकर किसानों को अतिरिक्त आय एवं ग्रामीण स्तर पर रोजगार की संभावना भी बढ़ेगी। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को किसान समूह एवं एफपीओ के माध्यम से डेकोर्टिकेटर मशीन सहित अन्य वैज्ञानिक तकनीक को किसानों के लिए अधिक सुलभ बनाने का निर्देश दिया।डीएम ने कहा कि लोगों के लिए अन्न उगाने वाला किसान छोटा या बड़ा नहीं होता है।कार्यक्रम का संचालन कृषि समन्वयक अभिनंदन झा ने किया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिवानी गुप्ता, एटीएम सुभाष कुमार,सरपंच संजीव मंडल,पूर्व पंचायत समिति सदस्य बैजनाथ मंडल, कृषि सलाहकार तनवीर आलम, शाहनवाज अहमद,अमित कुमार, राम निरंजन सहित पदाधिकारी एवं कर्मी तथा बड़ी संख्या में जूट महिला एवं पुरुष किसान उपस्थित रहे।

## भाजपा की बैठक में आगामी कार्यक्रम पर विचार विमर्श



**कटिहार, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज राय के अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय में आगामी कार्यक्रम को बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद,पूर्व  सांसद निखिल कुमार चौधरी,भाजपा प्रदेश मंत्री सीमा,झा,जिला महामंत्री रामनाथ पांडे ,सौरभ कुमार मालाकार, जिला उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चौधरी, अशोक गुप्ता, गौरव पासवान उपस्थित रहे ।जिला अध्यक्ष मनोज राय में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित किया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश की निदेर्शानुसार मंडल शक्ति केंद्र एवं जिला की बैठक महीने में एक बार विभिन्न विभिन्न तिथियां में करने का काम करती है इसे और प्रभावशाली बनाने का जिला अध्यक्ष ने संबंधित कार्यकताओं को निर्देश दिया। जिलाध्यक्ष ने आगामी कार्यक्रम को निमित्त कई विषयों पर महत्वपूर्ण बातें कही। जिसमें उन्होंने कहा कि 14 अगस्त को विभाजन विभासिका दिवस मनाया जाएगा। जिसमें पूर्व संध्या में जिला प्रभारी मंत्री एवं बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी शामिल होंगे। जिसमें 14 अगस्त के संध्या में मशाल जुलूस निकाला जाएगा। जिले के मुख्यालय में एवं मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा भव्य रूप से निकलने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को भाजपा जिला कार्यालय में झंडोतोलन भी किया जाएगा। साथ-साथ उन्होंने संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जयंती कार्यक्रम को मंडल स्तर पर विभिन्न विभिन्न कार्यक्रमों के निमार्ता शक्ति केंद्र पंचायत से लेकर बूथ तक करने को लेकर विशेष तैयारी करने क को लेकर विशेष रूप से चर्चा किया।

## हर घर झंडा अभियान हेतु निकाली गई प्रभातफेरी



**डंडखोरा /कटिहार/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हर घर झंडा कार्यक्रम को लेकर प्रखंड क्षेत्र विद्यालयों की ओर से पोषक क्षेत्र के लोगों को जागरुक किया जा रहा है।शिक्षकों के नेतृत्व में छात्र-छात्राएं हाथ में तिरंगा लेकर हर घर पर तिरंगा लहराने का आह्वान करते देखे गये।

उमवि रामभद्रपुर एवं प्राथमिक विद्यालय नीमाकोल  द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शुभम प्रकाश स्वयं शामिल रहे। इस दौरान  पोषक क्षेत्र रामभद्रपुर,हाजी टोला आदि का भ्रमण कर लोगों को स्वतंत्रा दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों पर भी झंडा लहराने की अपील की गई। प्रभात फेरी में विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार  शिक्षक मणि भूषण,अनिल कुमार साह, त्रिपुरारी सिंह यादव,अजीत कुमार पासवान, अरुण कुमार सिंह प्रतिमा कुमारी,नरेश कुमार दास  सहित शिक्षा सेविका तबस्सुम खातून एवं सैकड़ों की संख्या में स्कूली बच्चे शामिल रहे।

## 32.400 लीटर विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मनिहारी पुलिस ने वाहन जांच के दौरान पकड़ा, बाइक भी जब्त**

**मनिहारी /कटिहार, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मनिहारी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 32.400 लीटर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

मौके से शराब ढोने में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। मनिहारी थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा को सूचना मिली थी कि एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति अवैध विदेशी शराब लेकर मुजवर मोड़ की ओर से गुजरने वाला है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने मुजवर मोड़ के पास वाहन जांच अभियान शुरू किया।



इसी दौरान पुलिस को देखकर एक मोटरसाइकिल सवार भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस बल के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान प्रदीप कुमार मंडल, पिता बलराम मंडल, निवासी दोगच्छी केवाला, थाना मनिहारी, जिला कटिहार के रूप में हुई है। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके पास से कुल 32.400 लीटर विदेशी शराब बरामद की। साथ ही शराब तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया।

पुलिस ने आरोपित को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है। मामले में कांड दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी

## शॉट सर्किट से आग लगने पर मवेशी झुलसा



**हसनगंज /कटिहार, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के जगरनाथपुर पंचायत अंतर्गत नवादा गांव में मंगलवार की देर रात्रि बिजली के शॉट सर्किट से मवेशी घर में आग लग गई। इस घटना में गाय,बछड़ा और बकरी झुलस गया जबकि कई मुर्गे मुर्गियों के झुलसने से मौत हो गई।पीड़ित मरजीना खातून ने बताया कि रात करीब एक बजे परिवार के सभी लोग सो रहे थें। इसी दौरान बिजली के शॉट सर्किट से टीन छप्पर वाले मवेशी घर में अचानक आग लग गई।आग की चपेट में आने से वहां बंधी गाय, बछड़ा व बकरी बुरी तरह झुलस गया। वहीं कई मुर्गे मुर्गियों की मौत हो गई। झुलसे मवेशियों का उपचार किया जा रहा है। अंचल अधिकारी कृष्ण मोहन कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से मिलने वाली सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जाएगी।

## शहर में छिनतई की घटना से लोगों में भय का वातावरण : कुणाल

**कटिहार, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।**  शहर में छिनतई की घटना से लोगों में भय का वातावरण बन गया है।राजद के राजद निवर्तमान प्रदेश महासचिव समरेन्द्र कुणाल ने यह बात कही । उन्होने कहा कि शहर के कोने कोने में महिलाओं का सोने की चेन स्नैचिंग हो रहा है। पुरुष का भी होने लगा है। लोगों के लिए कितनी जेवर हार कुछ भी पहनना खतरा से कम नहीं है। पिछले चार दिनों में अपराधियों ने दिनदहाड़े छीन छोर किया है। सहायक थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के बाहर जेपी चौक पर पूर्व रेलवे कर्मचारी की पत्नी रीना झा  का कीमती जेवर छीना गया। उसके दो दिनों बाद ही जीसो फैक्ट्री के पास एक पुरुष उज्जवल कुंडु का कीमती चेन स्नैचिंग किया गया है। श्री कुणाल ने कहा कटिहार पुलिस पूरी लोगों की सुरक्षा को लेकर बेहद लापरवाह है। उन्होंने जनता से अपील करते कहा कीमती जेवर पहन कर लोग सड़कों पर नहीं निकले बिहार में पुलिस सुस्त अपराधी चुस्त है।



## हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्राथमिक, मध्य,उच्च विद्यालय से निकाली गई तिरंगा रैली



**मनसाही/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के भेड़मारा पंचायत के मध्य विद्यालय हरिप्रसाद एवं उच्च विद्यालय भेड़मारा के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत विद्यालय परिसर से महादलित टोला तक तिरंगा रैली निकाली गई,जिसका नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी कर रहे थे। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी ने कहा कि जिला पदाधिकारी के निदेर्शानुसार हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

इस कड़ी में मध्य विद्यालय हरिप्रसाद, उच्च विद्यालय भेड़मारा, आदर्श मध्य विद्यालय रानीपतरा सिंधिया,प्राथमिक विद्यालय साहबनगर, प्राथमिक विद्यालय काली स्थान बिशनपुर,मध्य विद्यालय मनसाही का चयन किया गया था। जिसमें छात्र एवं छात्राओं के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने-अपने पोषक क्षेत्र के महादलित टोला में तिरंगा रैली निकाली गई। वहीं मध्य विद्यालय हरिप्रसाद के प्रधानाध्यापक मु. कमरुल हक ने कहां की तिरंगा रैली का मुख्य उद्देश्य हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से आम नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान देश भक्ति व राष्ट्रीय एकता की भावना को ओर मजूबत करना हैं। इसी को लेकर आम लोगों को तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं। इस अवसर पर भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष बब्बन सिंह,जदयू के प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष बलराम पोद्दार,प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार,साहेबनगर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद तज्जमुल हक,उच्च विद्यालय भेड़मारा मामून रशीद, रानीपतरा सिंधिया के प्रधानाध्यापक अखिलेश यादव, पैक्स अध्यक्ष भेड़मारा मोहम्मद रज्जाक,शिक्षक नजीर अहमद,शिक्षा सेवक मिथिलेश कुमार, विमल, मतीन,नजीर स्वच्छताग्राही अशरफ अली,समाजसेवी रंजन झा सहित पंचायत के कर्मी,आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका,जीविका दीदी आदि उपस्थित रहे ।

## तिरंगे के सम्मान में रेलवे कर्मियों ने निकाली मोटरसाइकिल रैली

**जमालपुर(मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवादाता।** हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने और लोगों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान व देशभक्ति की भावना जगाने के उद्देश्य से रेलवे की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को रेलवे कर्मियों ने लोको शेड से जमालपुर स्टेशन तक मोटरसाइकिल रैली निकाला। हाथों में तिरंगा लेकर अधिकारी और कर्मचारी पूरे उत्साह के साथ मार्च में शामिल हुए। मोटरसाइकिल रैली का नेतृत्व सीनियर डीएमई केके दास ने किया। इस दौरान कर्मचारियों ने लोगों को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। सीनियर डीएमई ने कहा कि तिरंगा केवल देश का राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्रीय भावना से जोड़ना है।

## विद्यार्थी परिषद  ने सदस्यता अभियान का पोस्टर विमोचन किया

**कटिहार, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की  आगामी कार्यक्रम सदस्यता अभियान जो 30 अगस्त तक चलेगी उसका पोस्टर विमोचन किया गया । इस मौके पर विभाग सह संयोजक विक्रांत सिंह ने कहा कि यह अभियान छात्र-छात्राओं को संगठन से जोड़ने तथा राष्ट्रहित, छात्रहित एवं समाजहित के कार्यों को गति देने के उद्देश्य से शुरू किया गया।

भियान के दौरान कॉलेज परिसर में छात्र-छात्राओं को अभाविप के विचारों, उद्देश्यों और रचनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी गई।कार्यकताओं ने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में संगठन की सदस्यता ग्रहण करने का आह्वान किया। इस मौके पर जिला संयोजक रोहन प्रसाद ने कहा कि विद्यार्थी परिषद केवल एक छात्र संगठन नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ शिक्षा, संस्कार, सेवा और राष्ट्रहित के लिए निरंतर कार्य करता है। संगठन का उद्देश्य विद्यार्थियों की समस्याओं को मजबूती से उठाने के साथ उन्हें सामाजिक एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सहभागी बनाना है।



इस मौके पर जिला सदस्यता प्रमुख रवि सिंह ने कहा कि  इस साल दस हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य लिया गया है। सदस्यता अभियान को लेकर  30 अगस्त तक आयोजन होगी एबीवीपी का सदस्यता अभियान केवल सदस्यों की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि युवाओं को 'राष्ट्र निर्माण' की विचारधारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि परिषद विद्यार्थियों को नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व विकास का बेहतरीन मंच प्रदान करती है। इस मौके पर प्रदेश सह मंत्री विनय सिंह, नगर मंत्री राजा यादव,नगर सह मंत्री मोनू यादव, अमित गुप्ता, विशाल सिंह,धुव झा, कृष कुमार मो. हैदर आदि उपस्थित रहे ।

## जमालपुर में 5 सितंबर से सजेगा महिला फुटबॉल का महासंग्राम

**जमालपुर(मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अजय कुमार सिंह बच्चन मेमोरियल महिला फुटबॉल टूनार्मेंट-2026 के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को हरी सभा के प्रांगण में इलेवन स्टार एथलेटिक क्लब के सदस्यों एवं एमएलसी लालमोहन गुप्ता की उपस्थिति में विशेष बैठक आयोजित की गई। टूनार्मेंट का आयोजन 5 से 13 सितंबर तक जमालपुर में किया जाएगा। बैठक में प्रतियोगिता को भव्य और व्यवस्थित बनाने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक शुरू होने से पहले इलेवन स्टार एथलेटिक क्लब के पुराने सदस्य विमल कुमार मिश्रा के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उनका निधन 6 अगस्त को मुंबई में हुआ था। सदस्यों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## कमजोर मन से नहीं होता तप – मुनि प्रशांत

**कटिहार, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुनिश्री प्रशांत कुमारजी मुनिश्री कुमुद कुमार जी के सान्निध्य में श्रीमती सिम्मी बैंगाणी का तपाभिनंदन समारोह आयोजित हुआ। जनसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री प्रशांत कुमार जी ने कहा - तपस्या करना सरल काम नही है। जहां मन कमजोर होता है वहां काम नहीं होता है। सिम्मी ने निश्चय कर लिया और मनोबल से उसे पूरा निभा भी लिया। अच्छी बात है जीवन में पहली बार तपस्या कर गौरव बढ़ाया है। परिवार में खुशी का माहौल है। तपस्या की शक्ति बहुत बड़ी होती है। तपस्या करने वाला साधक न केवल तन को तपाता है अपितु अपने मन को भी वश में करता है।तप से सब अच्छा ही होता है। परिवार में पीहर में खुशी है कि यह धर्म में आगे बढ़ रही है। तपस्या करके स्वतः धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। ऊंचे मनोबल से सारे काम पूर्ण होते है। बहुत साधुवाद। मुनिश्री कुमुद कुमार जी ने कहा - गुरुदेव की कृपा से कटिहार में तपस्या का अच्छा क्रम चल रहा है। चातुर्मास की समाप्ति तक यहां तप की गंगा बहती रहनी चाहिए। ऋषभ बैंगाणी ने तप में साथ निभाया है। चातुर्मास का समय विशेष धमार्राधना का होता है।हनुमान नाहटा, जितेश बैंगाणी, श्रेयांस खटेड़ ने विचार व्यक्त किए। सभा की ओर से साहित्य से सम्मानित किया गया।



## रेल अप्रेंटिस छात्रों की बैठक में रोजगार नीति स्पष्ट करने की मांग



**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईस्ट कॉलोनी दुर्गा स्थान परिसर में बुधवार को रेल अप्रेंटिस छात्रों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में रेल अप्रेंटिस छात्र शामिल हुए और रेलवे की प्रशिक्षण एवं भर्ती प्रक्रिया को लेकर अपनी चिंताएं और सुझाव साझा किए। बैठक का नेतृत्व रेल अप्रेंटिस संगठन, जमालपुर शाखा के अध्यक्ष अवधेश कुमार ने किया।बैठक के दौरान छात्रों ने कहा कि रेलवे में प्रत्येक वर्ष अप्रेंटिस प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं की संख्या बढ़ रही है, लेकिन प्रशिक्षण पूरा करने के बाद रोजगार के अवसर अपेक्षाकृत कम होते जा रहे हैं। इससे प्रशिक्षित युवाओं में भविष्य को लेकर असमंजस और चिंता बढ़ रही है।

मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदन पासवान ने सरकार की प्रशिक्षण नियमावली पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्तमान व्यवस्था को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सरकार रोजगार नीति से अधिक बेरोजगारों की संख्या बढ़ाने वाली नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि रेलवे में हर वर्ष प्रशिक्षण लेने वाले अप्रेंटिस छात्रों की संख्या में वृद्धि हो रही है, लेकिन उसी अनुपात में नियुक्तियों की संख्या नहीं बढ़ाई जा रही है।उन्होंने मांग की कि रेलवे में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अप्रेंटिस छात्रों की संख्या के अनुपात में नियुक्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही रेलवे के सेफ्टी कैटेगरी में लंबे समय से रिक्त पड़े पदों को अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं के माध्यम से भरने की दिशा में ठोस पहल की जाए।बैठक में शामिल अमन कुमार, अमित कुमार, गौतम कुमार, प्रेम कुमार, जितेंद्र कुमार, राजीव कुमार, अमित कुमार मंडल, राजू तांती, मुन्ना यादव, रोहित कुमार और उदय कुमार सहित अन्य छात्रों ने एक स्वर में कहा कि केंद्र सरकार को प्रशिक्षण नियमावली में रोजगार का प्रावधान स्पष्ट करना चाहिए। छात्रों ने कहा कि जिस अनुपात में युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, उसी अनुपात में उनके लिए रोजगार के अवसर भी सुनिश्चित किए जाने चाहिए।अप्रेंटिस छात्रों ने सरकार से ऐसी स्पष्ट और स्थायी रोजगार नीति बनाने की मांग की, जिससे प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को अपने भविष्य के लिए अनिश्चितता का सामना न करना पड़े और हर प्रशिक्षित अप्रेंटिस को योग्यता एवं प्रशिक्षण के अनुरूप रोजगार का अवसर मिल सके।

# 15 अगस्त से पहले भूमि जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश

## उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व एवं विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हजारीबाग।** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में राजस्व विभाग, भू-अर्जन, एनटीपीसी, एनएच सहित विभिन्न परियोजनाओं एवं आधारभूत संरचनाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनटीपीसी की पकरी बरवाडीह, केरेडारी एवं चट्टी बरियातू कोल परियोजनाओं से संबंधित भूमि अधिग्रहण, मुआवजा भुगतान, पंचायत भवन डिमोलिश की स्वीकृति, म्यूटेशन, जांच प्रतिवेदन एवं मेजरमेंट सहित विभिन्न मामलों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को लंबित मामलों का नियमानुसार शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में विभिन्न परियोजनाओं एवं आधारभूत संरचनाओं से संबंधित भूमि जांच प्रतिवेदन, एफआरए, वंशावली, वैल्युएशन, स्कूल शिफ्टिंग तथा नर्सिंग कॉलेज निर्माण के लिए भूमि चिह्नित कर भूमि हस्तांतरण सहित अन्य समस्याओं को परियोजना प्रतिनिधियों द्वारा उपायुक्त के समक्ष रखा गया। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को 15 अगस्त से पूर्व क्षेत्र भ्रमण कर भूमि से संबंधित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

**राजस्व विभाग के कार्यों की भी हुई समीक्षा**

बैठक में राजस्व विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान पीजी पोर्टल, भू-मापी, म्यूटेशन, दाखिल-खारिज, सो-मोटो म्यूटेशन, ई-रिवेन्यू कोर्ट, आरसीएमएस ऑनलाइन रिपोर्ट, ऑनलाइन लगान, परिशोधन पोर्टल सहित अन्य राजस्व संबंधी मामलों की प्रगति की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को एलपीसी निर्गत करने में विशेष सावधानी बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अंचलाधिकारी को शीघ्र ही एलपीसी निर्गत करने के लिये नए एलपीसी फॉर्म उपलब्ध कराई जाएगी। फॉर्म में मांगी गई सभी जानकारियां स्पष्ट, तथ्यात्मक एवं निष्पक्ष रूप से दर्ज करेंगे।

उपायुक्त ने सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण के मामलों की समीक्षा करते हुए सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने म्यूटेशन एवं रिजेक्टेड मामलों की भी समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। बैठक में उपायुक्त हेमन्त सती के अलावा उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह, अपर समाहर्ता महेंद्र छोटन उरांव, भू-अर्जन पदाधिकारी सह डीसीएलआर राजकिशोर प्रसाद, बरही एसडीओ जोहन टुडू, सभी अंचलाधिकारी, अंचल निरीक्षक, कर्मचारी, विभिन्न परियोजनाओं के प्रतिनिधि एवं संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# गारु करुहा रेलवे ओवरब्रिज पर 15 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार, 350 ग्राम गांजा भी बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पदमा (हजारीबाग)।** हजारीबाग जिले के पदमा ओपी क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों की अवैध खरीद-बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 15 ग्राम ब्राउन शुगर और 350 ग्राम गांजा बरामद किया है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं, ब्राउन शुगर की आपूर्ति करने वाले एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

पुलिस के अनुसार, 11 अगस्त 2026 की शाम करीब 6:30 बजे पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली थी कि गारु करुहा रेलवे ओवरब्रिज पर कुछ लोगों द्वारा अवैध ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए बरही एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर के नेतृत्व में छापामारी दल गठित किया गया। दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गारु करुहा रेलवे ओवरब्रिज से लखिन्द्र कुमार डांगी (30 वर्ष), पिता जागेश्वर डांगी, ग्राम ढोढ़ी, थाना मयुरहण्ड, जिला चतरा को 15 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा। वहीं विशाल कुमार यादव (21 वर्ष), पिता लक्ष्मी यादव, ग्राम मेलकाना, थाना चौपारण, जिला हजारीबाग को 350 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में ब्राउन शुगर के साथ पकड़े गए लखिन्द्र कुमार डांगी ने पुलिस को बताया कि उसने उक्त ब्राउन शुगर सुरेन्द्र डांगी, पिता श्यामलाल डांगी, ग्राम ढोढ़ी, थाना मयुरहण्ड, जिला चतरा से खरीदा था। इसके बाद पुलिस ने सुरेन्द्र डांगी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

इस मामले में बरही (पदमा) थाना कांड संख्या 279/2026, दिनांक 12 अगस्त 2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 15 ग्राम ब्राउन शुगर, 350 ग्राम गांजा, हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल और होंडा सिटी कार बरामद की है। छापामारी दल में बरही एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर, बरही अंचल के पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार, पदमा ओपी प्रभारी श्रवण कुमार, एसआई संदीप कुमार, राजेश कुमार हाजरा, बिपिन बिहारी सिंह, आलोक कुमार सोरेन सहित पदमा ओपी के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# जेन जेड एवं भारतीय राजनीतिक व्यवस्था पर व्याख्यान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिलाय विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग में बुधवार को जेन जेड एवं भारतीय राजनीतिक व्यवस्था विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन कौटिल्य कक्ष में किया गया। कार्यक्रम में विभाग के प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं छात्र-छात्राओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मनोज कुमार के स्वागत वक्तव्य से हुआ। उन्होंने आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्था में युवाओं, विशेषकर जेन जेड, की बदलती भूमिका तथा समकालीन राजनीति में उनकी बढ़ती भागीदारी की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। प्रो. मुनेश्वर यादव ने राजनीतिक विचारों एवं समकालीन राजनीतिक संकटों के वैज्ञानिक और तुलनात्मक अध्ययन की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. जितेन्द्र नारायण ने भारतीय राजनीतिक दर्शन तथा आचार्य चाणक्य के विचारों का उल्लेख करते हुए राज्य की आवश्यकता और भूमिका पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। डॉ. बी. आर. अंबेडकर के विचारों का संदर्भ देते हुए प्रो. नारायण ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली के प्रति असहमति व्यक्त करना नागरिकों का लोकतांत्रिक अधिकार है। हालांकि, असहमति का स्वरूप संवैधानिक और लोकतांत्रिक होना चाहिए। उन्होंने जेन जेड के युवाओं से अपील की कि वे किसी के बहकावे में आकर अराजकता या हिंसक गतिविधियों का मार्ग न अपनाएं, बल्कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के दायरे में रहकर देश के निर्माण में रचनात्मक भूमिका निभाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने जेपी आंदोलन और अन्ना आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय राजनीति में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का एक लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में राजनीतिक संचार के माध्यम भले ही बदल गए हों, लेकिन युवाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं के प्रति सतर्क रहना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से तथ्यों की जांच कर निष्पक्ष, तार्किक और विवेकपूर्ण दृष्टिकोण विकसित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रघुवीर रंजन ने मुख्य वक्ता, विभागाध्यक्ष, सभी प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। समग्र रूप से कार्यक्रम में जेन जेड की राजनीतिक भूमिका, लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक व्यवस्था तथा समकालीन भारतीय राजनीति में युवाओं की जिम्मेदारियों पर सार्थक चर्चा हुई।

# स्कूल, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केंद्रों में पेयजल सुविधा का होगा सत्यापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में बुधवार को समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जल जीवन मिशन जेजेएम एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फ़ेज-II के तहत संचालित योजनाओं की प्रखंडवार एवं योजनावार प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजना का निर्माण पूरा होना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उसके बाद नियमित संचालन और रख रखाव भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए अधिकारियों एवं अभियंताओं को क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति की



निगरानी करने तथा तकनीकी या संचालन संबंधी समस्याओं का तत्काल समाधान करने को कहा गया स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल व्यवस्था की होगी जांच। उपायुक्त ने जिले के सभी विद्यालयों आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में पेयजल सुविधा की उपलब्धता और कार्यशीलता का सर्वे व सत्यापन कराने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि जहां पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं है अथवा व्यवस्था खराब है वहां तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए कनीय अभियंताओं प्रखंड समन्वयकों एवं जल गुणवत्ता से जुड़े कर्मियों को संस्थानवार सर्वे कर वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया। बैठक में पेयजल की गुणवत्ता को लेकर भी विशेष निर्देश दिए गए उपायुक्त ने जल स्रोतों और आपूर्ति किए जा रहे पानी की नियमित जांच कराने तथा गुणवत्ता संबंधी समस्या मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा उन्होंने अधिकारियों को जल जीवन मिशन के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए बेहतर समन्वय के साथ काम करने और योजनाओं की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए नियमित निगरानी जनभागीदारी और जागरूकता गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया कहा कि पेयजल और स्वच्छता एक दूसरे के पूरक है इसलिए दोनों क्षेत्रों में समन्वित तरीके से काम करने की आवश्यकता है। बैठक में उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी सहायक समाहर्ता यश कुमार पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या-2 के कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार सहित कनीय अभियंता प्रखंड समन्वयक एवं संबंधित कर्मी मौजूद थे।

# डीएम ने पीएम सूर्य घर योजना के लाभुकों से किया संवाद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** डीएम भोजपुर तनय सुल्तानिया द्वारा अख्तियारपुर, बामपाली में पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत स्थापित सोलर रूफटॉप पैनल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा लाभुकों के आवास पर स्थापित सोलर रूफटॉप पैनल का जायजा लिया गया तथा इसके माध्यम से हो रहे विद्युत उत्पादन एवं योजना से प्राप्त हो रहे लाभ की जानकारी ली गई। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने योजना की लाभुक शकुंतला देवी एवं अमीर चंद्र राम से संवाद किया तथा सोलर पैनल स्थापित होने के बाद उन्हें मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने लाभुकों से पूछा कि सोलर पैनल लगने के बाद विद्युत बिल में किस प्रकार की कमी आई है तथा सौर ऊर्ज़ा से उन्हें क्या-क्या लाभ प्राप्त हो रहा है। लाभुकों द्वारा बताया गया कि सोलर रूफटॉप पैनल के माध्यम से घर की विद्युत आवश्यकता को सौर ऊर्ज़ा से पूरा करने में मदद मिल रही है तथा इससे विद्युत बिल में कमी लाने में लाभ हो रहा है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के माध्यम से आमजन को स्वच्छ एवं हरित ऊर्ज़ा अपनाने का अवसर मिल रहा है। रूफटॉप सोलर के उपयोग से घरेलू विद्युत खर्च को कम करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। जिला पदाधिकारी ने जिले में पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत 9,000 से अधिक सोलर रूफटॉप पैनल स्थापित किए जाने के निर्धारित लक्ष्य की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कार्य में और तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने पात्र परिवारों तक योजना की जानकारी पहुंचाने, आमजन को जागरूक करने तथा अधिक से अधिक पात्र लाभुकों को योजना से जोड़ने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, भोजपुर, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर आरा, सहायक समाहर्ता, निदेशक, डीआरडीए, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, विद्युत तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं अभियंता उपस्थित थे।

# बघउतपुर से धरहरा एवं चंदवा से बघउतपुर पथ की प्रगति का डीएम ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा बघउतपुर से धरहरा एवं चंदवा से बघउतपुर पथ के प्रगति कार्य का स्थल निरीक्षण किया गया। दोनों पथों की कुल लंबाई 7.5 किमी है। पथ के प्रगति कार्य का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम द्वारा पथ निर्माण कार्य की वर्तमान प्रगति, गुणवत्ता एवं कार्य की समयबद्धता की जानकारी संबंधित पदाधिकारियों से ली गई। उन्होंने पथ के आसपास किए गए अतिक्रमण को भी चिन्हित करते हुए अतिक्रमणमुक्त कराने का निर्देश दिया, ताकि पथ का सुचारू एवं सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित हो सके। डीएम ने निर्देश दिया कि अतिक्रमणमुक्त कराई गई भूमि का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने वन एवं पर्यावरण विभाग के माध्यम से उक्त भूमि पर वृक्षारोपण कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। इसके अतिरिक्त उन्होंने नगर निगम को आवश्यकतानुसार वेंडिंग जोन विकसित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित वेंडिंग जोन के निर्माण से एक ओर सड़क पर लगने वाले जाम की समस्या के समाधान में मदद मिलेगी, वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए पथ निर्माण एवं उससे संबंधित सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने का निर्देश दिया। अवसर पर सदर एसडीओ, सहायक समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, परियोजना निदेशक बुडको, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण, शाहाबाद प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, आरा, डीपीआरओ, सीओ आरा सदर सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं अभियंता उपस्थित थे।

# ताजपुर-बख्तियारपुर परियोजना व गंगा कटाव प्रभावित क्षेत्रों का डीएम ने किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने बुधवार को ताजपुर-बख्तियारपुर परियोजना के विभिन्न कार्यस्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, भूमि संबंधी मामलों और परियोजना के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं अभियंताओं से कार्यों में आ रही समस्याओं और लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए आपसी समन्वय के साथ आवश्यक कार्रवाई करने तथा परियोजना के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने गंगा नदी के कटाव से प्रभावित क्षेत्रों का भी जायजा लिया। उन्होंने संवेदनशील स्थलों पर कटाव की स्थिति तथा वहां चल रहे कटाव निरोधक एवं सुरक्षात्मक कार्यों का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद अभियंताओं से नदी के जलस्तर, कटाव की वर्तमान स्थिति और किए जा रहे कार्यों की तकनीकी जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कटाव प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जाए और संवेदनशील स्थानों पर आवश्यकता के अनुसार सुरक्षात्मक एवं कटाव निरोधक कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएं। उन्होंने अभियंताओं को नियमित रूप से स्थल का तकनीकी आकलन करने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कटाव प्रभावित इलाकों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए संबंधित विभाग के अधिकारी और अभियंता क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए रखें। निरीक्षण के दौरान जिला भू-अर्जन पदाधिकारी प्रवीण कुमार, सदर एसडीओ राकेश कुमार, पटोरी एसडीओ विकास कुमार पांडेय सहित संबंधित परियोजनाओं के अभियंता एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# युवा शक्ति ही किसी राष्ट्र की असली ताकत : लावण्य कीर्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**दरभंगा।** युवा दिवस 2026 के अवसर पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के संगीत एवं नाट्य विभाग के तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने विभागीय परिसर में 'जन गीत कार्यक्रम' प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का केंद्रीय विषय 'विभिन्न संदर्भ, समान आकांक्षा' था, जिसमें विविध पृष्ठभूमि के युवाओं की चुनौतियों, आशाओं और एकता को सांस्कृतिक एवं संगीतात्मक रूप में व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विभागाध्यक्ष लावण्य कीर्ति सिंह काव्या के उद्घाटन संबोधन से हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, 'युवा शक्ति ही किसी भी राष्ट्र और हमारे संस्थान की असली ताकत है।' विभागाध्यक्ष ने आगे छात्रों की सकारात्मक ऊर्ज़ा, रचनात्मकता और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी पर बल दिया तथा कहा कि हमारा विभाग इन्हीं युवा प्रतिभाओं को मंच देने तथा उनके सकारात्मक एवं कलात्मक विकास के लिए निरन्तर प्रयासरत रहेगा।

प्रस्तुति की मुख्य विशेषताएं : तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार और प्रस्तुत कई प्रासंगिक जन गीत, जिनमें विभिन्न स्थानीय व सामाजिक मुद्दों पर संवेदनशीलता दिखाई गई। संगीत, नृत्य और रंगमंच के संयोजन से बनाई गई बहुआयामी प्रस्तुति, जो श्रोताओं के साथ भावनात्मक जुड़ाव स्थापित करने में सफल रही।युवा प्रतिभाओं के सृजनात्मक पाठ्यकरण और सामूहिकता की प्रभावशाली झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम में विभागीय सभी सदस्य, छात्रगण तथा विश्वविद्यालय के अन्य विभागों के छात्र भी उपस्थित थे। आयोजन के बाद छात्रों और दर्शकों के बीच सक्रिय संवाद और प्रतिक्रिया सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें युवा प्रतिभियों को उनके अनुभव साझा करने का अवसर मिला।

# अनियंत्रित होकर पलटा लोडेड ट्रैक्टर, चालक की मौत

## उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कोहड़ा मोड़ के समीप बुधवार की सुबह घटी घटना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा/उदवन्तनगर।** आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कोहडा मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के समीप बुधवार की सुबह लोडेड ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर आसपास की इलाके में अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक आयर थाना क्षेत्र से आयर गांव निवासी बंधु मुसहर का 21 वर्षीय पुत्र रंजीत मुशहर है। वह पेशे से चालक था। हालांकि वह बचपन से ही मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव स्थित ननिहाल में अपने मामा योगेंद्र मुसहर के घर रहता था। इधर, मृतक की पत्नी दुर्गावती देवी ने बताया कि वह बुधवार की सुबह हसनपुरा गांव स्थित चिमनी भट्टा से ट्रैक्टर पर राबीश लोड कर कोहडा गांव जा रहा था। इस बीच कोहड़ा मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के समीप उसका ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर की ट्राली के नीचे दबने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उदवंतनगर पुलिस द्वारा सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाइयों में बड़ा था। उसके परिवार में मां विजयन्ती देवी, पत्नी दुर्गावती देवी एवं एक पुत्री नंदिनी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# विधायक नरेंद्र सिंह को कोर्ट ने किया रिहा

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले की एमपीएमएलए न्यायालय के विशेष न्यायाधीश ब्रजेश कुमार सिंह ने मुफ्फसिल थाना काण्ड संख्या 98/2014 के आरोपी मटिहानी के वर्तमान विधायक नरेंद्र सिंह उर्फ बोगो सिंह को साक्ष्य के अभाव में रिहा करने का आदेश दिया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक राम प्रकाश यादव ने न्यायालय में छह साक्षियों का साक्ष्य करवाया। न्यायालय में काण्ड के सूचक तत्कालीन अंचल अधिकारी निरंजन कुमार, सिंह, सिंघोंल थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार, अनुसन्धानकर्ता ललित कुमार, डॉक्टर गोपाल मिश्रा, होमगार्ड सिपाही अनिरुद्ध यादव, चौकीदार जवाहर पासवान का साक्ष्य अभियोजन की ओर से करवायी गयी। विधायक नरेंद्र सिंह उर्फ बोगो सिंह पर आरोप था कि दिनांक 19 मार्च 2014 को सिंघोल थाना क्षेत्र के एन.एच. 31 के बगल में तौजी नंध 2802, खाता नंध 164 की विवादित जमीन की अपने समर्थकों के साथ जबरदस्ती चाहरदिवारी करवा रहे थे जिसका विरोध कांग्रेस यादव अपने समर्थकों के साथ कर रहा था दोनों पक्षों में निर्माण को लेकर मारपीट की घटना होने लगी जिसकी सूचना पर पुलिस प्रशासन के द्वारा दोनों पक्षों को समझाने बुझाने का प्रयास किया जाने लगा। परन्तु दोनों पक्ष के द्वारा सिंघोल थानाध्यक्ष एवं पुलिस बल पर हिंसक आक्रमण कर दिया गया जिसमें सिपाही अनिरुद्ध यादव गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

# मतदाताओं की सुविधा हेतु राज्य में 311 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी नियुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के दावा एवं आपत्ति चरण में नोटिस, सुनवाई तथा संबंधित मामलों का 5 अगस्त से 3 अक्टूबर 2026 तक समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों से अतिरिक्त सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। जिलों से प्राप्त प्रस्तावों को भारत निर्वाचन आयोग के अनुमोदन हेतु भेजा गया था, जिसे आयोग द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। श्री रवि ने कहा मतदाताओं को इन पदाधिकारियों की नियुक्ति से दावा एवं आपत्ति अवधि में प्राप्त आवेदनों, नो-मैप मतदाताओं, तार्किक विसंगतियों तथा अन्य संबंधित मामलों में नोटिस निर्गत करने, सुनवाई करने, दस्तावेजों का सत्यापन करने और मामलों के पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन में सुविधा एवं तेजी लाई जा सकेगी। मतदाता सूची में विसंगतियों, नो-मैप एवं अन्य त्रुटियों को सुधारने हेतु 24 अगस्त से सुनवाई की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। उन्होंने बताया कि उक्त नियुक्तियां विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की प्रक्रिया पूरी होने तक प्रभावी रहेंगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि उक्त अतिरिक्त सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एसआईआर के क्रम में अपने संबंधित मतदान केंद्र के एक परिवार के मतदाताओं का एक साथ एक मतदान केंद्र पर रखना, घर घर होम टू रोल, एक भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से छुटे नहीं एवं एक भी विदेशी नागरिक मतदाता सूची में नहीं जुड़े इस हेतु भी कार्य करेंगे।

CMYK



# सतलुज जैसी फिल्में छिपे सच सामने लाती हैं, इसलिए मुश्किल में पड़ती हैं

फिल्म 'सतलुज' पर हाल ही में जिमी शेरगिल ने अपना रिएक्शन दिया है। इस फिल्म की रिलीज पर लगी रोक को लेकर जब उनसे सवाल किया गया तो अभिनेता ने कहा कि इतिहास के राजनीतिक रूप से संवेदनशील दौर को दिखाने वाली फिल्में अक्सर मुश्किलों में पड़ जाती हैं, क्योंकि वे छिपे हुए सच सामने लाती हैं। इससे चीजें अपने आप पेचीदा और राजनीतिक हो जाती हैं।

## जिमी शेरगिल ने क्या कहा

संवेदनशील विषय पर बनी फिल्म 'सतलुज' रिलीज क्यों नहीं हो पाई, जबकि इसी तरह के विषय पर बनी उनकी अपनी पहली फिल्म 'माचिस' को काफी सराहा गया था। जिमी शेरगिल ने इसका दिलचस्प जवाब दिया। फिल्म 'सतलुज' रिलीज विवाद को लेकर शेरगिल शेरगिल ने एक इंटरव्यू में कहा, 'राजनीति होती है और हमेशा होती रहेगी, लेकिन जब ऐसे मुद्दों को उठाया जाता है तो यह अच्छी बात है, क्योंकि इससे हर पहलू खुलकर सामने आता है। जब आप संवेदनशील मामलों के किसी एक पहलू को भी छूते हैं, तो दूसरे छिपे हुए पहलू भी सामने आ जाते हैं। तो, यही इसकी राजनीति है'।

## जी5 से हटाई गई सतलुज

बता दें कि एक्टर-सिंगर दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म 'सतलुज' पिछले महीने भारत में रिलीज हुई थी, लेकिन सिर्फ दो दिन बाद ही यह भारत में इस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध नहीं रही। मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा की जिंदगी पर बनी यह फिल्म तीन साल से ज्यादा समय तक सेंसरशिप में फंसी रही और सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने इसमें 127 कट लगाने को कहा था।

## कब रिलीज हुई थी माचिस?

बता दें कि फिल्म 'माचिस' साल 1996 में रिलीज हुई थी। गुलजार निर्देशित फिल्म 'माचिस' 1980 के दशक में पंजाब में उथल-पुथल भरे उग्रवाद के दौर पर आधारित थी। चंद्रचूर सिंह, ओम पुरी और तब्बू जैसे सितारों से सजी यह पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें हिंसा में फंसे लोगों की निजी और राजनीतिक उथल-पुथल को दिखाया गया।



# आलिया ने दीपिका-रश्मिका को पछाड़ा, भारत की सबसे ज्यादा वैल्यू वाली महिला सेलिब्रिटी बनीं

अभिनेत्री आलिया भट्ट बॉलीवुड की सबसे सफल और भरोसेमंद स्टार्स में से एक बन गई हैं। स्क्रीन पर शानदार परफॉर्मेंस देने से लेकर एक कामयाब कारोबारी बनने तक इस अभिनेत्री ने फिल्मों से आगे बढ़कर अपना प्रभाव बढ़ाया है।

## आलिया ने रश्मिका को पछाड़ा

उनकी बढ़ती लोकप्रियता अब लेटेस्ट सेलिब्रिटी ब्रांड रैंकिंग में भी दिखाई दी है, जिसमें वह भारत की सबसे ज्यादा वैल्यू वाली महिला सेलिब्रिटी बनकर उभरी हैं। क्रॉल की सेलिब्रिटी ब्रांड वैल्यूएशन रिपोर्ट 2025 के अनुसार, आलिया ने दीपिका पादुकोण और रश्मिका मंदाना जैसी स्टार्स को पीछे छोड़ते हुए देश का सबसे वैल्यूएबल महिला सेलिब्रिटी ब्रांड का स्थान हासिल किया है।

## किस स्थान पर हैं आलिया?

जहां शाहरुख खान ने ओवरऑल रैंकिंग में टॉप स्थान बनाए रखा, वहीं आलिया ने 93.9 मिलियन (लगभग 892 करोड़ रुपये) की ब्रांड वैल्यूएशन के साथ छठा स्थान हासिल किया। उनकी रैंकिंग उन्हें कई बड़े पुरुष एक्टर्स से भी आगे रखती है। इनमें उनके पति रणबीर कपूर भी शामिल हैं, जो 80 मिलियन (लगभग 761 करोड़ रुपये) की ब्रांड वैल्यूएशन के साथ 10वें स्थान पर हैं।

## दीपिका पादुकोण को छोड़ा पीछे

टॉप 10 में शामिल होने वाली दूसरी महिला सेलिब्रिटी दीपिका पादुकोण हैं। वह 89.2 मिलियन (लगभग 849.35 करोड़ रुपये) की ब्रांड वैल्यू के साथ सातवें स्थान पर हैं।

## कारोबार में किया निवेश

आलिया की लगातार तरक्की सिर्फ फिल्मों में उनकी परफॉर्मेंस की वजह से नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में, एक्ट्रेस ने बॉक्स ऑफिस हिट्स से लेकर कारोबार में भी अपनी खास पहचान बनाई है। वह कई ब्रांड्स से जुड़ी रही हैं।

### बनाया अपना ब्रांड

आलिया भट्ट ने बच्चों और माताओं के लिए अपना एक ब्रांड शुरू किया है। उन्होंने कुछ स्टार्टअप्स में भी निवेश किया है। आलिया भट्ट ने फिल्म प्रोडक्शन के जरिए एक्टिंग के अलावा दूसरे क्षेत्रों में भी अपनी काबिलियत साबित की है।



# आवारापन फिल्म आज भी मेरे लिए बहुत मायने रखती है, 'आवारापन 2' की टीम को मोहित सूरी ने दी बधाई

मोहित सूरी ने 'आवारापन' का पहला पार्ट डायरेक्ट किया था। अब फिल्म का दूसरा पार्ट रिलीज होने वाला है। फिल्म के अगले हिस्से पर बात करते हुए डायरेक्टर थोड़ा भावुक होते नजर आए।

फिल्म के सीक्वल की रिलीज से पहले, उन्होंने सीक्वल के निर्देशक नितिन कक्कड़ और पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। जैसे कोई पुराना प्यार, या ऐसा दोस्त जिससे काफी समय से मुलाकात नहीं हुई, लेकिन आज भी बहुत याद आता है। 19 साल बाद भी यह फिल्म मेरे लिए उतनी ही मायने रखती है। धन्यवाद नितिन कक्कड़, आपने मेरे दिल के इतने करीब चीज को फिर से जिंदा किया, वो भी इतने प्यार, खूबसूरती और संवेदनशीलता के साथ। इस फिल्म पर काम करने वाले कई लोगों के साथ मैं पहले काम कर चुका हूं और आगे भी करूंगा। आप सबने बहुत शानदार काम किया है। इस ट्रेलर को देखकर मुझे बहुत सारी पुरानी यादें ताजा हो गईं।'

## इमरान और दिशा के लिए खास नोट

उन्होंने आगे एक्टर इमरान हाशमी और दिशा पटानी का भी जिक्र किया। मोहित ने आगे लिखा, 'दिशा पटानी, मुझे तुम पर बहुत गर्व है, हमेशा की तरह। और इमरान हाशमी, मेरे हीरो और हमेशा हीरो रहोगे। मुझे यकीन है तुमने इस बार भी अपना पूरा दिल लगा दिया होगा, जैसे 18 साल पहले किया था। और मेरे छोटे भाई विशेष भट्ट- मैंने यह जिम्मेदारी तुम्हें दे दी है, और अब मैं बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं कि दुनिया तुम्हारा जादू देखे। शुभकामनाएं मेरे भाई। ट्रेलर बहुत पसंद आया। आप सभी को ढेर सारी बधाई। सभी लोग 14 अगस्त को सिनेमाघरों में जाकर 'आवारापन 2' जरूर देखें। तो फिर आओ... मुझको सताओ... मुझको रुलाओ।' 'आवारापन 2' के बारे में नितिन कक्कड़ के निर्देशन में बनी और विशेष फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस 'आवारापन 2' 14 अगस्त 2026 को दुनियाभर में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में इमरान हाशमी के साथ दिशा पटानी नजर आएंगी, जो जारा के किरदार में एक्शन करती दिखेंगी।

# क्या सलमान और नयनतारा के साथ नजर आएंगे जैकी श्रॉफ



निर्देशक वामशी पैदिपल्ली के साथ सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'SVC63' की चर्चा बढ़ती जा रही है। एक नई रिपोर्ट से पता चला है कि बॉलीवुड का एक और मशहूर चेहरा इस फिल्म से जुड़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता जैकी श्रॉफ, सलमान खान और नयनतारा स्टारर इस फिल्म की कास्ट में शामिल हो गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जैकी ने मुंबई में फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म में वह एक अहम रोल में नजर आएंगे। चर्चाओं के उलट, वह विलेन का रोल नहीं कर रहे हैं, बल्कि फिल्म की कहानी में एक अहम भूमिका निभा रहे हैं। दावा यह भी है कि राहुल देव, अभिमन्यु सिंह और अरविंद स्वामी फिल्म में विलेन का रोल निभाएंगे। इसमें यह भी बताया गया है कि भारत में शूटिंग का शेड्यूल अगस्त के आखिर तक खत्म होने की उम्मीद है, जिसके बाद टीम छोटे से शेड्यूल की शूटिंग के लिए यूरोप जाएगी। दिलचस्प बात यह है कि पहले ऐसी खबरें थीं कि अनिल कपूर फिल्म में एक अहम रोल निभाएंगे। हालांकि, इसकी अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई। अब जैकी श्रॉफ के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने की खबरों के बीच, यह साफ नहीं है कि क्या उन्होंने वही रोल लिया है जो पहले अनिल कपूर से जुड़ा था।

# जीतने के लिए डाउन एंड डर्टी होने की जरूरत नहीं

मशहूर टीवी होस्ट और अभिनेत्री मिनी माथुर इन दिनों वेब रियलिटी शो 'द अलायंस' की विजेता के तौर पर सुर्खियों बटोर रही हैं। अभिनेत्री ने बातचीत में रियलिटी शो में, स्मार्ट गेमप्ले और डर्टी गेमप्ले के बीच के अंतर पर बात की। अभिनेत्री का मानना है कि ऐसे शोज में कुछ हद तक मैनिपुलेशन होता है। उन्होंने कहा कि कई बार खिलाड़ी अपनी रणनीति के तहत दूसरे का गेम अंडरप्ले करवाने की कोशिश करते हैं। अगर इससे किसी की अपनी रणनीति को फायदा मिलता है, तो यह गेम का हिस्सा माना जा सकता है, हालांकि वह पर्सनल अटैक में विश्वास नहीं करती हैं। उन्होंने कहा कि किसी के जेंडर का अपमान करना गलत है। सिर्फ माहौल खराब करने के लिए चिल्लाना भी सही नहीं है। रणनीति के साथ खेलना और किसी को नीचा दिखाकर आगे बढ़ना, दोनों अलग बातें हैं। इन दोनों के बीच बहुत बारीक फर्क होता है। उम्मीद है मेरी जीत दूसरे रियलिटी शो को यह मैसेज देगी कि जीतने के लिए आपको डाउन एंड डर्टी होने की जरूरत नहीं है। आप गेम के नियमों के अंदर सीधे, तेज, स्ट्रैटजिक और मैनिपुलेटिव भी हो सकते हैं। आप पचास से ज्यादा उम्र की महिला भी हो सकती हैं और फिर भी अपनी आधी उम्र के कंटेस्टेंट को हरा सकती हैं।' मिनी माथुर ने कुशाल टंडन के व्यवहार के बारे में भी बात की। उनका मानना है कि कुशाल वैसे ही हैं जैसे कैमरे में दिखते हैं। शायद यही बात उनके फैंस को पसंद आती है। उन्होंने कहा, 'मुझे कभी नहीं लगा कि वे कैमरों के लिए परफॉर्म कर रहे हैं। असल जिंदगी में भी वे ऐसे ही बात करते हैं। हालांकि कई मौकों पर मैंने उनसे बोला था कि उन्हें अपना अग्रेसन कम करना चाहिए, लेकिन उन्हें लगता था कि उनकी ऑडियंस उन्हें वैसे ही पसंद करती है जैसे वे हैं।' अभिनेत्री नेकहा कि कुशाल बहुत ही सच्चे व्यक्ति हैं क्योंकि शो में वे जिन लोगों के साथ शुरू में खड़े थे, आखिरी तक उन्होंने उनका साथ दिया था। फिर सोहेल भाई हों, रेबा हों या मैं, वे पूरे सफर में सच्चे रहे।





# फरहाना भट्ट ने 'खतरों के खिलाड़ी 15' से जुड़े अनुभव किए साझा

रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शूटिंग के लिए केप टाउन पहुंचीं फरहाना भट्ट के लिए यह सफर सिर्फ खतरनाक स्टंट्स का नहीं बल्कि खुद से लड़ाई का भी था। अमर उजाला डिजिटल से खास बातचीत में उन्होंने उस पल को याद किया, जब एक स्टंट के दौरान सब कुछ छोड़कर भारत लौटने तक का मन बना लिया था।

## रोहित शेट्टी भी रह गए थे हैरान

शो का पहला ही स्टंट फरहाना को उनके कंफर्ट जोन से बाहर ले गया। वह कहती हैं, 'पहला स्टंट ही मेरे कंफर्ट जोन से बहुत बाहर था। मुझे खुद नहीं पता था कि मैं वो स्टंट कर भी पाऊंगी या नहीं। लेकिन जब मैंने उसे पूरा किया तो रोहित सर भी थोड़ा सरप्राइज थे। वो स्टंट मेरी पहुंच और मेरे कंफर्ट जोन, दोनों से बहुत बाहर था।'

## उस पल लगा कि मुझे इंडिया वापस जाना है

फरहाना उस भयावह पल को याद करते हुए कहती हैं, 'एक दिन ऐसा आया था, जब स्टंट के दौरान मेरी जिंदगी का सबसे डरावना पल सामने आया। उस वक्त मेरे दिमाग में सिर्फ एक ही बात चल रही थी कि बस अब मुझे इंडिया वापस जाना है। मुझे घर जाना है। कुछ पल के लिए मैं पूरी तरह घबरा गई थी। सच कहूं तो उस वक्त लगा कि अब मुझसे नहीं होगा।'

## 'खतरों के खिलाड़ी' भी मेरा डर खत्म नहीं कर पाया

जहां कई प्रतियोगी कहते हैं कि 'खतरों के खिलाड़ी' ने उनका डर खत्म कर दिया, वहीं फरहाना का जवाब बिल्कुल अलग है। वह साफ कहती हैं, 'मेरा कोई भी फियर दूर नहीं हुआ। मेरे सारे फियर आज भी बरकरार हैं।'

## अब छोटी-छोटी बातों पर हंसी आती है

फरहाना आगे कहती हैं, 'एक बड़ा बदलाव शो कारण जरूर आया है। अब मुझे लगता है कि मैं जिंदगी में उन हालात से गुजर चुकी हूं, जहां इंसान मौत के बहुत करीब पहुंच जाता है। इसलिए अब लाइफ में कुछ भी होता है तो मैं उसे बहुत शांत होकर देखती हूं। कई बार तो कुछ परिस्थितियों पर हंसी भी आ जाती है कि अच्छा यह सब हो रहा है, चलो ठीक है।'

## रुबिना और करण ने साथ दिया

फरहाना बताती हैं कि शो में रुबिना और करण ने सबसे ज्यादा साथ दिया। वह कहती हैं, 'वैसे तो सभी लोगों ने मुझे सपोर्ट किया, लेकिन अगर नाम लेने हों तो मैं रुबिना और करण का नाम लूंगी। दोनों ने पूरे सफर में मेरा साथ दिया।'

## ड्रामा क्वीन मैं खुद हूं

साथी कंटेस्टेंट्स को मजेदार टैग देने की बारी आई तो फरहाना ने सबसे पहले अपना ही नाम लिया। वह हंसते हुए कहती हैं, 'ड्रामा क्वीन का खिताब मैं खुद को दूंगी।' 'ओवरकॉन्फिडेंट' के सवाल पर उन्होंने किसी का नाम लेने से इनकार कर दिया। 'अंडररेटेड' के लिए उन्होंने अपना और ओरी का नाम लिया। वहीं, 'डेंजरस कॉम्पिटिटर' के लिए खुद को चुना, जबकि सबसे बड़े एंटरटेनर का टैग हर्ष गुजराल को दिया।

## 'बिग बॉस से ज्यादा मुश्किल है 'खतरों के खिलाड़ी'

'बिग बॉस' और 'खतरों के खिलाड़ी 15' की तुलना पर फरहाना कहती हैं, 'खतरों के खिलाड़ी ज्यादा मुश्किल है, क्योंकि यह शो आपको सिर्फ फिजिकली नहीं मेंटली भी बहुत थका देता है। जब तक आप मानसिक रूप से तैयार नहीं होंगे, तब तक स्टंट कर ही नहीं सकते हैं। हर स्टंट में आपका दिमाग और शरीर दोनों सौ फीसदी काम करते हैं। इसलिए मेरे लिए 'खतरों के खिलाड़ी' ज्यादा थका देने वाला शो रहा।'

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व कप के बाद सफलता की भूख बढ़ी, चैंपियंस ट्रॉफी खास होगी: जेमिमा रोड्रिग्स


**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के धाकड़ बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स का मानना है कि टीम की वनडे विश्व कप 2025 में जीत ने सफलता की भूख को और बढ़ा दिया है। जेमिमा पहले महिला चैंपियंस ट्रॉफी में भी खिताबी जीत को दोहराने के लिए उत्सुक हैं। रोड्रिग्स ने जियोस्टार पर कहा, 'हमने एक बार सफलता का स्वाद चखा है। हम जानते हैं कि टॉप पर होना कैसा लगता है। आप जितना ज्यादा इसका स्वाद चखते हैं, उतना ही ज्यादा आप वहां पहुंचना चाहते हैं। हमारी टीम इसके लिए काम कर रही है। चैंपियंस ट्रॉफी बहुत खास होने वाली है। यह



महिला क्रिकेट में पहली बार हो रहा है। मैं भी पहली बार इसका हिस्सा बनूंगी। इसलिए यह बहुत खास होगा। मैं सच में इसका इंतजार कर रही हूं।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि मानसिकता के हिसाब से, कुछ भी नहीं बदलता है। यह टीम के बारे में है और टीम हमेशा जीत के बारे में सोचती है।' चैंपियंस ट्रॉफी पर अपना पूरा फोकस करने से पहले, भारतीय टीम को दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मल्टी-फॉर्मेट सीरीज खेलनी है। सीरीज में 1 टेस्ट, 3 वनडे और 3 टी20 मैच खेले जाने हैं।दक्षिण अफ्रीका दौरे के बारे में जेमिमा ने कहा, 'यह पक्का एक बहुत ही रोमांचक सीरीज होने वाली है। दोनों टीमें बहुत अच्छा कर रही हैं। हाल ही में हमारे बीच बहुत मुकाबला हुआ है और हमने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बहुत सारे मैच खेले हैं। दुनिया की दो टॉप टीमें जब साउथ अफ्रीका में एक-दूसरे का सामना करेंगी, तो यह एक बड़ी चुनौती होने वाली है। हम सच में इसका इंतजार कर रहे हैं।'

### कैनेडियन ओपन: बेन शेल्टन ने जैकब मेंसिक को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई

**मॉन्ट्रियल ।** बेन शेल्टन ने जैकब मेंसिक को 6-3, 6-1 से हराकर कैनेडियन ओपन के सेमीफाइनल में आसानी से जगह बना ली। 23 साल के इस अमेरिकी खिलाड़ी ने इस साल के कैनेडियन एटीपी मास्टर्स 1000 में लगातार चार सेट जीते। शेल्टन ने 18 विनर, तीन अनफोर्स्ड एरर और 89 प्रतिशत फर्स्ट-सर्व पॉइंट जीते। उन्हें एक भी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा। जीत के बाद शेल्टन ने कहा,



'बहुत अच्छा लगा। मैं अपने रिटर्न गेम से बहुत खुश था। जिस तरह से मैंने ग्राउंड से, पॉइंट वन से खेला, मेरे लिए, मैं वहीं पहुंचना चाहता हूं। मुझे लगता है कि पूरे मैच में मैंने जो लेवल बनाए रखा वह सच में बहुत ऊंचा था। मैं अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। उम्मीद है कि सेमीफाइनल में भी इसे जारी रखूंगा।' मॉन्ट्रियल ड्रॉ में बचे अकेले टॉप-10 खिलाड़ी, शेल्टन का मुकाबला 12वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकन लर्नर टिएन से होगा। सेमीफाइनल के बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। पूर्व में हुए मुकाबले में में टिएन का पलड़ा भारी रहा है। टिएन इस जोड़ी की प्रतिस्पर्धा में 2-0 से आगे हैं।

---


**आईसीसी टेस्ट रैंकिंग**

# बाबर आजम की टॉप-10 में एंट्री

● वेस्टइंडीज दौरे पर की थी शानदार बल्लेबाजी



**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा बुधवार को जारी टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने टॉप-10 में धमाकेदार एंट्री की है। बाबर को वेस्टइंडीज दौरे पर उनकी शानदार बल्लेबाजी का इनाम मिला है। वेस्टइंडीज दौरे पर 2 टेस्ट मैचों की 4 पारियों में 2 अर्धशतक की



मदद से 193 रन बनाने वाले बाबर पांच स्थान की छलांग लगाते हुए आईसीसी की टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में दसवें स्थान पर पहुंच गए हैं। शीर्ष 10 में बाबर एकमात्र पाकिस्तानी बल्लेबाज हैं। टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड, दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के हैरी ब्रूक, तीसरे स्थान पर इंग्लैंड के जो रूट, चौथे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ, पांचवें स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के टेंबा बावुमा, छठे स्थान पर श्रीलंका के कामिंडु मेंडिस, सातवें स्थान पर भारत के शुभमन गिल, आठवें स्थान पर न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र, और नौवें स्थान पर भारत के यशस्वी जायसवाल हैं। श्रीलंका के दिनेश चांदीमल एक स्थान नीचे खिसकते हुए टॉप-10 से बाहर हो गए हैं। वह 11वें वें स्थान पर हैं।

टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। शीर्ष 10 में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पहले, न्यूजीलैंड के मैट हेनरी दूसरे, ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क तीसरे, ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस चौथे, दक्षिण अफ्रीका के मार्को जानसेन पांचवें, ऑस्ट्रेलिया के स्कॉट बोलैंड छठे, और दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा सातवें स्थान पर हैं। रबाडा को एक स्थान का फायदा हुआ है। पाकिस्तान के नोमान अली एक स्थान के नुकसान के साथ सातवें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड नौवें और ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन दसवें स्थान पर हैं। शीर्ष 10 गेंदबाजों में ऑस्ट्रेलिया के सर्वाधिक 5 गेंदबाज शामिल हैं।

टेस्ट के शीर्ष दस ऑलराउंडरों में भारत के रवींद्र जडेजा पहले, दक्षिण अफ्रीका के मार्को जानसेन दूसरे, ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क तीसरे, बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज चौथे, ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस पांचवें, दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर छठे, भारत के वाशिंगटन सुंदर सातवें, इंग्लैंड के गस एटकिंसन आठवें, वेस्टइंडीज के जस्टिन ग्रिव्स नौवें और इंग्लैंड के जो रूट दसवें स्थान पर हैं। रूट को एक स्थान का फायदा हुआ है। भारत के अक्षर पटेल और दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा क्रमशः 11 वें और 12 वें नंबर पर हैं। दोनों को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है।

---

# टी20 सीरीज गंवाने के बावजूद पाकिस्तानी महिला खिलाड़ियों की रैंकिंग में हुआ सुधार

**दुबई ।** आईसीसी ने ताजा महिला टी20 प्लेयर रैंकिंग जारी की है। भले ही पाकिस्तान ने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज 1-2 से गंवाई, लेकिन इसके बावजूद नाशरा संधू, शवाल जुल्फिकार और तुबा हसन की रैंकिंग में शानदार सुधार हुआ है। नाशरा संधू ने श्रीलंका के विरुद्ध तीसरे टी20 मैच में 17 रन देकर 1 विकेट हासिल किया था। संधू गेंदबाजों की रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर आठवें पायदान पर पहुंच गई हैं। बाएं हाथ की स्पिनर ने इस सीरीज में 3 विकेट लिए और 6.72 का शानदार इकॉनमी रेट बनाए रखा। दूसरी तरफ, तुबा हसन गेंदबाजी रैंकिंग में तीन स्थान की बढ़त के साथ 48वें नंबर पर पहुंच गई हैं। श्रीलंकाई टीम से, कप्तान चामरी अट्टापट्टू अपनी टीम की ऐतिहासिक सीरीज जीत में योगदान देने के बाद 5 स्थान ऊपर चढ़कर 36वें नंबर पर पहुंच गईं।



श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम ने साल 2014 के बाद पहली बार पाकिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 सीरीज अपने नाम की है, जिसमें इमेशा दुलानी की बड़ी भूमिका रही, जिन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' अवॉर्ड जीता। दाएं हाथ की बल्लेबाज ने 61.50 की औसत से 123 रन बनाए और टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर 22वें नंबर पर पहुंच गईं।

दुलानी ने 31 जुलाई को शुरुआती मैच में शानदार शुरुआत की और मेजबान टीम को छह विकेट और छह गेंदें शेष रहते हुए 177 रन का लक्ष्य हासिल करने में मदद की। इसके बाद 2 अगस्त को दूसरे मैच में एक और शानदार चेज के साथ सीरीज अपने नाम की।

पाकिस्तान की शवाल जुल्फिकार ने सीरीज में सर्वाधिक 132 रन बनाए।

इस शानदार प्रदर्शन के साथ वह ताजा बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान ऊपर चढ़कर 49वें नंबर पर पहुंच गईं। इस बीच ऑलराउंडर्स की सूची में भी बदलाव देखने को मिला, जिसमें श्रीलंका की कविशा दिलहारी एक स्थान ऊपर चढ़कर 13वें नंबर पर पहुंच गईं। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने सीरीज में सर्वाधिक विकेट लिए और फाइनल मैच में भी दो विकेट अपने नाम किए।

---



**भारत से भिड़ने के लिए श्रीलंका ने किया 16 सदस्यीय टेस्ट टीम का ऐलान**

# मेंडिस-निसांका पहले टेस्ट से बाहर

**कोलंबो ।** भारत के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए बुधवार को श्रीलंका क्रिकेट ने 16 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है। चोट के चलते कुशल मेंडिस और पाथुम निसांका सीरीज के पहले टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं होंगे। 16 सदस्यीय टीम की कमान ऑलराउंडर धनंजय डी सिल्वा को सौंपी गई है। सीरीज का पहला टेस्ट मैच 15 अगस्त से गॉल इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। मेंडिस को 19 जुलाई को कोलंबो के एसएससी ग्राउंड पर लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) मैच के दौरान कैंडी रॉयल्स के खिलाफ कोलंबो कैप्स के लिए रन लेते समय दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी और वह नेशनल हाई परफॉर्मेंस सेंटर में रिहैबिलिटेशन कर रहे हैं। वहीं, निसांका पिछले महीने लंदन में हुई कलाई की सर्जरी से उबर रहे हैं। इन दोनों के उपलब्ध न होने पर, चयनकर्ताओं ने अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज निरोशन डिकवेला को वापस बुलाया है, जिन्होंने आखिरी बार 2023 में टेस्ट मैच खेला था। बाएं हाथ के बल्लेबाज डिकवेला के पास 54 टेस्ट खेलने का अनुभव है, जिसके कारण उन्हें अंजला बंदारा पर प्राथमिकता दी गई है। बंदारा ने कोलंबो के एनसीसी ग्राउंड पर भारत के खिलाफ वार्मअप मैच में हिस्सा लिया था। भारत के खिलाफ वॉर्मअप मैच में 3 विकेट लेने वाले ऑफ-स्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर केशरा नुवान्था को पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिली है जबकि कासुन रजिता और इसिथा विजेसुंदरा को टीम से बाहर कर दिया गया है। टॉप ऑर्डर बल्लेबाज निशान मदुष्का ने भारत के खिलाफ तीन दिवसीय वार्मअप मैच में 66 और नाबाद 63 रन बनाकर अपनी जगह बनाए रखी है। मुख्य बल्लेबाजी यूनिट में डी सिल्वा, उप-कप्तान कामिंदु मेंडिस, दिनेश चांदीमल, लाहिरू उदारा, पासिंदु सूरियाबंदारा और सोनल दिनुशा शामिल हैं।

**श्रीलंका टीम**

धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), कामिंदु मेंडिस (उपकप्तान), लाहिरू उदारा, निशान मदुश्का, दिनेश चंडीमल, पसिंदु सोरियाबंदरा, सोनल दिनुशा, निरोशन डिकवेला (विकेटकीपर), रमेश मेंडिस, प्रभात जयसूर्या, केशरा नुवांथा, मिलन रथनायके, असिथा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा, विश्वा फर्नांडो और दिलशान मदुशंका।

---

**ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन घोषित की**

## बोलैंड और इंग्लिस बाहर

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला आज से शुरू हो रहा है। डार्विन में खेले जाने वाले पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया ने अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड और विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिस प्लेइंग इलेवन से बाहर हैं। कप्तान पैट कमिंस ने मजबूत प्लेइंग इलेवन चुनी है। टीम में कैमरून ग्रीन और ब्यू वेबस्टर दोनों को जगह दी गई है। दोनों ऑलराउंडर हैं। टीम की घोषणा से पूर्व वेबस्टर की जगह को लेकर संदेह था, लेकिन कमिंस ने उन्हें भी ग्रीन के साथ तरजीह दी है। बल्लेबाजी क्रम की बात करें तो जेक वेदराल्ड बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रेविस हेड के साथ पारी की शुरुआत करेंगे। मार्नस लाबुशेन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। स्टीव स्मिथ नंबर 4 पर आएंगे। कप्तान ने कहा कि कमिंस ने यह भी कन्फर्म किया कि ग्रीन कैरी और वेबस्टर से पहले नंबर 5 पर बैटिंग करेंगे क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने मिडिल-ऑर्डर के लिए सही मिक्स की तलाश में है। कैरी ने नंबर 6 पर हमारे लिए कुछ मैच जीते हैं। हमें उनका और वेबस्टर का कॉम्बिनेशन छठे और सातवें नंबर पर पसंद है। तेज गेंदबाजी में कमिंस के साथ मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड की तिकड़ी दिखेगी। वहीं, अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन भी टीम में हैं। वह एशेज सीरीज में इंजरी के बाद वापसी कर रहे हैं।

---

# अफगानिस्तान दिल्ली में तीन टी-20 मैचों के लिए भारत की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अफगानिस्तान के साथ प्रस्तावित 3 टी20 मैचों की सीरीज के लिए तारीखें मंजूर कर दी हैं। यह पहला मौका है, जब अफगानिस्तान भारत में टी20 सीरीज में भारतीय टीम की मेजबानी करेगा।

अफगानिस्तान और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच 3 टी20 मैचों की सीरीज के मैच 13, 15 और 17 सितंबर को दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने इस सीरीज के लेकर कहा, 'बीसीसीआई अफगानिस्तान में क्रिकेट के विकास को समर्थन देने के लिए और उसके खिलाड़ियों को सबसे ऊंचे स्तर पर मुकाबला करने के अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। द्विपक्षीय सीरीज क्रिकेट का एक जरूरी हिस्सा है, क्योंकि इससे टीमों को नियमित तौर पर अच्छी टीमों के खिलाफ खेलने और कीमती अनुभव पाने का मौका मिलता है। हम इस सीरीज के लिए अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड का भारत में स्वागत करते हैं और इसे सफल बनाने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने का इंतजार कर रहे हैं। हमारा मानना है कि साथ मिलकर और भी बहुत कुछ करने की गुंजाइश है। हम दोनों क्रिकेट खेलने वाले देशों के बीच रिश्ते को मजबूत करते हुए अफगानिस्तान क्रिकेट का सहयोग करते रहेंगे।'

**बीसीसीआई ने लगाई मुहर**



बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, 'बीसीसीआई को भारत में इस टी20 सीरीज का आयोजन करने में अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड का सहयोग करते हुए खुशी हो रही है। भारत-अफगानिस्तान क्रिकेट राइवलरी ने पिछले कुछ सालों में कुछ रोमांचक मुकाबले देखे हैं। दोनों टीमों में अच्छे क्रिकेटर हैं। अफगानिस्तान के खिलाड़ी भारत में फैंस के बीच भी काफी लोकप्रिय हैं। यह दोनों क्रिकेट देशों के बीच बने मजबूत रिश्ते को दिखाता है।

---

**10 साल की डेटिंग के बाद रचाई कोर्ट मैरिज**

# फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने गर्लफ्रेंड जॉर्जिना रोड्रिग्ज से की शादी

**नई दिल्ली।** ठीक एक साल पहले की थी सगाई, रोनाल्डो के हैं 5 बच्चे, हाल ही में खेला करियर का आखिरी फीफा विश्व कप पुर्तगाल। दुनिया के महानतम फुटबॉल खिलाड़ियों में शुमार पुर्तगाल के स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपनी लंबे समय से साथी रही गर्लफ्रेंड और स्पैनिश मॉडल जॉर्जिना रोड्रिग्ज से शादी रचा ली है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों ने मंगलवार को एक निजी समारोह में सिविल मैरिज (कोर्ट मैरिज) की। शादी के बाद रोनाल्डो और जॉर्जिना ने सोशल मीडिया पर अपनी अंगूठियां दिखाते हुए तस्वीरें साझा की हैं।

### 2016 में हुई थी मुलाकात, पिछले साल की थी सगाई

- **2016 से थे साथ:** रोनाल्डो और जॉर्जिना की पहली मुलाकात साल 2016 में मैड्रिड में हुई थी। वर्ष 2017 की शुरुआत में ज्यूरिख में आयोजित फीफा फुटबॉल अवार्ड्स के दौरान दोनों ने पहली बार सार्वजनिक रूप से अपने रिश्ते की पुष्टि की थी।
- **12 अगस्त 2025 को सगाई:** ठीक एक साल पहले, 12 अगस्त 2025 को दोनों ने सगाई की थी।



- **परिवार और बच्चे:** रोनाल्डो कुल 5 बच्चों के पिता हैं। इनमें से चार बच्चे जॉर्जिना के साथ हैं–एवा मारिया और मातेओ (2017 में सरोगेसी से जन्म), अलाना मार्टिना (2017 में जन्म) और बेला एस्मेराल्डा (2022 में जन्म)। रोनाल्डो के सबसे बड़े बेटे क्रिस्टियानो रोनाल्डो जूनियर का जन्म 2010 में हुआ था।

### फीफा विश्व कप 2026 के बाद लिया संन्यास

रोनाल्डो ने हाल ही में आयोजित फीफा विश्व कप 2026 में पुर्तगाल टीम का प्रतिनिधित्व किया था, जो उनका अंतिम विश्व कप साबित हुआ।

- **27 मैच, 11 गोल:** राउंड ऑफ 16 में स्पेन से 1-0 की हार के साथ ही पुर्तगाल का सफर समाप्त हो गया था। रोनाल्डो ने अपने करियर में रिकॉर्ड 27 विश्व कप मुकाबले खेले और कुल 11 गोल दागे।
- **900 गोल का रिकॉर्ड:** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम पेशेवर फुटबॉल इतिहास में 900 से अधिक आधिकारिक गोल दर्ज करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी होने का ऐतिहासिक रिकॉर्ड भी दर्ज है

## संक्षिप्त समाचार

### बड़े रेलवे स्टेशनों पर पार्सल बुकिंग बंद, सुरक्षा के मद्देनजर 15 अगस्त तक रहेगा प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को ध्यान में रखकर रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा



व्यवस्था बढ़ा दी गई है। यात्रियों व उनके सामान की गहन जांच की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था बनाने में किसी तरह की बाधा उत्पन्न न हो इसे लेकर दिल्ली के रेलवे स्टेशनों से पार्सल सेवा अस्थायी तौर पर बंद रखने का निर्णय लिया है। सभी वाणिज्यिक औपचारिकताओं को पूरा करने के साथ-साथ सुरक्षा प्रोटोकाल आदि का पालन करने के बाद पंजीकृत समाचार पत्रों और पत्रिकाओं की बुकिंग की अनुमति होगी। नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल और दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशनों पर 12 अगस्त से से 15 अगस्त तक सभी प्रकार की पार्सल हैंडलिंग गतिविधियों (लीज्ड एसएलआर, वीपी और डिमांड वीपी की हैंडलिंग) पर प्रतिबंध लगाया गया है। पार्सल गोदाम और प्लेटफार्म पार्सल के सामान से मुक्त रहेंगे। उपर्युक्त सभी स्टेशनों पर लीज़्ड एसएलआर और वीपी (डिमांड वीपी सहित) सहित आवक और जावक दोनों प्रकार के यातायात पर प्रतिबंध लगाया गया है। यानी न तो यहां से कोई पार्सल जाएगा और न ही किसी अन्य स्टेशन से आने वाला पार्सल उतारा जाएगा। यात्री व्यक्तिगत सामान को केवल अपने साथ कोच में लेकर जा सकते हैं।

### पिछली सरकार की व्यवस्था में लगी दीमक हटा रही हूं', कैग रिपोर्ट पर सीएम रेखा गुप्ता का आप पर हमला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन मुख्यमंत्री रेखा



गुप्ता ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान पिछली आम आदमी पार्टी सरकार पर वित्तीय अनियमितताओं और सरकारी धन के सही इस्तेमाल में बड़ी लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कैग की रिपोर्ट पिछली सरकार के कामकाज का रिपोर्ट कार्ड है। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रिपोर्ट को संबंधित विभागों को एक्शन टेकन रिपोर्ट के लिए भेज दिया है साथ ही कैग की टिप्पणियों पर आगे की कार्रवाई के लिए लोक लेखा समिति को भेज दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार के दौरान 530 करोड़ रुपये के 45 ठेके एक ही पैन कार्ड से किए गए। उन्होंने इसे ठेका प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता बताते हुए सवाल उठाया कि इतनी बड़ी राशि के काम एक ही पैन कार्ड के माध्यम से कैसे दिए गए। उन्होंने कहा कि करीब 19,973 करोड़ रुपये की योजनाओं से जुड़े 1,734 उपयोगिता प्रमाणपत्र लंबित थे, जबकि केवल 482 प्रमाणपत्र जमा किए गए। उनके अनुसार, इन प्रमाणपत्रों से यह पता चलता है कि सरकारी राशि का इस्तेमाल कब और कहां किया गया। रेखा गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2024-25 में दिल्ली का बजट करीब 80,798 करोड़ रुपये था, लेकिन लगभग 61 हजार करोड़ रुपये ही खर्च किए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि कई योजनाओं के लिए बजट में राशि रखी गई, लेकिन उस पर खर्च नहीं हुआ। केंद्र सरकार से आई राशि उसे वापस कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार द्वारा सरकारी खरीद को सरकारी ई-बाजार से जोड़ने तथा ई-कार्यालय व्यवस्था लागू करने की बात कही।

# गांजा पीकर विमान उड़ा रहा था फुकेट-दिल्ली फ्लाइट का पायलट, दूसरे टेस्ट में पुष्टि; फिर सवालों में एअर इंडिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फुकेट से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की उड़ान (एआई2379) में 300 फीट के अचानक आए ड्रॉप और यात्रियों के घायल होने के मामले में एक बड़ा और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इस उड़ान के पायलट-इन-कमांड (मुख्य पायलट) का दूसरा डोप टेस्ट भी पॉजिटिव पाया गया है।

एअर इंडिया के सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, घटना के बाद तय मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत दोनों पायलटों का अनिवार्य साइकोएक्टिव सब्सटेंस (डोप) टेस्ट कराया गया था। शुरुआती स्क्रीनिंग रिपोर्ट में मुख्य पायलट के सैंपल पॉजिटिव पाए गए, जिसके बाद अंतिम और विस्तृत पुष्टि के लिए उनके सैंपल को एक और प्रयोगशाला (लैब) भेजा गया था।

सूत्रों ने पुष्टि की है कि लैब से आई दूसरी रिपोर्ट में भी पायलट के मारिजुआना (गांजा) के सेवन की पुष्टि हुई है। गौर करने वाली बात यह है कि टर्बुलेंस की इस घटना के तुरंत बाद विमान में सवार यात्रियों ने भी पायलट के नशे की हालत में होने का आरोप



लगाया था और उनकी स्थिति पर सवाल उठाए थे।

हालांकि, पायलट की इस कंफर्मेटरी लैब रिपोर्ट और गांजे के सेवन के खुलासे को लेकर एअर इंडिया की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान या पक्ष जारी नहीं किया गया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और सुरक्षा एजेंसियां इस रिपोर्ट को बेहद गंभीरता से ले रही हैं, क्योंकि उड़ान के दौरान 13 यात्री और 4 क्रू सदस्य घायल हुए थे। अब इस डोप रिपोर्ट को भी आधिकारिक जांच रिकॉर्ड का हिस्सा बनाया जा रहा है, जिससे पायलट पर सख्त अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई की तलवार लटक गई है। इस पूरे मामले में एक और गंभीर पहलू पर तेजी से चर्चा हो रही है। उड्डयन गलियारों और जांच एजेंसियों के बीच यह सवाल भी उठ रहा है कि जब विमान अचानक 300 फीट नीचे गिरा, तब क्या पायलट-इन-कमांड ककपिट में अपनी सीट पर मौजूद थे या नहीं? सूत्रों के मुताबिक, जांच टीम ब्लैक बॉक्स के 'कॉकपिट वायस रिकार्डर' (सीवीआर) और 'फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर' (एफडीआर) के जरिए यह सटीक समय पता लगाने में जुटी है कि घटना के वक्त मुख्य पायलट अपनी सीट पर थे, कॉकपिट से बाहर थे या फिर विमान पूरी तरह से फर्स्ट आफिसर (सह-पायलट) के नियंत्रण में था।

### दिल्ली में डेंगू के स्ट्रेन-2 का खतरा बढ़ा, एमसीडी पर आंकड़े छिपाने का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में मच्छरजनित बीमारियों को लेकर इस वर्ष ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि इस बार डेंगू का स्ट्रेन-2 ज्यादा प्रभावी है। डेंगू के चार प्रकारों में से डेनवी टाइप-2 (डेंगू का स्ट्रेन-2) ही सबसे खतरनाक होता है। इसमें उन लोगों के लिए ज्यादा खतरा रहता है, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है या फिर उन्हें पूर्व में किसी अन्य प्रकार का डेंगू हुआ है। ऐसा होने पर यह जानलेवा हो सकता है। इससे बचाव के लिए अपने घर और कार्यस्थल पर साफ-सफाई रखना जरूरी है। खासतौर पर अगस्त से लेकर अक्टूबर तक ज्यादा मरीज इन बीमारियों की चपेट में आते हैं। इसलिए नागरिकों को सतर्क होने की जरूरत है। दिल्ली की बात करें तो स्ट्रेन-2 जब सबसे ज्यादा पाया जाता है, तब-तब मरीजों की संख्या बढ़ती है। रिपोर्ट के अनुसार, 2015 में जब स्ट्रेन-2 सर्वाधिक मरीजों में मिला था, तो उस वर्ष डेंगू के 15 हजार से अधिक मरीजों में इस बीमारी की पुष्टि हुई थी और 60 लोगों की मौत भी हो गई थी। इसी प्रकार 2021 में भी 9,643 मरीज थे और 23 मरीजों की मौत डेंगू से हुई थी। 2023 में भी डेंगू के स्ट्रेन-2 के मरीज सर्वाधिक थे और 19 मरीजों की मृत्यु हुई थी। यानी स्ट्रेन-2 के प्रमुख होने के कारण मरीजों की संख्या भी बढ़ती है और मरीजों की मृत्यु की संख्या भी बढ़ती है। दिल्ली में स्वास्थ्य मंत्री डा. पंकज सिंह ने पिछले सप्ताह ही अपने एक बयान में डेंगू के दिल्ली में मरीजों की संख्या 1,179 बताई थी, जबकि एमसीडी की रिपोर्ट में आंकड़े 230 हैं।

## दिल्ली की सरकारी खरीद में बढ़ी जेम की हिस्सेदारी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली की सरकारी खरीद में सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) के माध्यम से खरीद में भागीदारी बढ़ रही है। इसके लिए सोमवार को भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली को 'सस्टेंड सर्विसेस प्रिक्यूरमेंट एडोप्शन' श्रेणी के तहत पुरस्कृत किया गया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि यह पुरस्कार जेम के विकास में दिल्ली के महत्वपूर्ण योगदान की मान्यता है। वित्त वर्ष 2026-27 में जुलाई तक 1595 करोड़ रुपये की खरीद हुई है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 624 करोड़ रुपये से 156 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में छोटे कारोबारों की सरकारी खरीद में भागीदारी लगातार बढ़ी है। वित्त वर्ष 2021-22 में एमएसई से लगभग 965 करोड़ रुपये की खरीद हुई थी, जो वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 2177 करोड़ रुपये हो गई। दिल्ली के विक्रेताओं को वित्त वर्ष 2025-26 में करीब 95 प्रतिशत आर्डर केंद्र सरकार और दूसरे राज्यों के खरीदारों से आए। इससे दिल्ली के एमएसएमई को स्थानीय बाजार से आगे बढ़कर देशभर में अपने उत्पाद और सेवाएं पहुंचाने का अवसर मिल रहा है। दिल्ली सरकार की सरकारी खरीद व्यवस्था को ज्यादा समावेशी बनाने की दिशा में महिला उद्यमियों, अनुसूचित जाति व जनजाति उद्यमियों और स्टार्टअप्स की भागीदारी भी बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2025-26 में जेम के माध्यम से महिला उद्यमियों से 315 करोड़ रुपये, एससी/एसटी उद्यमियों से 41 करोड़ रुपये और स्टार्टअप्स से 405 करोड़ रुपये की खरीद हुई। जेम से जुड़े लोगों और सरकारी विभागों की ट्रेनिंग और क्षमता बढ़ाने पर भी जोर दे रही है। 65 से ज्यादा ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किए गए, जिनमें 3,600 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। दिल्ली सरकार के वित्त विभाग और जेम के बीच मासिक समीक्षा प्रणाली तैयार की गई है। इसमें सरकारी खरीद के ट्रेंड, जेम के बाहर जारी होने वाले टेंडर और आने वाली खरीद की जरूरतों की समीक्षा की जाती है।

## 15 अगस्त को लाल किला जाने वाले रखें ध्यान, नहीं तो लौटना पड़ेगा वापस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर राजधानी दिल्ली में सुरक्षा को लेकर दिल्ली पुलिस हाई अलर्ट पर है। दिल्ली



पुलिस ने समारोह में आने वाले लोगों के लिए सुरक्षा से जुड़े कुछ दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ऐसे में अगर आप 15 अगस्त को लाल किले पर होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए जाने वाले हैं तो आपको सुरक्षा संबंधी कुछ बातों का ध्यान रखना होगा नहीं तो आपको वापस घर लौटना पड़ सकता है। साथ ही लाल किले के आसपास रूट डायवर्जन अपने साधन से जाने की बजाय मेट्रो से जाना बेहतर विकल्प रहेगा। आइए जानते हैं आपको किन बातों का ख्याल रखना होगा... कार्यक्रम में एंट्री केवल निमंत्रण कार्ड के माध्यम से ही होगी। सुरक्षा जांच के दौरान आधार कार्ड, वोटर आईडी या पासपोर्ट जैसे मूल पहचान पत्र दिखाना जरूरी है। प्रतिबंधित सामान (बड़े बैग, ब्रीफकेस, खाने-पीने की वस्तुएं आदि) लेकर न जाएं। सुरक्षा जांच के कारण एंट्री में समय लग सकता है इसलिए घर से तय समय से जल्दी निकलें। अगर अपने साधन से जा रहे हैं ट्रैफिक नियमों का ध्यान रखें क्योंकि लाल किले के आसपास रूट डायवर्जन और ट्रैफिक पाबंदियां लागू हैं। यदि कोई लावारिस वस्तु दिखाई दें, तो तुरंत निकटतम सुरक्षाकर्मी को सूचना दें।

**किन चीजों को नहीं ले जा सकते?:** खाने-पीने की चीजें, केचप, सॉस थैला, ब्रीफकेस, रिमोट नियंत्रित कार लॉक चाबियां कैमरा, दूरबीन, हैण्डीकैम साथ नहीं ले जा सकते हैं रेडियो, ट्रांजिस्टर, टेपरिकॉर्डर, पेजर थर्मस, पानी की बोतल, कैन, छाता पटाखे, बारूद, फ्लेयर्स, किसी भी प्रकार के विस्फोटक डिजिटल डायरियां, पाम-टॉप कंप्यूटर, लैपटॉप, डीवीडी /सीडी प्लेयर, डीवीडी/ सीडी, आईपैड, आईपोड, टैबलेट, पेनड्राइव सिगरेट, बीड़ी, ज्वलनशील पदार्थ, माचिस, शराब, एरोसोल, जेल / पेस्ट, इत्र, स्प्रे इत्यादि हथौड़े, ड्रिल, आरी, तलवार, कटार, पेंचकस मोबाइल चार्जर, इयरफोन, पावर बैंक, बैटरी रेजर, ब्लेड, चाकू, नुकीला हथियार कैंची, तार खिलौना बंदूकें केमिकल और अन्य खतरनाक वस्तुएं

## दुष्कर्म की शिकायत के बाद क्या-क्या होता है? एफआईआर पर चार्जशीट और फिर सजा तक का समझें पूरा कानूनी सफर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कानून चाहे जितना स्पष्ट क्यों न हो, हकीकत में अदालत का कमरा अक्सर एक



अलग ही जंग का मैदान बन जाता है। देर से दर्ज हुई शिकायत, शुरुआती बयान में छूटे छोटे-छोटे तथ्य, मेडिकल जांच में हुई देरी या हमले के आगे-पीछे पीड़िता का बर्ताव, यह सब मुकदमे में बहुत अहम बन जाते हैं। कई बार पीड़िता की खुद की विश्वसनीयता ही सवालों के घेरे में आ जाती है। ऐसे में यह समझना जरूरी है कि दुष्कर्म की शिकायत दर्ज होने से लेकर सुनवाई पूरी होने तक का सफर कैसा होता है।

वारदात चाहे किसी भी थाने के इलाके में हुई हो, पुलिस शिकायत लेने से इनकार नहीं कर सकती। अगर पीड़िता किसी और थाने पहुंच जाए तो वहां जीरो एफआईआर दर्ज कर बाद में मामला सही थाने भेज दिया जाता है। पीड़िता चाहे तो पीसीआर नंबर 112 पर कॉल करके भी मदद मांग सकती है। इसके अलावा सीधे थाने जाकर बीएनएस की धारा 63 के तहत शिकायत दर्ज करा सकती है। थाने में पहुंचते ही मामला महिला हेल्प डेस्क या किसी महिला अधिकारी के पास भेजा जाना चाहिए, ताकि माहौल डरावना न हो। अगर पीड़िता जीवित नहीं है, तो परिवार के बयान के आधार पर पुलिस कार्रवाई शुरू करती है। बीएनएस की धारा 173 के तहत पहला बयान सिर्फ महिला पुलिस अधिकारी ही दर्ज कर सकती है, और वह भी पीड़िता के घर या उसकी पसंद की किसी निजी जगह पर, हूबहू उसके अपने शब्दों में। इसके बाद पुलिस का दायित्व है कि पीड़िता को जल्द से जल्द न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने पेश करे, जहां शपथ लेकर औपचारिक बयान दर्ज हो, यही बयान आगे मुकदमे की नींव बनता है। बीएनएस के नियमों के मुताबिक पूरी प्रक्रिया को ऑडियो-वीडियो के जरिए रिकॉर्ड किया जा सकता है, ताकि बाद में कोई सवाल न उठे। जांच अधिकारी या ड्यूटी ऑफिसर का फर्ज है कि वे तुरंत दिल्ली महिला आयोग की रेप क्राइसिस सेल को इसकी जानकारी दें। वहां से काउंसलर पहुंचकर पीड़िता को भावनात्मक सहारा देते हैं, कानूनी प्रक्रिया समझाते हैं, और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जरिए वकील दिलवाने में मदद करते हैं। पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है। आम अपराधों के उलट, यौन हिंसा के मामलों में कोई शुरुआती जांच नहीं होती – एफआईआर तुरंत दर्ज करनी होती है। बीएनएस की धारा 72 पीड़िता की पहचान को सुरक्षा देती हैः एफआईआर की जिस कॉपी में नाम, पता या और निजी जानकारी होती है, उसे छिपाया जाता है।

### सर्दियों में नहीं, मानसून में बढ़ा एच1एन1 का आउटब्रेक; अलर्ट पर दिल्ली के अस्पताल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में इस बार वर्षा के मौसम में एच1एन1 का संक्रमण तेजी से बढ़ा है। सामान्य तौर पर सर्दियों में सामने आने वाला संक्रमण इस बार वर्षा में तेजी से बढ़ रहा है। अस्पतालों की ओपीडी और इमरजेंसी में बुखार, खांसी, गले में खराश और सांस लेने में परेशानी वाले मरीज पहुंच रहे हैं। बच्चों में फ्लू जैसे लक्षण वाले मरीज अधिक देखे जा रहे हैं। अस्पतालों में पहुंच रहे अधिकांश मरीजों की स्थिति माइल्ड है और उपचार से उनमें सुधार हो रहा है। हालांकि, कुछ मरीजों में संक्रमण गंभीर होकर वायरल निमोनिया तक पहुंच रहा है और उन्हें भर्ती कर आइसीयू में निगरानी की आवश्यकता पड़ रही है। चिकित्सकों के अनुसार बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से बीमारी से पीड़ित लोगों में संक्रमण गंभीर होने का खतरा अधिक रहता है। दिल्ली स्वास्थ्य विभाग के अनुसार संक्रमण बढ़ने के बीच लोकनायक, सफदरजंग, आरएमएल, जीटीबी, एम्स और दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल समेत प्रमुख अस्पतालों में निगरानी बढ़ाई गई है। एच1एन1 के गंभीर मरीजों के लिए अलग बेड और उपचार की व्यवस्था रखी गई है। फ्लू जैसे लक्षण वाले मरीजों की जांच के साथ उनकी स्थिति पर भी नजर रखी जा रही है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सफदरजंग अस्पताल में अब तक 16 एच1एन1 के पुष्ट मामले सामने आए हैं, पहले इनकी संख्या 11 बताई गई थी। जीटीबी अस्पताल में फिलहाल किसी एच1एन1 मामले की पुष्टि नहीं हुई है। जीटीबी के उप चिकित्सा अधीक्षक डा. प्रवीण ने बताया कि फ्लू जैसे लक्षण वाले मरीजों के नमूने नेशनल सेंटर फार डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) के निर्देश पर जांच के लिए उन्हें भेजे जा रहे हैं। लोकनायक अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डा. बीएल चौधरी ने बताया कि एच1एन1 को लेकर अस्पताल में विशेष निगरानी व्यवस्था की गई है। लक्षण वाले मरीजों की जांच की व्यवस्था है और संदिग्ध मरीजों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। पीएसआरआइ में एच1एन1 के मरीजों में करीब चार गुना वृद्धि की जानकारी सामने आई है। कुछ मरीज वायरल निमोनिया की गंभीर स्थिति में पहुंचे हैं।

# स्पेन के डूबे जहाज के मलबे में मिला था 3 मिलियन डॉलर का सोने का क्रॉस, 20 साल बाद म्यूजियम से हुआ गायब

**मैड्रिड , एजेंसी।** टेडी टकर नामक बरमूडियन गोताखोर ने 1955 में बरमूडा की चट्टानों में 16वीं सदी के एक स्पेनी गैलियन के मलबे से सात पन्ने जड़ा सोने का क्रॉस निकाला था।

यह क्रॉस आगे चलकर किसी भी समुद्री जहाज के मलबे से बरामद सबसे कीमती एवस्तुओं में से एक कहलाया। टकर ने पूरे खजाने को बरमूडा सरकार को बेच दिया ताकि बेशकीमती खजाना द्वीप पर ही रहे।

इसके बाद क्रॉस को आम जनता के देखने के लिए पहले बरमूडा एक्वेरियम और बाद में बरमूडा मैरीटाइम म्यूजियम में रखा गया। फिर, 1975 में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के म्यूजियम के निर्धारित दौरे से ठीक पहले असली क्रॉस अपने डिस्प्ले केस से गायब हो गया।

उसकी जगह प्लास्टिक की हूबहू नकल रख दी गई। दशकों की जांच के बाद भी असली क्रॉस आज तक बरामद नहीं हुआ है और न ही इस चोरी के लिए कभी किसी पर आरोप तय किया गया है।

**मलबे ने कैसे बदल दी टेडी टकर की जिंदगी?:** टकर ब्रिटिश रॉयल नेवी के पूर्व गोताखोर थे, जिन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंडरवॉटर



डिमोलिशन का प्रशिक्षण लिया था। युद्ध के बाद बरमूडा लौटकर एक साल्वेज गोताखोर के रूप में अपना करियर बनाया।

वह स्थानीय मछुआरों के साथ मिलकर काम करते थे और द्वीप की चट्टानों में डूबे जहाजों की लंबे समय से चली आ रही अफवाहों का पीछा करते थे। 1950 में, बरमूडा की बाहरी चट्टानों के पास क्रूजिंग करते हुए, उन्हें दो चट्टानों के बीच रेत में पड़ी छह तोपें दिखीं, जो इस मलबे से उनका पहला सामना था। पांच साल बाद 1955 में उचित खुदाई के लिए वहां लौटे। उस साल कई बार गोता लगाने के बाद जहाज की लकड़ियां, चीनी मिट्टी के बर्तन, सिक्के, सोने की सिल्लियां, मोतियों जड़े सोने के बटन और क्रॉस जहाज के निचले हिस्से के एक तख्ते के नीचे मिला था। नेशनल म्यूजियम ऑफ बरमूडा के अनुसार, इस मलबे से बरामद चीजें सैन पेड्रो नामक एक स्पेनी जहाज की थीं, जिनमें लिगुरियन माजोलिका प्लेट भी शामिल है जो अब म्यूजियम में है। यह जहाज 1596 में कोलंबिया के कार्टाजेना से स्पेन लौटते समय बरमूडा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। टकर को असल में कौन सा जहाज मिला, यह तय करना मुश्किल रहा है क्योंकि उस दौर में सैन पेड्रो स्पेन की जहाजों के लिए आम नाम था, और इसी नाम के कई जहाज उसी दशक के आसपास उस इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुए थे। टकर का खुद का मानना था कि यह मलबा 1594 में डूबे एक सैन पेड्रो का था, जिसका आधार मलबे की जगह और मिली हुई वस्तुओं पर लगे निशान थे। हालांकि, अन्य शोधकर्ताओं का तर्क है कि जहाज 1596 के ज्यादा करीब का है। 16वीं सदी में स्पेनी और पुर्तगाली बेड़े आमतौर पर कार्टाजेना, हवाना, पोर्टोबेलो और वेराक्रूज जैसे बंदरगाहों से वापस सेविले, लिस्बन या अजोरेस की ओर यात्रा करते थे। गल्फ स्ट्रीम के पास बरमूडा की भौगोलिक स्थिति उन जहाजों के लिए एक बड़ा खतरा थी जो तूफानों में रास्ता भटक जाते थे। इसी वजह से ऐतिहासिक रिकॉर्ड में इस मलबे को किसी एक पुष्ट यात्रा से जोड़ना और भी मुश्किल हो जाता है। 22-कैरेट सोने से बना और सात पन्नों से जड़ा क्रॉस अपनी शानदार कारीगरी और कीमत की वजहों से तुरंत चर्चा का विषय बन गया। जब स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूशन के क्यूरेटर मेंडेल पीटरसन ने इसकी जांच की, तो उन्होंने उस समय इसकी कीमत लगभग 2,50,000 डॉलर आंकी थी। आज के समय में इसकी कीमत 30 लाख डॉलर से कहीं अधिक बैठती है। दशकों तक सार्वजनिक प्रदर्शनी में रहने के दौरान, इसे दुनिया में कहीं भी किसी जहाज के मलबे से निकाली गई सबसे मूल्यवान एकल वस्तु के रूप में देखा जाने लगा। टकर ने 1959 में बरमूडा सरकार को पूरा सैन पेड्रो खजाना खास तौर पर इसलिए बेच दिया ताकि यह किसी निजी कलेक्टर के साथ देश से बाहर जाने के बजाय द्वीप पर ही रहे, और यह क्रॉस बरमूडा के समुद्री इतिहास की सार्वजनिक प्रदर्शनियों का मुख्य आकर्षण बन गया।

### मेसी ने पिता जॉर्ज मेसी के निधन के बाद कथित तौर पर अपने फुटबॉल करियर को अनिश्चित काल के लिए रोका

**मियामी, एजेंसी।** अर्जेंटीना के दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने अपने पिता जॉर्ज मेसी के निधन के बाद कथित तौर पर अपने फ़ुटबॉल करियर को अनिश्चित काल के लिए रोक दिया है। 68 वर्षीय जॉर्ज मेसी का रोसारियो के एक क्लिनिक में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया, जिससे अर्जेंटीना के इस फ़ुटबॉल दिग्गज को एक बहुत बड़ा व्यक्तिगत नुकसान हुआ है। मेसी के करियर में उनके पिता की अहम भूमिका रही है, इसलिए उनके गुज़र जाने से इस महान फ़ॉरवर्ड खिलाड़ी को गहरा सदमा लगा है। फ़्रेंच वेबसाइट फ़ुट मर्काटो और अर्जेंटीना की मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि आठ बार के बैलन डीओर विजेता ने इस मुश्किल समय में अपने परिवार के साथ रहने के लिए अपनी पेशेवर ज़िम्मेदारियों से दूरी बना ली है। मेसी ने इंटर मियामी में अपनी वापसी की कोई तारीख तय नहीं की है, जिससे पता चलता है कि परिवार पर ध्यान देने के कारण फ़ुटबॉल उनके लिए अभी गौण हो गया है। जॉर्ज मेसी न केवल लियोनेल मेसी के पिता थे, बल्कि उन्होंने उनके फ़ुटबॉल करियर को संवारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। फ़ुटबॉल करियर शुरू होने के बाद, जॉर्ज ने एक स्टील फ़ैक्टरी में सालों तक सुपरवाइज़र के तौर पर काम करने के बाद अपने बेटे के एजेंट और रणनीतिक सलाहकार की भूमिका संभाली। जॉर्ज, न्यूवेल्स ओल्ड बॉयज़ में लियोनेल के शुरुआती करियर में भी गहराई से शामिल थे। जब मेसी 13 साल के थे, तो उन्होंने बार्सिलोना की यूथ अकादमी में शामिल होने के लिए उनके स्पेन जाने में मदद की थी।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का बोकारो आगमन, एयरपोर्ट पर हुआ गर्मजोशी से स्वागत





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपराह्न बोकारो एयरपोर्ट पहुंचे। उनके आगमन पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक, उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र, शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। मा. मुख्यमंत्री के आगमन पर पुलिस जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें सम्मान प्रदान किया गया। मा. मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर एयरपोर्ट परिसर में सुरक्षा एवं स्वागत की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों सहित जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

**पुलिस जवानों द्वारा दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर**

# बीएसएल में महिला अधिकारियों के लिए 'तन्मात्रा' कार्यक्रम का शुभारंभ



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास (एलएंडडी) केंद्र स्थित सम्मेलन कक्ष में 'तन्मात्र-I' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस विशेष दो दिवसीय सत्र के अंतर्गत ई 4 से ई 7 श्रेणी की 24 महिला अधिशासियों हेतु 'परिचालन 2.0 : पुर्नसमीक्षा एवं पुनर्समझ' विषय पर ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण आयोजित किया गया. उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व तन्मात्रा कार्यक्रम का आयोजन 22 जुलाई को किया गया था। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला अधिकारियों में इस्पात निर्माण की संपूर्ण प्रक्रियाओं, तकनीकी कौशल और प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की समझ को और अधिक सशक्त बनाना है. इस पहल के दौरान मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास) तथा विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ उपस्थित रहे. कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास) द्वारा किया गया. इसके पश्चात विशेषज्ञों द्वारा कोक मेकिंग, सिंटर मेकिंग, आयरन मेकिंग, स्टील मेकिंग, हॉट रोलिंग तथा कोल्ड रोलिंग प्रक्रियाओं पर विस्तृत तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। इसके साथ ही गुणवत्ता से जुड़े पहलुओं, ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक एवं शासन) की अवधारणाओं तथा दैनिक परिचालन में उनकी प्रासंगिकता से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया. सत्र के दौरान वास्तविक समय की परिचालन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी निर्णय लेने की क्षमता को सुदृढ़ बनाने तथा संयंत्र में संचालित डिजिटल रूपांतरण पहलों पर भी विशेष प्रकाश डाला गया. दो दिवसीय गहन विचार-विमर्श के पश्चात कार्यक्रम का औपचारिक समापन वैलेडिक्ट्री (समारोप) सत्र के साथ हुआ. यह आयोजन बोकारो इस्पात संयंत्र की अपनी महिला कार्यपालकों के तकनीकी सशक्तीकरण, नेतृत्व क्षमता के विकास तथा समावेशी कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है. गुणवत्ता-केंद्रित दृष्टिकोण, ईएसजी जागरूकता और डिजिटल दक्षता को सुदृढ़ करने वाली यह पहल संयंत्र के मानव संसाधन को और अधिक सक्षम बनाकर परिचालन उत्कृष्टता और सांगठनिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगी.

## संक्षिप्त समाचार

### सदर अस्पताल में पार्किंग शेड सहित नवनिर्मित जन-सुविधाओं का उद्घाटन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार तथा उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने आज संयुक्त रूप से सदर अस्पताल परिसर में कार व बाइक पार्किंग शेड, आरओपीएस, मॉड्यूलर आयुष्मान वार्ड, ओपीडी तथा सिविल सर्जन कार्यालय के नवनिर्मित सभागार का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और आम नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन लगातार प्रयासशील है। जिसके परिणाम स्वरूप धनबाद सदर अस्पताल की व्यवस्था अब राज्य के अव्वल सदर अस्पतालों की गिनती में आती है। सदर अस्पताल को इस ऊंचाई तक पहुंचाने में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी का भरपूर सहयोग मिला है। वहीं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) का उद्घाटन करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि जिले के 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की त्वरित पहचान और इलाज के लिए 11 अगस्त से 22 अगस्त तक विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें बच्चे, चाहे किसी भी बीमारी से ग्रसित होंगे और उनकी कितनी भी बड़ी सर्जरी करानी होगी, उसे निःशुल्क किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य सदर अस्पताल को जिले का सबसे आधुनिक और सुलभ चिकित्सा केंद्र बनाना है। इन नई सुविधाओं के शुरू होने से न केवल अस्पताल की कार्यप्रणाली में सुधार होगा, बल्कि प्रतिदिन आने वाले सैकड़ों मरीजों को भी सीधा लाभ मिलेगा। समारोह में सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद, डीपीएम प्रतिमा कुमारी, डीपीसी रेखा सिंह सहित विभिन्न विभागों के चिकित्सक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




### जेएसएलपीएस की महिलाओं ने की मानदेय बढ़ाने की मांग

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जेएसएलपीएस की महिलाओं ने जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह से मुलाकात कर अपनी समस्याओं और कम मानदेय से जुड़ी परेशानियां साझा कीं। महिलाओं ने बताया कि वे सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने और उनके क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। पूरे दिन मेहनत और जिम्मेदारियों के बावजूद उन्हें मिलने वाला मानदेय काफी कम है। इस पर शारदा सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जेएसएलपीएस के सीइओ अनन्य मित्तल से फोन पर बातचीत की। उन्होंने महिलाओं की समस्याओं से अवगत कराते हुए मानदेय बढ़ाने की दिशा में पहल का आग्रह किया। साथ ही, मानदेय में बढ़ोतरी एवं समस्याओं के समाधान को लेकर संबंधित विभाग को पत्र भी लिखा। सीईओ ने बताया कि मानदेय एवं अन्य समस्याओं की समीक्षा के लिए कमिटी गठित की गई है। शारदा सिंह ने कहा कि इन महिलाओं के योगदान और जिम्मेदारियों को देखते हुए उन्हें उचित एवं सम्मानजनक मानदेय मिलना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि महिलाओं की इस जायज मांग को लेकर वे आगे भी मजबूती से आवाज उठाती रहेंगी। बैठक में उपस्थित सावित्री सिंह, अंजू महतो, प्रीति कुमारी, ममता महतो, रीना महतो, इंदु कुमारी, राखी देवी, ललिता देवी, गुड़िया कुमारी, प्रेमा देवी, आरती देवी, कुसुम देवी, पूनम देवी, रीना देवी एवं ममता कुमारी।



### पत्नी की हत्या के दोषी पति को उम्रकैद

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पत्नी की हत्या के मामले में पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। मामला चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पुपुनकी का है। महिला अपराध के विशेष न्यायाधीश ने आरोपी उमेश गोप को पत्नी की हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने उस पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मामले की जानकारी देते हुए विशेष लोक अभियोजक आरके राय ने बताया कि यह मामला वर्ष 2024 का है। आरोपी उमेश गोप की शादी वर्ष 2014 में महुदा थाना क्षेत्र की रहने वाली रिंकी देवी से हुई थी। एक पुत्री के जन्म के बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया था। आरोप है कि उमेश अक्सर अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था और उसे घर से निकाल देता था। घटना से कुछ दिन पहले भी मारपीट कर रिंकी देवी को घर से निकाल दिया गया था। इसके बाद 22 फरवरी 2024 को उमेश अपने ससुराल पहुंचा और पत्नी को ठीक से रखने का वादा करते हुए माफी मांगी। उसी दिन शाम करीब पांच बजे वह रिंकी देवी को विदा कराकर अपने घर ले आया। आरोप के अनुसार, उसी रात करीब दस बजे उमेश ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने आरोपी उमेश गोप को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।




### बाल अपराध के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सहयोगिनी संस्था द्वारा बगदा एवं खैराचातर पंचायत में युवाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह तथा बाल तस्करी समाप्ति ,स्किल डेवलपमेंट, नेतृत्व क्षमता, शिक्षा, कैरियर निर्माण, रोजगार एवं सरकारी योजनाओं से जुड़ाव को लेकर युवाओं को जानकारी दी गई। इस संबंध में सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने बताया कि युवाओं को तकनीकी एवं व्यावसायिक कौशल विकसित करने, उच्च शिक्षा जारी रखने तथा छात्रवृत्ति और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा मिले इस पर ध्यान देने की जरूरत है। इस दौरान महिला हिंसा, बाल विवाह, बाल तस्करी, लैंगिक भेदभाव एवं डिजिटल हिंसा की रोकथाम में युवाओं की भूमिका पर भी चर्चा की गई। प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि संस्था कसमार प्रखंड की 7 पंचायतों के 30 गांवों में किशोरियों एवं युवा महिलाओं के नेतृत्व क्षमता विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सरकारी योजनाओं से जोड़कर उनके सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए कार्य कर रही है। सहयोगिनी संस्था की एनिमेटर संगीता देवी ने बताया कि संस्था किशोरियों एवं युवा महिलाओं के साथ शिक्षा, जीवन कौशल, स्वास्थ्य, नेतृत्व विकास, सरकारी योजनाओं से जुड़ाव तथा बाल विवाह एवं महिला हिंसा की रोकथाम को लेकर लगातार जागरूकता एवं क्षमता-विकास का कार्य कर रही है।



# मनरेगा के प्रभावी क्रियान्वयन में बोकारो का राज्य में द्वितीय स्थान, अब प्रथम स्थान का लक्ष्य : उपायुक्त

**ग्रामीण रोजगार, आजीविका एवं विकसित भारत के निर्माण को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण आयोजित**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला परिषद सभाकक्ष में बुधवार को ग्रामीण रोजगार आजीविका एवं विकसित भारत के निर्माण की दिशा में प्रभावी क्रियान्वयन विषय पर जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रखंड विकास पदाधिकारी, मनरेगा पदाधिकारी एवं कर्मी तथा जिला स्तरीय टीम के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यशाला में नई व्यवस्था के प्रावधानों, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं आजीविका के अवसर बढ़ाने को लेकर जानकारी दी गई। कार्यशाला में बताया गया कि पिछले वर्ष मनरेगा के विभिन्न संकेतकों के आधार पर राज्य स्तर पर जारी समेकित रैंकिंग में बोकारो जिले को राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। जिले ने पिछले वर्ष की तुलना में अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। अब राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ कार्य करने पर जोर दिया।

**जल संरक्षण एवं आजीविका को दें सर्वोच्च प्राथमिकता : उपायुक्त**

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन केवल लक्ष्य पूरा करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसका लाभ ग्रामीणों के जीवन में दिखाई देना चाहिए। प्रशासनिक टीम जिस तत्परता और टीम भावना के साथ चुनौतियों का समाधान करती है, उसी भावना के साथ नई व्यवस्था को भी धरातल पर उतारना है। उन्होंने नई व्यवस्था के तहत जल संरक्षण - आजीविका संवर्धन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गांव का पानी गांव में रहे, खेत का पानी खेत में रहे और स्कूल का पानी स्कूल में रहे - इस सोच के साथ प्रत्येक बूंद पानी का संरक्षण एवं सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान विद्यालय, आंगनबाड़ी, जल स्रोत, सड़क एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं की जरूरतों को चिन्हित कर संबंधित योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही नई व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों के बीच किसी प्रकार का भ्रम नहीं रहने देने तथा उनकी शंकाओं का समाधान करने को कहा।

**डीडीसी ने टीम को बेहतर प्रदर्शन के लिए किया प्रोत्साहित**

मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त करना पूरी टीम के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने प्रखंड एवं जिला स्तर की पूरी मनरेगा टीम को बधाई देते हुए कहा कि अब राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ कार्य करना है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मियों से नई व्यवस्था के प्रावधानों एवं प्रक्रियाओं को अच्छी तरह समझकर योजनाओं का प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने जल संरक्षण, आजीविका संवर्धन एवं ग्रामीण आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

**विकसित भारतजी-राम-जी के तहत नई व्यवस्था के प्रावधानों की दी गई जानकारी**

कार्यशाला में मनरेगा से विकसित भारतजी-राम-जी में लागू नई व्यवस्था एवं प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी गई। बताया गया कि नई व्यवस्था के तहत ग्रामीण श्रमिकों के लिए पूर्व के 100 दिनों की तुलना में 125 दिनों के रोजगार का प्रावधान किया गया है। बताया गया कि नई व्यवस्था के तहत 318 प्रकार के कार्यों/योजनाओं को शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य रोजगार सृजन के साथ-साथ गांवों में टिकाऊ एवं उपयोगी परिसंपत्तियों का निर्माण करना है।

**बेहतर कार्य करने वाले बीडीओ एवं मनरेगा कर्मी सम्मानित**

मौके पर बेहतर कार्य एवं प्रदर्शन करने वाले प्रखंड विकास पदाधिकारियों, मनरेगा पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्हें बेहतर कार्य निष्पादन एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, डीआरडीए निदेशक पूर्णिमा कुमारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो सफीक आलम, वरीय लेखा पदाधिकारी पंकज दुबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, परियोजना पदाधिकारी रुपेश कुमार तिवारी आदि संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी आदि उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का अंतिम पूर्वाभ्यास संपन्न



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 80 वें स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अंतिम पूर्वाभ्यास बुधवार को शिबू सोरेन स्मृति भवन (टाउन हॉल) में संपन्न हुआ। अंतिम पूर्वाभ्यास के दौरान विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अभ्यास किया। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम को आकर्षक एवं व्यवस्थित बनाने के लिए प्रस्तुतियों के क्रम, मंच व्यवस्था, समय-प्रबंधन तथा प्रतिभागियों के आपसी समन्वय की समीक्षा की गई। आवश्यक सुधार एवं बेहतर समन्वय को लेकर संबंधित पदाधिकारियों एवं शिक्षकों को निर्देश दिए गए।

**प्रशिक्षु आईएएस ने प्रतिभागियों का बढ़ाया उत्साह**

मौके पर प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पूर्वाभ्यास का अवलोकन किया तथा प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस समारोह की गरिमा के अनुरूप प्रस्तुतियों को प्रभावी एवं अनुशासित तरीके से प्रस्तुत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पूर्वाभ्यास के माध्यम से कार्यक्रम की कमियों को चिन्हित कर उनमें आवश्यक सुधार किया जा रहा है, ताकि मुख्य समारोह में सभी प्रस्तुतियां बेहतर समन्वय के साथ संपन्न हों। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन सहित अन्य पदाधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## पंचायत स्तर पर हुआ बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का गठन

**कसमार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बच्चों के सर्वांगीण विकास, उनके अधिकारों की रक्षा और बाल शोषण तथा बाल श्रम पर प्रभावी रोकथाम लगाने के उद्देश्य से पंचायत स्तर पर बुधवार को बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का गठन किया गया। इस दौरान प्रखंड के खैराचातर एवं पोंडा पंचायत मे आयोजित बैठक मे जनप्रतिनिधियों तथा समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खैराचातर मे मुखिया विजय कुमार जायसवाल एवं पोंडा पंचायत मे हारु रजवार को समिति का अध्यक्ष चुना गया। जबकि उन सात सदस्यों में आंगनबाड़ी की सेविका वार्ड वार्ड सदस्य एवं गांव के एक आमंत्रित सदस्य को चुना गया। इस दौरान बताया गया कि गठित समिति का मुख्य उद्देश्य गांव के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा के अधिकार से जोड़ना, बाल मजदूरी, बाल विवाह और शोषण जैसी सामाजिक बुराइयों को जड़ से समाप्त करना है।

# बीएसएल में सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के लिए 'एक नए सफर की शुरूआत' कार्यक्रम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग स्थित मुख्य प्रेक्षागृह में सेवा-निवृत्त हो रहे कर्मियों के लिए 'एक नए सफर की शुरूआत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. अगस्त माह में सेवानिवृत्त हो रहे 25 तथा सितंबर माह में सेवानिवृत्त हो रहे 36 कर्मियों सहित कुल 61 कर्मचारियों एवं अधिकारियों हेतु आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उन्हें सेवा-निवृत्ति के उपरांत स्वास्थ्य, वित्तीय नियोजन तथा अंतिम निपटारा प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक बनाना रहा. इस पहल के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ वक्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों को उपयोगी परामर्श दिए. कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन-सेवाएं) के स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने इस विशेष कार्यक्रम की उपयोगिता एवं विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी दी. तकनीकी व मार्गदर्शन सत्रों के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ विभाग के उप चिकित्सा अधिकारी द्वारा सेवानिवृत्ति के बाद बेहतर स्वास्थ्य और जीवनशैली से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए. इसके पश्चात नगर-सेवा विभाग के सहायक प्रबंधक ने नगर-सेवा व आवास संबंधी प्रक्रियाओं की जानकारी साझा की, जबकि वित्त एवं लेखा विभाग के प्रबंधक ने सेवानिवृत्ति के उपरांत मिलने वाले विभिन्न फंड्स व वित्तीय लाभों से अवगत कराया. वित्तीय जागरूकता एवं निवेश के विकल्पों पर प्रकाश डालते हुए बैंक ऑफ इंडिया (सेक्टर-4 शाखा) के प्रतिनिधि ने वरिष्ठ नागरिकों हेतु उपलब्ध योजनाओं तथा वित्तीय प्रबंधन की जानकारी दी. आदित्य बिड़ला लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की शाखा प्रबंधक प्रभारी द्वारा नेशनल पेंशन सिस्टम से निकासी की प्रक्रियाओं को स्पष्ट किया गया. वहीं मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ के प्रतिनिधियों ने अंतिम निपटारा से जुड़ी आवश्यक कागजी औपचारिकताओं एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की. समारोह का समापन प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ. संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) के नेतृत्व में किया गया। यह आयोजन बोकारो इस्पात संयंत्र की अपने समर्पित कर्मियों के सुदीर्घ योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करने तथा उनके भावी जीवन को सुखद, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है. सेवानिवृत्ति से पूर्व स्वास्थ्य, वित्तीय सुरक्षा एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं पर दिया गया यह मार्गदर्शन कर्मचारियों को जीवन के इस नए अध्याय में आत्मविश्वास और स्वावलंबन के साथ प्रवेश करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा.

# संकुल स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन, विभिन्न विद्यालयों के बच्चे हुए शामिल



**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार संकुल में एक दिवसीय संकुल स्तरीय प्रश्नमंच (क्विज) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों (पेटरवार, जैनमोड़, खैराचातर, कसमार, चाँपी ) से आए भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशि भूषण गुरु, कोषाध्यक्ष नागेश्वर कुमार, रजनी प्रकाश पाण्डेय (प्रधानाचार्य, खैराचातर ), कपिल कुमार चौबे (प्रधानाचार्य, कसमार ) एवं संकुल प्रमुख (रमेश कुमार उपाध्याय ) द्वारा दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात, प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसे विभिन्न वर्गों (शिशु, बाल, किशोर) में विभाजित किया गया था। प्रतियोगिता के दौरान वैदिक गणित, संस्कृति बोध परियोजना और विज्ञान प्रश्नमंच प्रतियोगिता अलग -अलग कक्ष में आयोजित किया गया ' विभिन्न विद्यालयों की टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। बच्चों ने त्वरित और सटीक उत्तर देकर अपनी विषयगत पकड़ और मानसिक सतर्कता का परिचय दिया, जिससे दर्शक दीर्घा में बैठे लोग और शिक्षक रोमांचित हो उठे। संकुल प्रमुख (रमेश कुमार उपाध्याय ) ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, ऐसे आयोजनों से बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास होता है।

# बैंकों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग को लेकर यूएफबीयू का प्रदर्शन




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के बैनर तले बुधवार को चास-बोकारो के बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने बैंकों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की मांग को लेकर केनरा बैंक, बोकारो स्टील सिटी शाखा, नया मोड़ के समक्ष विशाल प्रदर्शन किया। देशव्यापी आंदोलन के तहत आयोजित इस प्रदर्शन में विभिन्न बैंक यूनियनों के सैकड़ों सदस्य शामिल हुए। महिला कर्मचारियों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) तथा भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा कई बार आश्वासन दिए जाने के बावजूद अभी तक पांच दिवसीय बैंकिंग कार्य सप्ताह लागू नहीं किया गया है। इससे बैंक कर्मचारियों में निराशा और असंतोष बढ़ रहा है। यूएफबीयू नेताओं ने बताया कि पांच दिवसीय कार्य व्यवस्था लागू होने से कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी तथा ग्राहकों को और बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकेंगी। इस मांग को लेकर पूर्व में कई प्रदर्शन, धरना तथा 27 जनवरी 2026 को एक दिवसीय सफल हड़ताल भी की जा चुकी है। हड़ताल के बाद भी आईबीए ने शीघ्र निर्णय का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सभा को संबोधित करते हुए यूएफबीयू के जिला संयोजक सिद्धेश नारायण दास ने केंद्र सरकार से अविलंब पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो यूएफबीयू आंदोलन को और तेज करेगा। प्रदर्शन में राजेश ओझा, कृष्ण मुरारी, सुधीर कुमार, अरुण कुमार, राकेश मिश्रा, राघव कुमार सिंह, अवधेश प्रसाद, राजीव कुमार सिंह, अतुल दुबे सहित बड़ी संख्या में बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों को उपायुक्त ने दिया नेतृत्व और एआई के संतुलित उपयोग का संदेश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल में बुधवार को आयोजित अलंकरण समारोह में उपायुक्त अजय नाथ झा ने नव चयनित स्टूडेंट काउंसिल, हाउस प्रीफेक्ट, हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन, ज्वाइंट सेक्रेटरी तथा हेड बॉय-हेड गर्ल को दायित्व सौंपते हुए नेतृत्व, टीम भावना और एआई के संतुलित उपयोग का संदेश दिया। उपायुक्त ने कहा कि लीडर का अर्थ सबसे आगे रहना नहीं, बल्कि सबसे पीछे खड़े व्यक्ति को आगे लाना है। प्रत्येक विद्यार्थी में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है और एक अच्छे नेता का दायित्व है कि वह अपनी टीम के सभी सदस्यों की क्षमता को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि सच्चा नेतृत्व दूसरों को उनकी अपनी क्षमता और महत्व का एहसास कराता है। टीम भावना पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी टीम की सफलता के लिए सदस्यों का अपने नेता पर विश्वास होना आवश्यक है। क्रिकेट टीम का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कप्तान के निर्णयों के पीछे पूरी टीम का मजबूती से खड़ा रहना सफलता की कुंजी है। एआई के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने विद्यार्थियों से तकनीक का सकारात्मक उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एआई उपयोगी साधन है, लेकिन बुनियादी ज्ञान, सोचने-समझने की क्षमता और सही प्रश्न पूछने की आदत को बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। समारोह में विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी, स्टाफ एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145865
7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com